mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

RNI : JHAHIN/2014/54374

बोकारो, बुधवार
24.4.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 82

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

हर तरफ एक ही गूंज फिर एक बार मोदी सरकार : पीएम मोदी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने विजय शंखनाद रैली में टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर तरफ एक ही गूंज फिर एक बार मोदी सरकार. जब-जब हम बंटे है, तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है स्थिर और ईमानदार सरकार विकास के लिए क्या सकती है, 10 वर्षों में सबने देखा है. 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले है। पीएम ने कहा कि आज बजरंगबली की जयंती है और मेरा सौभाग्य है. कि आज शूरवीरों की धरती पर आने का सौभाग्य मिला है. सभा का समय पहले दे दिया था लेकिन अभी तक भी लोगों का हुजूम उमड़ रहा है. लगता है कि यह हुजूम सभा समाप्त होने तक आता रहेगा. और ये जोश साबित करता है कि अबकी बार 400 पार। पीएम मोदी ने लोक देवताओं के जयकारे से अपना सम्बोधन शुरू

ईमानदार सरकार ही देश का कर सकती है विकास

करते हुए कहा कि 2014, 2019 में राजस्थान ने भाजपा को आशीर्वाद दिया। राजस्थान ने 25 सीटें देकर भाजपा की झोली भर दी। आपके वोट ने देश को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। ईमानदार सरकार देश का विकास कर सकती है। राजस्थान के लोगों को बांटने की कोशिश हो रही है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया को कांग्रेस के उनियारा विधायक हरीश मीणा तगड़ी चुनौती दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2014 में आपने मोदी को दिल्ली में सेवा का अवसर दिया तो देश ने वह फैसले लिए जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी लेकिन अगर कांग्रेस 2014 के बाद भी और आज भी अगर दिल्ली में होती तो क्या-क्या हुआ होता। कांग्रेस होती तो जम्मू-कश्मीर में आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चल रहे होते, कांग्रेस होती तो सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते और कांग्रेस सरकार कुछ न करती, हमारे सैनिकों के लिए वन रैंक-वन पेंशन लागू नहीं होता, देश के कोने-कोने में बम धमाके होते ही रहते। कांग्रेस होती तो अपने लिए भ्रष्टाचार के नए रास्ते तलाशती।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोंक में कहा, एकता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। जब-जब हम बंटे हैं तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। अब भी राजस्थान और यहां के लोगों को बांटने की पूरी कोशिश हो रही है, इससे राजस्थान को सावधान रहने की जरूरत है।

एक तरफा एनडीए के पक्ष में माहौलः चिराग

- अब जीत के मार्जिन पर लड़ाई
- चुनाव में एनडीए का विकास ही एनडीए का मुद्दा
- हनुमान जयंती पर सिद्ध पीठ नवज्योति मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे

पटना। लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है की इस चुनाव में एक तरफा एनडीए के पक्ष में माहौल है। अब हर सीट पर केवल जीत के मार्जिन को लेकर लड़ाई है। बड़े मार्जिन से एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत होगी। बिहार की जनता 40 की 40 सीटें प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य 400 पार में योगदान देने जा रहा हैं। चिराग पासवान हनुमान जयंती के अवसर पर सिद्ध पीठ नवज्योति मंदिर बोरिंग रोड पहुंचे थे। मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर सिद्ध पीठ नवज्योति मंदिर में हनुमान लला के दर्शन कर बाहर निकलकर बोले चुनाव में एकतरफा एनडीए के पक्ष में माहौल है। हर सीट पर अब जीत के मार्जिन को लेकर लड़ाई है। बड़े मार्जिन से एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत होगी। बिहार की जनता 40 की 40 सीटें प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य 400 पार में योगदान देने जा रहा हैं। उन्होंने महागठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा की महागठबंधन का जो वोटर है, उसमें उत्साह नहीं है। आज जो भी उत्साह है, वह प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर है। पहले चरण के प्रचार के लिए कांग्रेस का कोई बड़ा नेता नहीं आया और न ही वामदल का कोई बड़ा नेता नहीं आया। इन लोगों का आपस में कोई तालमेल नहीं है। महगठबंध के लोग जात पात में उलझाने की कोशिश करते हैं। महागठबंधन का कोई चेहरा अब तक सामने नहीं आया है, आखिर जनता किस चेहरे पर वोट करें। पासवान ने कहा कि हमेशा से विकास ही मुद्दा रहा है। इस बार भी विकास ही मुद्दा है। लेकिन इस बार भी चुनाव में एनडीए का विकास ही एनडीए का मुद्दा है।

वेंकैया नायडू, राम नाइक और मिथुन चक्रवर्ती पद्म पुरस्कार से हुए सम्मानित

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू,पूर्व राज्यपाल राम नाइक और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को पद्म विभूषण, आठ को पद्म भूषण और 56 अन्य को पद्मश्री सम्मान से सम्मानति किया है। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है, जिसकी घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है जबकि पुरस्कार बाद में प्रदान किये जाते हैं। इसके अलावा तमिलनाडु की भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) को भी पद्म विभूषण दिया गया।अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, परोपकारी और उद्योगपति सीताराम जिंदल, डॉ. यंग-वे लियू, गायिका उषा उत्थुप, प्रो. (डॉ.) तेजस मधुसूदन पटेल, अभिनेता राजदत्त, डॉ. चंद्रेश्वर प्रसाद ठाकुर और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक को पद्म भूषण दिया गया। इनके अलावा 56 हस्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

ख़ास ख़बर

दो हेलीकॉप्टर टकराए, क्रू के सभी 10 सदस्यों की मौत

कुआलालंपुर। नेवी के एक समारोह की तैयारी कर रहे मलेशियन दो हेलीकॉप्टर आसमान में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में क्रू के सभी 10 सदस्यों को मौत हो गई। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। मलयेशियाई नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए।

ताइवान में लगे एक के बाद एक 80 झटके, कोई हताहत नहीं

ताईपे। ताइवान के भूकंप प्रभावित पूर्वी काउंटी हुलिएन में सोमवार को आए भूकंप के झटकों के बाद मंगलवार सुबह कई भूकंप के झटके महसूत किए गए। इन भूकंप के झटकों से मामूली नुकसान होने की खबर है कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। काउंटी हुलिएन में सोमवार शाम 5 बजे से रात 12 बजे के दौरान 80 से ज्यादा बार झटके लगे। इनमें सबसे ज्यादा तीव्रता 6.3 और 6 दर्ज की गई। भारतीय समय के मुताबिक, यह भूकंप के झटके रात 12 बजे के आसपास थोड़ी-थोड़ी देर के अंतर से आए। वहीं टीएसएमसी ने कहा कि उसने परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं देखा। बड़े पैमाने पर ग्रामीण और कम आबादी वाले हुलिएन में 3 अप्रैल को 7.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें कम से कम 14 लोग मारे गए थे, और तब से अब तक एक हजार से अधिक झटके महसूस किए जा चुके हैं।

देश में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस पीएम मोदी की देन : मुख्यमंत्री योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देश के अंदर 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' मोदी जी के कारण आया है। इसका सर्वाधिक लाभ गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिला है। कांग्रेस, सपा व अन्य कई दलों का इंडी गठबंधन मोदी जी की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से बौखलाहट में है। इसी बौखलाहट के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी। मंगलवार सुबह गोरखपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था।

तमाम जद्दोजहद के बाद केजरीवाल की शुगर बढ़ने के बाद देना पड़ी इंसुलिन

राष्ट्रीय मुख्यधारा।नई दिल्ली

राजनीति का कोई मुद्दा नहीं होता है। किसी भी बहाने से सियासत शुरु हो जाती है। इसकी ताजी नजीर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की बढ़ती शुगर और इंसुलिन की मांग को लेकर हुई बयानबाजी है। अंतिम परिणाम ये हुआ कि सीएम केजरीवाल की शुगर बढ़ी और उन्हे तिहाड़ जेल में इंसुलिन देना पड़ी। इससे पहले हालात ये थे कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इंसुलिन और प्राइवेट डॉक्टर से प्रतिदिन सलाह की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। कोर्ट ने प्राइवेट डॉक्टर से दिखाने की मांग खारिज करते हुए एम्स को मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश दिया था। आम आदमी पार्टी भी केजरीवाल के लिए इंसुलिन की मांग को लेकर लगातार आक्रामक थी। पार्टी का आरोप था कि मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर साजिश रची जा रही है और शुगर लेवल हाई होने के बावजूद इंसुलिन नहीं दी जा रही है। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल एक बार फिर हाई हो गया है, जिसके बाद उन्हें पहली बार इंसुलिन दी गई है। केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार हाई हो रहा था और यह 320 तक चला गया। इसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। गिरफ्तारी के बाद पहली बार उन्हें इंसुलिन दी गई है। आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को मिले इंसुलिन को हनुमान का आशीर्वाद बताया। पार्टी के एक्स हैंडल पर लिखा गया, बजरंग बली की जय। आखिरकार भाजपा और उसके जेल प्रशासन को सद्बुद्धि आई और उन्होंने केजरीवाल को जेल में इंसुलिन दी। केजरीवाल का शुगर लेवल 320 तक पहुंच गया था। ये भगवान हनुमान के आशीर्वाद और दिल्लीवालों के संघर्ष से ही मुमकिन हो पाया है।

चेतावनीः मंगल से आ सकता है खतरनाक वायरस

राष्ट्रीय मुख्यधारा। वॉशिंगटन

आज वैज्ञानिक तरह-तरह की चीजों पर पता लगा रहे हैं और कई ऐसी चीजें भी इजात कर रहे हैं जिससे मानवजाति को फायदे के साथ-साथ नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। यह पृथ्वी पर पैदा किए हुए हथियार ही नहीं। ग्रह, क्षुद्रग्रह, या उलकापिंड के जरिए आए खतरनाक और जानलेवा सूक्ष्मजीव भी हो सकते हैं। यह आशंका मंगल ग्रह से आने वाले नमूनों से जाहिर होती है और कोई भी इस संभावना को सिरे से खारिज नही कर सकता है। अब नासा इस तरह के खतरों से निपटने के लिए अंतरिक्ष सुरक्षा में व्यापक बदलाव का मसौदा तैयार करने जा रहा है, इसके लिए अरबों डॉलर खर्च करने का तैयारी में है। एस्ट्रोबायोडिफेंस फोर्स लाल ग्रह से आने वाले नमूनों के जरिए

- खतरों से निपटेगा नासा, अरबों रुपए करेगा खर्च

संभावित खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम होंगा। नासा अंतरिक्ष सुरक्षा में व्यापक बदलाव का मसौदा तैयार करने जा रहा है, जिसमें अरबों डॉलर का खर्च आएगा। एक एस्ट्रोबायोडिफेंस बल जरूरी हो सकता है क्योंकि नासा मंगल ग्रह के टुकड़ों को हमारे ग्रह पर लाना शुरू कर रहा है। लाल ग्रह की सतह से लिए गए नमूनों को कुछ विवादों का सामना करना पड़ा है क्योंकि सार्वजनिक निकायों ने चेतावनी दी है कि उन वस्तुओं से जुड़े पारिस्थितिक रूप से भूखे रोगाणु हमारे ग्रह पर फैल सकते हैं। किसी भी संभावित जैविक परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जैवरक्षा पर द्विदलीय आयोग पहले ही स्थापित किया जा चुका है। डेमोक्रेटिक कांग्रेस महिला डोना शालाला और पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी और रिपब्लिकन कांग्रेस महिला सुसान ब्रूक्स इन नमूनों को वापस लाने के चलते आने वाले खतरों के लिए चेता रही हैं। उन्होंने एक संयुक्त बयान जारी कर दुनिया को चेताया है कि अंतरिक्ष अन्वेषण हमारे समय की कुछ बड़ी चुनौतियां और अवसर प्रदान करता है, लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हम खुद को नए और पहले से अप्रत्याशित खतरों से भी परिचित कराते हैं। नमूने लौटाने के लिए नासा के अरबों डॉलर के बजट के हिस्से के रूप में, अंतरिक्ष संगठन के पास 11 अरब डॉलर से भी कम है। बजट का एक हिस्सा संभवतः एस्ट्रोबायोडिफेंस समूह के लिए आरक्षित किया जाएगा क्योंकि शलाला और ब्रूक्स का दावा है कि नासा को अपना पैसा एक समूह में निवेश करना चाहिए ताकि यह तय किया जा सके कि खोज के लिए हमारी सुरक्षा और अस्तित्व को खतरे में नहीं डालती है।

जहर से नहीं हुई मुख्तार अंसारी की मौत

बांदा। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 (गुरुवार) को देर रात मौत हो गई थी। इसको लेकर आरोप लग रहे थे कि मुख्तार अंसारी को जहर दिया गया है। अब विसरा की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें जहर से मरने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल विसरा रिपोर्ट को न्यायिक टीम को सौंप दी गई है। इससे पहले बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर उनके भाई, बेटे और परिजनों ने मुख्तार को जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। जिसके लिए प्रशासनिक व न्यायिक जांच बैठी थी। जानकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भी जहर देने के शक में विसरा लखनऊ जांच के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद इसे न्यायिक जांच टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट में जहर देने की पुष्टि नहीं की गई है।बता दें कि बांदा जेल की बैरक में मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आए थे जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी।

बदलते विश्व में भारत-आसियान के बीच अधिक सहयोग और समन्वय की आवश्यकताः विदेश मंत्री

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि दुनिया धीरे-धीरे एक बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व की ओर बढ़ रही है। ऐसे में उभरती विश्व व्यवस्था में आसियान और भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। यह इस बात को भी रेखांकित करती है कि भारत और आसियान के बीच अधिक सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने प्रथम आसियान फ्यूचर फोरम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने वियतनाम के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्वाड नेता आसियान केंद्रीयता और एकता को अटूट समर्थन देते हैं। हमारा मानना है कि क्वाड इन्फ्रास्ट्रक्चर और एसटीईएम छात्रवृत्ति जैसे जनकेंद्रित लाभों के वितरण से क्षेत्र को समृद्ध मिलेगी। हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि ग्लोबल साउथ अपना दृष्टिकोण पेश करे और अंतरराष्ट्रीय मामलों में बड़ी भूमिका निभाए। पिछले साल जी20 अध्यक्ष के रूप में हमने कई आसियान सदस्य देशों की भागीदारी के साथ वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि आसियान हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी के केंद्र में है और भारत की व्यापक इंडो-पैसिफिक दृष्टि में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

अब चार साल ग्रैजुएशन करने वाले छात्र भी कर सकेंगे पीएचडी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में असिस्टेंट प्रफेसर और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए यूजीसी-नेट परीक्षा के लिए जून 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार ने कहा कि चार साल की बैचलर डिग्री कर रहे जो छात्र अभी 8वें सेमेस्टर में हैं वे अब सीधे पीएचडी कर सकेंगे। इसके लिए कुल 75प्रतिशत अंक या इसके बराबर ग्रेड होना जरूरी है। 16 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा है। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार जिस विषय में पीएचडी करना चाहें, उसके लिए पेपर दे सकते हैं, चाहे उन्होंने किसी भी सब्जेक्ट में चार साल की ग्रैजुएशन डिग्री की हो। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों को 5प्रतिशत अंकों या इसके बराबर ग्रेड की छूट दी जा सकती है। 2024-25 से यूनिवर्सिटीज स्कोर के आधार पर पीएचडी में एडमिशन दे सकेंगे। यूजीसी ने तीन कैटिगरी बनाई हैं। पहली कैटिगरी में वे छात्र होंगे जो पीएचडी में एडमिशन, जेआरएफ और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।

प्रधानमंत्री ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत के प्रदर्शन को सराहा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के मुकाबले भारत के अग्रणी प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। इससे पहले क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने भी भारत की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। हमारी सरकार बड़े पैमाने पर अनुसंधान, शिक्षण और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आने वाले समय में यह जोर और भी गहरा होगा, जिससे हमारी युवा शक्ति को लाभ होगा। एक लिंक्डइन पोस्ट में क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली से संबंधित विषय के आधार पर नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के कुछ परिणाम साझा किए। पोस्ट में लिखा है कि इस साल भारतीय विश्वविद्यालयों ने सभी जी-20 देशों के बीच सबसे अधिक प्रदर्शन में सुधार दिखाया, उनकी औसत रैंकिंग में 14 प्रतिशत (साल-दर-साल) का महत्वपूर्ण सुधार हुआ। क्वाक्वेरेली ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की प्रगति को निस्संदेह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी दूरदर्शी नीतियों से मदद मिली है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई

रांची। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

संक्षिप्त समाचार

निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है। पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित बुजुर्ग को तीन साल की सजा

रांची। पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित अमूल कांति लाल (65) को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने आरोपित को आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो की सेक्शन आठ के तहत दोषी पाकर तीन -तीन साल की सजा सुनाई है ।दोनों धारा की सजा साथ- साथ चलेगी। मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाह की दर्ज कराई गई थी। आरोपित कांति लाल साहू पेशे से शिक्षक है। 22 अप्रैल 2018 को नाबालिग को उसके गांव से पढ़ाने के नाम पर रांची लाया था और उसके साथ छेड़छाड़ किया करता था। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ।

जमीन घोटाला मामले में झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपितों की रिमांड अवधि छह दिन बढ़ी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में मंगलवार को रिमांड पूरी होने के बाद झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय की रिमांड अवधि खत्म होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया गया। ईडी ने पूछताछ के लिए फिर से सात दिनों की रिमांड मांगी। इस पर कोर्ट ने छह दिनों (29 अप्रैल) तक के लिए रिमांड अवधि बढ़ा दी। इससे पूर्व ईडी ने गत 16 अप्रैल को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद के ठिकानों पर छापेमारी की थी। साथ ही लंबी पूछताछ के बाद देर शाम चारों को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने फर्जी डीड बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसने कई अहम जानकारी दी थी। इसी आधार पर ईडी ने इन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। अब तक की पूछताछ में ईडी को इनसे कई अहम जानकारियां मिली हैं।

कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पूर्व मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। पिछली सुनवाई में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई थी। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की।

सड़क दुर्घटना पर झालसा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

रांची। राजधानी के मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के समीप सोमवार रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा ने मंगलवार को रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों टक्कर मार दी थी। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी मधु रानी की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स सहित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मधु रानी, सरिता देवी, संतोष मित्रा सहित अन्य हैं।

आजसू ने शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर उठाए सवाल

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने मंगलवार को शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान एकाएक प्राथमिक विद्यालय कक्षा एक से पांच के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 27 अप्रैल को कराने का निर्णय हुआ है। अली ने इसपर सवाल उठाते हुए कहा कि खास दल को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष व आयुक्त झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना संपूर्ण तैयारी के राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र बनाकर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। चूंकि देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और झारखंड के कई लोकसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें सारा प्रशासनिक अमला चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने में लगा है, जिसके कारण नियुक्ति परीक्षा प्रभावित होने की संभावना है। अली ने कहा कि दूसरी ओर जेटेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों का भी चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है, जो 26 अप्रैल को भी है। ऐसे में बहुत सारे पारा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे, जो अवसर छीनने जैसा होगा। इस निर्णय से अभ्यर्थियों में निराशा और गुस्सा दोनों है।

तापी फूड कंपनी ने रांची में लॉन्च किया 'इमली जेली बॉल'

रांची : मंगलवार को तापी फ्रूट प्रोसेसिंग कंपनी ने अपने प्रोडक्ट 'इमली जेली बॉल' इत्यादि को रांची मार्केट में लॉच किया। इसकी जानकारी रांची के सुपर वितरक रवि कुमार वर्मा ने दी। वहीं, इस लॉन्चिंग में झारखंड सेल्स प्रमुख अमित श्रीवास्तव ने बताया कि मेसर्स कान्हा ट्रेडिंग रांची के सुपर स्टॉकिस्ट होंगे।

पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग

झारखंड के पहले चरण के चुनाव में युवा मतदाता होंगे निर्णायक भूमिका में

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राज्य में 13 मई को पहले चरण में चार लोकसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इन सीटों पर युवा वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। चुनाव आयोग भी उनपर ज्यादा फोकस कर रहा है। पहले चरण में होने वाले चार सीटों पर मतदान में पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिखेंगे। इन चारों सीटों पर पहली बार मतदान करने वालों में महिला मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक होगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को होने वाले मतदान के दौरान 18 से 19 उम्र के वैसे मतदाता जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनमें 1,08,648 पुरुष एवं 1,37,507 महिला मतदाता हैं, जबकि चार ट्रांसजेंडर मतदाता इस चुनाव में भागीदारी निभाएंगे। चुनाव आयोग 18 से 29 वर्ष के मतदाताओं को युवा मतदाता मानती है इसके तहत यदि आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इन चार संसदीय क्षेत्र में इस उम्र आयु वर्ग में 19 लाख और 38 हजार 241 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार प्रत्येक मतदाता का वोट एक समान है मगर चुनाव के दरमियान यह देखा जाता है कि युवा वोटिंग के प्रति काफी उत्सुक रहते हैं वह न केवल खुद बल्कि परिवार के बुजुर्ग मतदाता को भी मतदान केंद्र पर लाने में सहायक होते हैं। ऐसे में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार इन चारों संसदीय क्षेत्र में 18 से 29 आयु वर्ग में सबसे अधिक 7 लाख 11 हजार 270 मतदाता पलामू क्षेत्र में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र है, जहां चार लाख 30 हजार 823 युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नजर आएंगे। इन चारों संसदीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरने के बाद स्क्रूटनी एवं नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13 मई को इन चारों संसदीय क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

पांच लाख के ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर के चार तस्करों को पुंदाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में मो मतिउल रहमान, फैजल अंसारी उर्फ बावला , दानिश खान, मो रिजवान शामिल है। इनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर (27.71 ग्राम), 4800 नगद रुपये, चार मोबाइल, एक सवारी ऑटो और एक बाइक बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने पुंदाग ओपी के जाफर टोली स्थित पुराना सामुदायिक भवन के समीप से चार लोगों को संदेह के आधार पर जांच किया गया। जांच के क्रम में उनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों के अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ जुडे होने की बात प्रकाश में आयी है। चारों का कनेक्शन बंगाल से है। इन चारों का मेन डीलर बंगाल का है। बरामद ब्राउन शुगर का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये है।

रांची में सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा। इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

रांची में हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राजधानी की जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक 12 बोर की एक नाली बंदूक, पांच गोली, एक पेचकस, लखनऊ जिले से निर्गत हथियार का फर्जी लाइसेंस, आधार कार्ड, मोबाइल और बैग बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति बैग में हथियार और गोली लेकर ब्रिकी के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजराल कुमार सिंह और गुड्डू चौधरी शामिल हैं। एसएसपी ने बताया कि टीम में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी एचबी प्रसाद, राजीव कुमार रंजन, राजेंद्र कुमार राणा, अशोक भगत सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

हर हाल में रोका जाएगा राज्य में नशे का कारोबार : डीजीपी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी मौजूद थे। बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों से पिछले पांच सालों के एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जब्त सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान डीजीपी ने हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली । साथ ही अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती होती है। उसको चिन्हित कर खेती करने वाले और जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा डीजीपी ने ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के विवरणी को सत्यापित करते हुए पीआईटी एनडीपीएस के प्रस्तावों की स्थिति सहित विशेष शाखा के जरिये उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर जिलों की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में बेलरों के सत्यापन और उनका विवरण सहित ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के जरिये अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और उसके व्यवसाय पर नियत्रंण के लिए बनाये गये रोड मैप की जानकारी दी। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार को रोकने के लिए मादक पदार्थ से संबंधित सूचनाओं का आदान प्रदान करने और सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीजी अभियान डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, आईजी अखिलेश झा, असीम विक्रांत मिंज, पंकज कम्बोज, डीआईजी कार्तिक एस, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

भाजपा चुनाव में हार मान चुकी है : गौतम सागर राणा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि भाजपा चुनाव में हार मान चुकी इसलिए अनर्गल बयानबाजी पर उतर आई है। देश की जनता इन्हें परास्त कर सत्ता से हटाने का काम करेगी। राणा मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के बराबर कुछ लोगों के पास बेहिसाब धन हो गया है। राजद बाबा साहब अम्बेडकर के विचारधारा को तोड़ने वाले भाजपा की नफरती मानसिकता को सफल होने नहीं देगी। इस दौरान लोकसभा चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। साथ ही कहा की जिला स्तर पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित की जायेगी। इस दौरान महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार,उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली,महासचिव मनोज पांडे,युवा अध्यक्ष रंजन कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी,श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधीर गोप,सचिव चंद्रशेखर भगत, शालिग्राम पांडेय,शाहबाज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

झारखंड हाई कोर्ट ने पूछा, जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट इन दोनों से जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट छह माह के भीतर विधानसभा के पटल पर नहीं रखी जा सकी थी, जिस कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

रांची में छह करोड़ का डोडा लोड ट्रक जब्त, राजस्थान का आरोपित गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा लदा ट्रक आ रहा है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में नामकुम थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, ओपी प्रभारी खरसीदाग और क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुवांगहातु स्कूल के पास वाहन चेकिंग लगाकर ट्रक (एचआर 62-7267) को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर डोडा से भरे हुए 158 प्लास्टिक बोरे मिले। वाहन चालक सह मालिक हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। चालक हरपाल सिंह ने पूछताछ में बताया कि डोडा को खूंटी के ग्रामीण क्षेत्रों से लोड कर रांची होते हुए जोधपुर (राजस्थान) ले जाया जा रहा था। मामले में अनुसंधान जारी है। पूछताछ के क्रम में पता चला कि गिरफ्तार हरपाल सिंह राजस्थान अफीम तस्करों के सम्पर्क में रहकर अवैध व्यापार करता है।

संक्षिप्त समाचार

लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों संग डीसी ने की बैठक

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती की स्थिति, जिला में निर्वाचन को लेकर विधि व्यवस्था की स्थिति का प्रतिवेदन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम के द्वारा की जा रही नियमित जांच व कार्रवाई की स्थिति, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी व कार्रवाई की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, प्रशिक्षु आईपीएस, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

लोहरदगा में हाथियों ने किसान को कुचल कर मार डाला

लोहरदगा। जिले के कुडू के चंदलासो गांव निवासी किसान महाबीर उरांव को हाथियों के झुंड ने कुचल कर मार डाला। महाबीर उरांव सोमवार रात नौ बजे घर से दो किलोमीटर दूर चंदलासो डैम के समीप फसल की सिंचाई करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान हाथियों ने उसकी जान ले ली। घटना के बाद रात में कुडू वन विभाग की टीम चंदलासो पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के झुंड को कुडू थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर चान्हो थाना की सीमा में खदेड़ दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार कुडू मंगलवार सुबह पहुंचे तथा मृतक की पत्नी को मुआवजा राशि में 25 हजार रुपये का भुगतान तत्काल सहायता के रूप में किया। पुलिस को घटना की सूचना मंगलवार सुबह दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से भरा नामांकन पत्र

खूंटी । भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने कर्रा के सोनमेर मंदिर और अंगराबारी में मत्था टेका। इस मौके पर पूर्व सांसद व वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित थे।

सिंहभूम लोकसभा सीट से जोबा मांझी ने भरा पर्चा

पश्चिमी सिंहभूम। इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने मंगलवार को डीसी ऑफिस पहुंचकर सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री दीपक बिरूवा, झामुमो के जिला महासचिव सोनाराम देवगम मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जेएमएम प्रत्याशी जोबा मांझी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा की गीता कोड़ा से होगा।

लोहरदगा में अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

लोहरदगा। अवैध बालू उठाव एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को सेन्हा बरवाटोली से जब्त किया गया। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर के निर्देश पर एसआई मनोज कुमार ने तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर सेन्हा थाने लाया। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। खनन अधिनियम और परिवहन अधिनियम के तहत मालिक व चालक के विरुद्ध कार्रवाई होगी। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि लगातार कार्रवाई के बावजूद बालू का उठाव थम नहीं रहा है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

5 दिन से लापता भाजपा नेता गमलियल हेंब्रम यूपी के सुल्तानपुर जिले में सुरक्षित हुए बरामद

साहिबगंज। बरहेट पांच दिनों से लापता भाजपा नेता गमलियल हेम्ब्रम व उसके साथी आश मोहम्मद उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र में सुरक्षित है। इसकी पुष्टि एसपी कुमार गौरव कुमार की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी है। बताते चलें कि दोनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट 21 अप्रैल को गमलियल हेंब्रम की पत्नी बिनीता टुडू ने बरहेट थाना में दर्ज करायी गई थी। गमलियल हेंब्रम की पत्नी सह खेरवा पंचायत के मुखिया विनीता टुडू ने थाना में आवेदन देकर कहा था कि बीते 15 अप्रैल की सुबह छह बजे चार पहिया वाहन से पति गमलियल हेम्ब्रम दुमका जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इनके साथ खैरवा गांव के ही उनके साथी आशमोहमम्द जहांगीर मोमिन भी हैं। अब तक उनका भी कोई खबर नहीं है। उनका व साथी का मोबाइल भी स्वीच ऑफ आ रहा है। वहीं साहेबगंज एसपी कुमार गौरव ने बताया कि साहिबगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। जांच में पता चला कि दोनों को सुल्तानपुर में सुरक्षित रखा गया है। इसबीच एक पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गमलियल हेम्ब्रम के मोबाइल का लोकेशन ट्रेस कर यूपी पुलिस को दिया गया था।इसके इनपुट पर यूपी पुलिस ने सुल्तानपुर के धनपतगंज से दोनों को बरामद किया है। साथ ही बताया इस मामले में आगे की जांच चल रही है।जल्द ही पूरी मामले का खुलासा हो जाएगा।

गेट तोड़ कर फरार हुए वाहन को आरपीएफ ने किया जब्त,प्राथमिकी दर्ज

बरहरवा। बीते दिनों मालदा रेल मंडल के बरहरवा स्टेशन अंतर्गत रेलवे फाटक गेट संख्या 44 को 20 अप्रैल शाम लगभग 5 बजे को भारी वाहन पंजीकरण संख्या JH04W 0045 द्वारा तोड़कर फरार हो गया था,जिसकी सूचना बरहरवा आरपीएफ को मिली सूचना मिलते ही बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए छानबीन और वाहन की खोजबीन में जुट गई,तत्पश्चात सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर क्षतिग्रस्त कर फरार हुए वाहन को आरपीएफ इंस्पेक्टर व सुरक्षाबलों द्वारा सफलता पूर्वक जब्त कर स्टेशन परिसर में व्यवस्थित कर कार्यवाही की प्रकिया की जा रही थी,उक्त मामले को लेकर दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 117/24 अंडर सेक्शन154/159 रेलवे एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही हैं।

घोर कलयुग में भी अमोघ और अमृतमय है हनुमान की साधना : स्वामिनी संयुक्तानंद

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर... से गूंजा चिन्मय मिशन का इलाका

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

11 बार हनुमान चालीसा का पाठ कर विश्व शांति की कामना

नगर के सेक्टर-5 स्थित चिन्मय मिशन आश्रम में मंगलवार को श्रीराम भक्त शिरोमणि हनुमानजी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने सुरमय संगीत के साथ समवत स्वर में 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया, साथ ही श्री हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण भी किया। उनसे विश्व के कल्याण की प्रार्थना की गई। अपने संबोधन में स्वामिनी संयुक्तानंदा जी ने हनुमान जी के विभिन्न रूपों तथा गुणों का वर्णन किया। उन्होंने हनुमान चालीसा पाठ के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की आराधना। वे प्रभु श्रीराम के दुलारे, प्रिय एवं परमभक्त है। अष्ट सिद्धि और नवनिधि के दाता हैं। श्रद्धापूर्वक नित्य हनुमानजी की आराधना से, हनुमान चालीसा पाठ करने से बल, बुद्धि, विनम्रता एवं दिव्य शक्ति की प्राप्ति होती है। इसलिए, इस घोर कल्किकाल में भी हनुमान चालीसा पाठ, उनकी पूजा-अर्चना, साधना अमोघ है, अमृत के समान है। हनुमानजी सभी कष्टों को हरने वाले हैं। हनुमान चालीसा या हनुमान मंत्र का जाप करने से मानसिक शांति और सांत्वना मिल सकती है। वे आपके मन को स्थिर और प्रसन्न करते हैं। इसके पूर्व, प्रातःबेला में चिन्मय विद्यालय में भी हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव से पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि के बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि देबजानी मिश्रा एवं सीआर मिश्रा (सीजीएम, मेटेरियल, बोकारो स्टील प्लांट, सेल) चिन्मय मिशन अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, चिन्मय मिशन बोकारो के सचिव हरिहर राऊत, उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमा , रेनबो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विपुल सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ अशोक सिंह, चिन्मय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सदस्यों के साथ साथ चास बोकारो के सैकड़ों श्रद्धालु एवं मिशन के सदस्य उपस्थित थे। संगीत विभाग के शिवेन चक्रबर्ती, जय किशन राठौड़, पद्मावती घड़ई, रूपक झा, दिनेश कुमार, पंकज कुमार मिश्रा ने संगीत से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

देवघर पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर गिरोह के दो बदमाश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। देवघर

पुलिस ने चोरी की कारों से रेकी करके वाहन चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए मंगलवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की बोलेरो और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आठ अप्रैल को देवघर स्थित रांगा मोड स्थित एक घर के बाहर से बोलेरो रात को चोरी हुई थी। मामले को लेकर टाउन थाना में (कांड सं. 220/2024) दर्ज हुई थी। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चकेली निवासी रतन कुमार और तारापुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासी मो. शहनशाह शामिल हैं। एसडीपीओ के नेतृत्व में बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र से आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने अंतर्राज्यीय चार पहिया वाहन चोर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी। इनकी निशानदेही पर घटना में शामिल चार पहिया वाहन स्विफ्ट कार (पश्चिम बंगाल 06-9705) तथा चोरी की गयी बोलेरो (जेएच15डी-1422) को तारापुर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया।

कोडरमा में सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या

राष्ट्रीय मुख्यधारा। कोडरमा

जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेशकरी में सोमवार रात सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। घटना को लेकर मृतक की मां रबिया खातून ने जयनगर थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि 22 अप्रैल की रात उसका बेटा अंजार खान उर्फ कारा (40) घर के बाहर खटिया पर सोया हुआ था। मध्य रात्रि में कुछ अज्ञात लोगों ने उसके बेटे की धारदार हथियार से माथा, गला और पैर में वार कर हत्या कर दी। मंगलवार सुबह पांच बजे उसने देखा कि उसका बेटा खटिया के नीचे खून से लथपथ हालत में मृत पड़ा है। उसके रोने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। फिर घटनास्थल पर पुलिस भी आ गई। घटना को लेकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व मुखिया शहजाद आलम, इरफान खान, एकराम खान सहित अन्य लोग भी पहुंचे और अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

बूथों पर वोटरों की सुविधाओं का रखें पूरा ख्याल : डीडीसी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का लिया जायजा

लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो वीएन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, महादेव महतो, अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निर्देशों के अनुरूप चहारदीवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशा–निर्देश दिया। डीडीसी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र माने जानेवाले सीएपीएफ ठहराव स्थल हरिजन आदिवासी विकास उ.वि. तिसकोपी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 09/10 म.वि. चतरोचट्टी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 33/34 उ.म.वि कुर्कनालो गोमिया,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलबुल, सीएपीएफ ठहराव स्थल आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल, झुमड़ा, रहावन, पचमो के विभिन्न मतदान केंद्रों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र परिसर की साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप निर्माणाधीन अतिरिक्त शौचालय निर्माण, चहारदीवारी निर्माण आदि को देखा। संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के सुविधाओं का हरसंभव ख्याल रखा जाय।

जोखिमों से बचने के लिए नियमित कराएं अपनी सेहत-जांच : दास

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

बोकारो रोटरी ने यूनियन बैंक में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से मंगलवार को मुस्कान अस्पताल एवं यूनियन बैंक, मुख्य शाखा, सेक्टर 4 के सहयोग एवं सौजन्य से यूनियन बैंक परिसर में एक स्वास्थ्य-जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एक चम्मच कम, एक कदम आगे, अपना नंबर जानें नामक कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 78 लोगों के वजन, ऊंचाई, बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित भी किया गया। सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष घनश्याम दास ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम नियमित जांच और स्वच्छ आचरण द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से पहले ही सतर्क हो सकते हैं। शिविर के अंत में यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक सतीश कुमार लाल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए रोटरी क्लब के सभी सदस्यों का शिविर के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुस्कान अस्पताल के निदेशक डॉ. एससी मुंशी के साथ उनकी पूरी टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टीम में शामिल मुस्कान अस्पताल के डॉक्टर विनोद कुमार, अनुरंजन कुमार, संतोष कुमार और पूजा भंडारी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ साथ बैंक के कनिष्ठ कर्मचारियों ने भी इस शिविर के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई। रोटरी क्लब से क्लब सचिव रोटेरियन महेश गुप्ता, डा. अनिल त्रेहान, घनश्याम दास, प्रदीप नारायण, अशोक तनेजा, अशोक जैन, संजय जैन, अशोक केडिया, खोनेन लिउ, अलका गुप्ता, ललिता अग्रवाल, सुनीता जैन आदि सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कुंवर सिंह जयंती पर मरीजों में फल वितरित

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो थर्मल

वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल के इनडोर में भर्ती मरीजों के बीच फलों एवं मिठाई का वितरण डीजीएम हेल्थ डॉ एसके झा सहित संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया। इसके पूर्व, बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति के द्वारा कुंवर सिंह की 167वीं जयंती मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के जीएम विद्युत एस भद्रा एवं विशिष्ट अतिथि डीजीएम बीजी होलकर ने कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए जीएम ने स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवरजी के अनुकरणीय अवदानों पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज को संगठित करने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह को बृजकिशोर सिंह, केपी सिंह आदि ने भी संबोधित किया। संचालन सर्व देव सिंह तथा अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के अध्यक्ष केपी सिंह ने किया। समारोह में चित्रांकन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रामगढ़ में बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का आरोपित गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रामगढ़

जिले के पतरातू प्रखंड में बैंक ऑफ इंडिया में चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी डॉ. बिमल कुमार ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित वीरेंद्र साव पतरातू बाजार का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि 14 अप्रैल को बैंक की खिड़की तोड़कर चोरी की गई थी। इस मामले में बैंक प्रबंधक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई थी। पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम बनाकर बैंक ऑफ इंडिया की पतरातू शाखा का सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया। साथ ही संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उस व्यक्ति ने बैंक में हुई चोरी कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने जब वीरेंद्र साव से गहनता से पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किया गया लोहे का सबल भी बरामद किया गया।

बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर मजदूरों ने डीजीएम को चार घंटे तक घेरा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो थर्मल

बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सिविल अंतर्गत साउथ वेस्ट जोन के सभी सप्लाई मजदूरों ने मार्च माह के बकाए वेतन भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार को डीजीएम सिविल विश्व मोहन गोस्वामी और प्रबंधक राहुल उरांव का घेराव कर दिया। उन्हें उनके ही कार्यालय में सुबह नौ बजे से लगातार चार घंटे तक घेर डाला। आंदोलनकारी मजदूरों का नेतृत्व डीवीसी ठेका मजदूर संघ के महामंत्री भरत यादव कर रहे थे। मजदूरों में से मिथिलेश सिन्हा, अनिल सिंह, रमेश ठाकुर, लालू साव, लक्ष्मी लाल, शिबू घांसी, बासदेव राम, राजन राम, मंगरा घांसी, किशोरी राम, हरि चरण घटवार, शिकारी मांझी, मेझला मांझी, सानू मांझी, करमचंद मांझी, जिरवा देवी, नरेश घांसी, प्रदीप घांसी, मोहन मांझी, मानो देवी आदि का कहना था कि डीवीसी सिविल के डीजीएम द्वारा उनका मार्च माह का वेतन भुगतान नहीं किया है। इसके पूर्व, 8 अप्रैल को मजदूरों के द्वारा दो माह का भुगतान की मांग को लेकर जब डीजीएम सिविल का घेराव किया गया था, तो उन्होंने संघ के महामंत्री को आश्वासन दिया था कि एक दो दिनों के अंदर दोनों माह का भुगतान मजदूरों को कर दिया जाएगा, परंतु मजदूरों को सिर्फ फरवरी माह का ही भुगतान किया गया था। वेतन भुगतान के अभाव में मजदूरों को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। संघ के महामंत्री भरत यादव का कहना था कि डीजीएम सिविल ने आश्वासन के बाद भी मजदूरों के मार्च माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया। बाद में डीजीएम सिविल ने संघ के महामंत्री को आश्वस्त किया कि उन्होंने मजदूरों के वेतन भुगतान संबंधी कागजात परियोजना प्रधान के पास भेज दिया है। संघ के महामंत्री ने एचओपी आनंद मोहन प्रसाद से मामले को लेकर बात की तो उनका कहना था कि बुधवार तक सभी मजदूरों का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। मार्च माह का भुगतान बुधवार तक कर देने का आश्वासन के बाद घेराव आंदोलन को चार घंटे बाद समाप्त कर दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह एनडीए के पलामू प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में होंगे शामिल

24 अप्रैल को एनडीए के दो प्रत्याशी नामांकन करेंगे

पलामू। 24 अप्रैल को एनडीए के दो प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन भरेंगे। पलामू से एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां से बीडी राम के साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद सह महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे। लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में शामिल होंगे गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

सड़क दुर्घटना मे घायल रजवाड़ के मां ने कहा काश मेरा बेटा हैल्मैट पहने होता तो इतनी गंभीर चोट ना लगता

तालझारी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत महाराजपुर तालझारी मुख्य सड़क के करणपुरा के समीप मंगलवार को एक मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति कैरासोल गांव निवासी शिवलाल रजवार किसी काम से करणपुरा स्टेशन गया था। वापस अपने घर आने के दौरान करणपुरा के समीप मुख्य सड़क पर दुर्घटना हो गया,जिसमे चहरे और माथे पर गंभीर चोट लगा और अत्यधिक चोट लगने से माथा फट गया। दुर्घटना के बहुत देर बाद तक रजवार वहीं सड़क पर पड़ा रहा। दुर्घटना के घंटो बाद तालझारी थाना से मनोज मालवीय उधर से जा रहे थे ।और साहिबगंज की ओर से राजमहल थाना के एएसआई अरविंद कुमार एवं तशलिम राजा ने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त पड़े मोटरसाइकिल चालक को देखा और उन्हें टेम्पू के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी लाया गया।इधर घटना की सुचना अरविंद कुमार के द्वारा सड़क सुरक्षा योद्धा प्रजापति प्रकाश बाबा को दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर डॉ पिंकू चौधरी को घटना की जानकारी दी। डॉ पिंकू चौधरी और डॉ मिलीन्द राज के द्वारा घायल व्यक्ति का तुरंत प्राथमिक उपचार किया गया।घायल शिवलाल रजवार की मां व पत्नी ने कहा कि काश हमारा बेटा हेलमेट पहनकर निकलता,मेरा कहना मानता तो आज मेरे बेटे की ऐसी दशा नहीं होती। इधर रजवाड़ की मां और पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया गया। घटना लिखे जाने तक घायल व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। मौके पर एस आई सियाराम पंडित,विकाश मित्र प्रिंस कुमार मोदी मौजूद थे ।

खाना बनाने के दौरान लगी आग, नौ घर राख

उधवा। प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र में इन दिनों आगलगी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी पंचायत के घोष टोला में खाना बनाने के दौरान आग लगने से नौ घर जलकर राख हो गया। आगलगी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एक खाद का दुकान भी जल गई। कटहलबाड़ी पंचायत के घोष टोला गांव में मंगलवार के दोपहर अशोक मंडल के घर उनके परिवार के लोग अपने रसोई घर में दोपहर का खाना बना रही थी। उसी समय किसी काम से वह बाहर गई थी। अचानक चूल्हे के आग घर के दीवार में लग गई। देखते ही देखते आग भड़क उठी और टट्टी फूस टीन से बने घर के चारों ओर फैल गई। आग की कहर इतनी तेज थी कि उनके घर के पड़ोसी घीसू मंडल,विषु मंडल, दिलीप मंडल,स्वाधीन घोष,आनन्द घोष सहित नौ घर को भी अपने चपेट में ले लिया। जबकि छोटी लाल मंडल, सुबोध मंडल के घर आंशिक जलने की बात सामने आ रही है। आगलगी की खबर सुनते ही गांव में अफरातफरी मच गई। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने राधानगर थाना पुलिस को दिया। सूचना पाकर अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बंद घरों से चोरों ने किया मोटर साईकिल गायब, थाना में लिखाई रिपोर्ट

बरहेट। थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगादी रोड स्थित संत मैरी स्कूल के बगल एक घर पर सिमलढाब निवासी एहसान अंसारी ने अपना मोटर साईकिल जे एच 18 एन आई 6949 रख कर पत्नी का इलाज कराने बाहर गया था। 12 दिन के बाद जब वापस आया तो मोटर साईकिल गायब पाया। वहीं उक्त मामले को लेकर एहसान अंसारी ने बरहेट थाना को अपना बाइक चोरी होने का लिखित आवेदन दिया।इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है, जिसका थाना कांड संख्या 41/24 है ।प्रशासन इस मामले की छानबीन में जुट गई है।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भैया बहन आचार्य दीदी जी के द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ आरती का गायन किया

साहिबगंज। मंगलवार को विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भैया बहन आचार्य दीदी जी के द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ एवं हनुमान जी की आरती का गायन किया गया।साहिबगंज एवं देवघर विभाग सह प्रमुख रमेश कुमार ने बताया कि हनुमान जी के नाम का जाप करने से मन में मौजूद भय दूर हो जाता है और मनुष्य के मन को शक्ति मिलती है।इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरता का वरदान प्राप्त है,उसमें हनुमान जी भी हैं।हनुमान जी का अवतार भगवान राम की सहायता के लिए हुआ।हनुमान जी के पराक्रम की असंख्य गाथाएं प्रचलित हैं।हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम,समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव-2024 के परिपेक्ष्य मतदान केंद्र एवं की सेना गृह स्थल पर मूलभूत सुविधाएं के संबंध में की गई समीक्षा

साहिबगंज। मंगलबार को लोकसभा आम चुनाव- 2024 के परिपेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मतदान केंद्र एवं सेना गृह स्थल पर मूलभूत सुविधाएं को लेकर बैठक आयोजित की गई।उपायुक्त ने बताया जिला में सभी मतदान बूथो पर बिजली, पानी ,पंखा, मोबाइल चार्ज , शौचालय, सेड निर्माण, रैंप के लिए संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यरत हैं इसे ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया है।इस मौके पर जयदेव केसरी, डीआईजीपी, सीआरपीएफ ,रांची, सीआरपीएफ की कंपनी कमांडर- सह- नोडल पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार , पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसएसबी कंपनी कमांडर एवं अन्य उपस्थित थे।

निर्वाचन कार्य में वाहन अधिग्रहण के संबंध मे मालदा बस संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

साहिबगंज। मंगलबार को जिला परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी, साहेबगंज विष्णु देव कश्यप एवं एमवीआई विजय गोतम के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मालदा बस एसोसिएशन के साथ बैठक सम्पन्न हुई। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में लगने वाले वाहन अधिग्रहण जैसे बस एवं छोटे गाडियां जैसे बोलेरो, स्कॉर्पियो इत्यादि पर चर्चा हुई।इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, साहेबगंज विष्णु देव कश्यप,एमवीआई विजय गोतम,साहेबगंज, सार्जेंट साहेबगंज, एवं वाहन कोषांग के कर्मी मौजूद रहे।

मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लातेहार

लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुचारु रुप से होने से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के क्रम में (AMF) के तहत मूलभूत सुविधाओं को मतदान के दिन कलस्टर एवं बुथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, पेयजल, रैम्प सहित उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं निश्चित रूप से उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित कर लें। वैसे मतदान केंद्र जहां न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है उनकी सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संबंधित विभाग को भी उक्त मतदान केंद्र की सूची उपलब्ध करा दी जाए ताकि संबंधित विभाग अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई ससमय कर सके। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की क्रम वार तरीके से प्रखंडवार जानकारी ली गई। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुरुप पेयजल के लिए टैंकरों, पंखा, बिजली, लाईट आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। संबंधित पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को उक्त व्यवस्थाएं मतदान तिथि से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल,श्री शमशाद आलम, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, श्री कमलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, श्री दीपक कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री कविता खलखो, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

रामगढ़ में संदिग्ध हालात में मिला वृद्ध का शव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रामगढ़

शहर के पारसोतिया मोहल्ले में मंगलवार को संदिग्ध हालात में 77 वर्षीय वृद्ध का शव मिला। उसकी हत्या की गई है या फिर उसने आत्महत्या की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान मेघू महतो के रूप में हुई है। रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पारसोतिया मोहल्ले में एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। हत्या उसके परिवार के ही सदस्यों ने की है। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि परिजन शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि वृद्ध व्यक्ति ने खुदकुशी की है जबकि कुछ लोगों का यह कहना था कि पीट-पीट कर उसकी हत्या की गई है। इसके बाद हत्या को आत्महत्या की शक्ल देने की साजिश रची गई। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मेघु महतो खेती करता था और सब्जियां बेचकर गुजारा करता था। उसके दो बेटे हैं। पुलिस ने एक से बातचीत की है। दूसरा बेटा घर से गायब था। पुलिस ने उसे भी जल्द हाजिर होने को कहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड के खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए मांगा जनसमर्थन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। खूंटी

राज्य के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अर्जुन मुंडा ने खूंटी के कचहरी चौक से रोड शो किया। इस दौरान गाड़ी पर उनकी पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी उपस्थित थे। रोड शो के बाद पतरा मैदान में भाजपा की जनसभा हुई। जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केंद्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है। राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिंदुस्तान की जनता के लिए समर्पित है। 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाला कोई नेता अपने जीवन में देखा है, तो नरेन्द्र मोदी भाई को देखा होगा। दिनभर कई सभाओं के बाद वह रात में दस बजे बैठक करते हैं। यदि भारत का मस्तक ऊंचा करना है तो ऐसा ही तपस्वी प्रधानमंत्री इस देश को चाहिए। राजनाथ ने कहा कि दुनिया में यह धारणा थी कि भारत कमजोर है, जो कोई भी चाहता था वह भारत को आंख दिखा देता था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भारत का कद दुनिया में बढ़ा है। पहले लोग भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते थे।

मिठाई फैक्ट्री के जमा गंदा पानी ने ली 7 वर्षीय बच्चे की जान

राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी

डुमरी थाना क्षेत्र के आइबीपी के समीप वर्षों से संचालित मिठाई निर्माण फैक्ट्री से निकलने वाला गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी को जमा करने हेतु खुले में बनाये गये गड्ढा में डूबकर सोमवार को एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। काफी खोजबीन के बाद बच्चे को गड्ढे से रात्रि करीब 10 बजे निकाला गया जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव की पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार को गिरिडीह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। हालांकि मामले को रफादफा करने के लिए स्थानीय कुछ सफेदपोश आपाधापी शुरू कर दिया था ताकि कुछ मुआवजा राशि दिलाकर मामला सलटा दिया जाये लेकिन मृतक के पिता अवैध रूप से मिठाई निर्माण फैक्ट्री संचालित होने का आरोप लगाकर दोषी संचालक पर कठोर से कठोर सजा देने की मांग स्थानीय पुलिस प्रशासन से की है। बताया जाता है कि आइबीपी निवासी शिवा महतो का पुत्र रवि कुमार महतो (7) सोमवार को दोपहर 3 बजे खेलने की बात कह घर से निकला लेकिन जब काफी देर तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की इसी क्रम में खुले में बने मिठाई निर्माण के गंदे पानी से भरे गहराई वाला गड्ढा में परिजनों व आसपास के लोगों ने खोजबीन शुरू की जिसके बाद रात्रि करीब 10 बजे बच्चे का शव उक्त गड्ढे से बाहर निकाला गया।मृतक के पिता का कहना है कि अवैध रुप से संचालित इस मिठाई निर्माण फैक्ट्री से लोगों का जीना मुहाल हो गया है क्योंकि मिठाई निर्माण में प्रयुक्त पानी खुले में बने उक्त गड्ढे में जमा रहता है जिससे निकलने वाला बदबू से क्षेत्र के लोगों का खट्टा और सड़ांध दुर्गंध से रहना मुश्किल हो जाता है।बतांदें कि क्षेत्र में मिलावटी मिठाई, लड्डु एवं अन्य मिठाई निर्माण का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है हालांकि बीच बीच में ऐसे धंधेबाजों के खिलाफ तो कार्रवाई होती है लेकिन फिर चालू हो जाता है। डुमरी के निवर्तमान एसडीएम प्रेमलता मुर्मू गिरिडीह खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ मिलकर क्षेत्र में संचालित मिठाई निर्माण फैक्ट्री, मिलावट मसाला निर्माण और प्रतिबंधित गुटखा बेचने एवं भंडारण करने वाले के विरूद्ध छापेमारी या सील अभियान समय अंतराल के बाद चलाती रहती थी। इधर घटना की खबर सुनकर बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो मुखिया प्रतिनिधि निर्मल जायसवाल पुर्व मुखिया फलजीत महतो, प्रितम महतो, तुलसी साव, मिश्रीलाल महतो आदि शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी।

गायत्री परिवार द्वारा आयोजित पुस्तक मेला के आखिरी दिन बच्चों की उमड़ी भीड़

साहिबगंज। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शहर के प्रोविडेंस स्कूल में आयोजित पुस्तक मेला के आखिरी दिन मंगलवार को स्कूल के बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। करीब बाइस हजार रुपए की पुस्तकों की खरीदारी हुई। मौके पर मौजूद प्रोविडेंट स्कूल की प्राचार्य सिस्टर वीना ने गायत्री परिवार के इस अभियान की जोरदार सराहना की। उन्होंने कही कि ऐसे अभियान से समाज में पॉजिटिव सोच डेवलप होने का मौका मिलता है। अच्छी पुस्तकें हमारे जीवन में अच्छा प्रभाव डालता है। उन्होंने आयोजन मंडली को धन्यवाद ज्ञापित की। मुख प्रबंधक ट्रस्टी विश्वजीत प्रसाद ने बताया कि प्रोविडेंट स्कूल में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेला में काफी संख्या में स्कूली बच्चों ने पुस्तकों की खरीदारी की। उन्होंने बताया कि आखिरी दिन तक करीब 22 हजार रुपए की पुस्तकों की खरीदारी की गई।

पलामू में अतिसंवेदनशीलव बूथों पर पहुंचे प्रशासनिक पदाधिकारी, बनाया भयमुक्त माहौल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर प्रखंड के चार अतिसंवेदनशील बूथों पर प्रशासनिक पदाधिकारी सीआरपीएफ के साथ पहुंचे। वोटरों से मिले और उनका विश्वास बढ़ाया। साथ ही पहले से बने भय के माहौल को दूर करने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि चैनपुर प्रखंड के चांदों एवं कंकारी में एक-एक एवं कोशियारा में दो बूथों को अतिसंवेदनशील माना गया है। इन बूथों पर दबंगों का प्रभाव रहता है और उनके द्वारा वोटिंग व वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए इन बूथों का जायजा लिया गया। मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट बीएन भोई के साथ बड़ी संख्या में जिला पुलिस और सीआरपीएफ के जवान चांदों में बूथ नंबर 143, कंकारी में 133 एवं कोशियारा में 72, 73 बूथ संख्या का जायजा लिया। पैदल फ्लैग मार्च किया। साथ ही वोटरों से मिलकर उनके भीतर विश्वास जगाया कि इस बार के चुनाव में प्रशासन भयमुक्त माहौल में वोटिंग कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डीएसपी मणिभूषण ने बताया कि सभी चार बूथों पर मतदाताओं में विश्वास जगाया गया ताकि लोगों में भय का माहौल नहीं रहे। पिछले साल उपरोक्त बूथों पर घटनाएं हुई थी।

भीष्ण गर्मी को देख नपं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लगाया निःशुल्क प्याऊ केंद्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बरहरवा

बीते कई दिनों से क्षेत्र का तापमान काफी बढ़ गया है,वर्तमान समय में चिलचिलाती धूप व भीष्ण गर्मी से आम लोग त्रस्त हैं। भीष्ण गर्मी व लू से बचाव को लेकर शहर के सुप्रसिद्ध दवा व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार की ओर से तात्कालिक प्याऊ की व्यवस्था के तहत नगर पंचायत क्षेत्र के पहाड़ी बाबा चौक, मुंशी पोखर, स्टेशन चौक समीप न्यू आदित मेडिकल के समक्ष शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। इस बाबत सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार ने कहा सबसे ज्यादा दिक्कत राहगीरों को होती है। दुकानदार बगैर कोई खाद सामग्री खरीदे उन्हें पानी छूने नहीं देते हैं। ऐसे में लोगों को प्यासा रहना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कुछ ही लोग होते हैं जो ब्रांडेड कंपनियों का पानी खरीदने की क्षमता रखते हैं। श्री कुमार ने कहा राहगीरों को पानी की समस्या से दो-चार नहीं होना पड़े इसके लिए पूरे गर्मी भर मेरे कार्यकर्ताओं की देखरेख में निःशुल्क प्याऊ शिविर लगाया जाएगा। वहीं वर्तमान समय करीब एक माह का चलने वाला रामनवमी मेला का आयोजन बिंदुधाम की तलहटी में होने के कारण शहर में दिन रात सैकड़ो की संख्या में लोगों का आवागमन होता रहता है। ऐसे में जगह-जगह प्याऊ केंद्र के होने से भक्तों एवं राहगीरों के बीच हर्ष का माहौल हैं। लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता श्री कुमार के इस सराहनीय कार्यों को देख काफी सराहना किया है। मौके पर अंकित गुप्ता, काली भगत, कमल सिंह, अमित गुप्ता, कैलाश रविदास, पप्पू दुबे, ललन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थें ।

शिव शक्ति महायज्ञ को ले निकाली गई कलश यात्रा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी

रोशनाटुंडा पंचायत के चपरखो में आयोजित 5 दिवसीय श्री श्री 108 शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर मंगलवार को जल यात्रा निकाली गयी।108 कन्याओं एवं महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख शिव मंदिर चपरखो से लक्ष्मणटुंडा के हंडुवासूखा उतरवाहिनी नदी गयी जहां जहां यज्ञ आचार्य लखन पांडेय ने सभी कलशों में अभिमंत्रित जल भरवाया जहां से चकरबरई होते हुए पुनः शिव मंदिर यज्ञ मंडप पहुंचे।इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा की जा रहे जयकारे के उद्घोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया था। 5 दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान को लेकर आकर्षक पंडाल, प्रकाश, साउंड एवं यज्ञ मंडप का निर्माण किया गया है। यज्ञ को लेकर प्रति संध्या भक्तिमय कथा प्रवचन का आयोजन किया गया है। 23 अप्रैल को कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश सह वेदी पूजन यज्ञ प्रारंभ एवं प्रवचन वहीं अन्य दिनों में ऐसे से कार्यक्रम निर्धारित हैं जबकि 27 अप्रैल को यज्ञ अभिषेक, पूजन, आरती, पुर्णाहुति, हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।कलश यात्रा में क्षेत्र के जिप सदस्या सुनीता कुमारी आजसु विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार पंचायत के उप मुखिया तेजलाल महतो, नागो सिंह,चेतलाल सिंह,किशुन ठाकुर, यशवंत गुप्ता, अनिल सिंह,संजय सिंह,कुंजलाल सिंह,बसंत सिंह, घनश्याम सिंह हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो,मोहन कुमार सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

सपा के कामेश्वर बैठा व भाकपा के अभय भुईयां ने भरा नामांकन पत्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

पलामू लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को दो प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ जिला निवार्चन पदाधिकारी सह उपायुक्त के समझ उपस्थित होकर नामांकन पत्र दाखिल किया। एक ओर बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा तो दूसरी ओर भाकपा प्रत्याशी अभय भुईयां (अधिवक्ता) ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। पलामू लोकसभा चुनाव के लिए यह नामांकन पहली बार बतौर दो उम्मीदवारों ने दाखिल किया है। बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने अपना नामांकन जमा करने से पहले एक रैली भी की जिसमें वे अपने समर्थकों की भीड़ और ढोल नगाड़ों के साथ समाहरणालय कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन जमा करवाया।

नामांकन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस के कड़े इंतजाम किए गए थे। नामांकन जमा करने के लिए प्रत्याशी सहित पांच लोगों को रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में अंदर जाने की अनुमति रही। बता दें कि कल नामांकन भरने की आखिरी तारीख है। इसलिए 24 को भाजपा प्रत्याशी बीडी राम और राजद प्रत्याशी ममता भुईयां अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सक्रिय है।

संक्षिप्त समाचार

मानगो में ट्राली ट्रासफार्मर से बिजली सप्लाई

जमशेदपुर, एजेंसी। मानगो के रोड नंबर दो स्थित पांच सौ से ज्यादा घर में ट्राली ट्रासफार्मर से बिजली सप्लाई हो रही है क्योंकि सोमवार दोपहर यहां ट्रासफार्मर आग लगने से जल कर राख हो गया। इधर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि ट्रासफार्मर की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। जल्द 200 केवी का स्थाई ट्रासफार्मर काम करने लगेगा। मालूम हो कि ट्रासफार्मर की आग पर काबू पाने में मानगो फायर बिग्रेड के दमकलकर्मियों को बुझाने में एक घंटे से ज्यादा समय लगा था। मानगो फायर बिग्रेड के बृज किशोर पासवान ने बताया कि अभी आग लगने का मौसम है। इससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। आग लगने पर तत्काल सूचना दें, ताकि लोगों को नुकसान से बचाया जा सके।

बगैर निदेशक के सवा महीने से चल रहा टाटानगर स्टेशन

जमशेदपुर, एजेंसी। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन का मॉडल स्टेशन टाटानगर सवा महीने से बगैर निदेशक से चल रहा है। इससे यात्री सुविधा, ट्रेन परिचालन एवं स्टेशन निरीक्षण समेत कई कार्य प्रभावित हो रहा है। बताया जाता है कि टाटानगर के स्टेशन निदेशक रघुवंश कुमार का तबादला मार्च में हो गया। वे 15 मार्च को प्रभार सौंपकर नए स्थान पर चले गए लेकिन चक्रधरपुर मंडल के एओएम एएल राव ने टाटानगर स्टेशन का प्रभार नहीं संभाला है। इससे एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल को स्टेशन की व्यवस्था देखनी पड़ता है जबकि कई स्टेशन मास्टर की अतिरिक्त ड्यूटी लगती है ताकि यात्रियों को परेशानी नहीं हो।

स्टेशन पर पानी की उपलब्धता जांच रहा रेलवे

जमशेदपुर, एजेंसी। गर्मी में यात्रियों को स्टेशन या ट्रेनों में पानी की दिक्कत नहीं हो, यह अभियान दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के सभी 315 स्टेशनों पर शुरू है। इससे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा स्टेशन पर जोन के एजीएम एके दुबे ने नल व वाटर कूलर की जांच का अभियान चलाया। जबकि टाटानगर में सीसीआई अंजनी राय, राकेश कुमार व शशि कुमार लगातार स्टेशन पर पानी सप्लाई की जांच कर रहे हैं क्योंकि मुख्यालय से यह आदेश आया है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के छोटे स्टेशनों पर प्याऊ खोलने की भी योजना है। इससे सामाजिक संस्थाओं से रेल अधिकारियों ने सहयोग मांगा है जबकि खराब वाटर कूलर मशीन की मरम्मत कराई जा रही है।

मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अंजनी का एसीएम में चयन

जमशेदपुर, एजेंसी। दक्षिण पूर्व जोन से सहायक वाणिज्य प्रबंधक पद की विभागीय प्रमोशन परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को जारी हो गया। इससे टाटानगर स्टेशन के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अंजनी राय सहायक वाणिज्य प्रबंधक बन गए। उन्हें जल्द ही ट्रेनिंग के बाद जोन के किसी मंडल में एसीएम पद पर नियुक्त किया जाएगा। बताया जाता है कि 17 मार्च के लिखित परीक्षा में टाटानगर के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अंजनी राय समेत जोन के चार रेलकर्मी सफल हुए थे। लेकिन विभागीय साक्षात्कार में अंजनी राय का चयन एसीएम पद पर हुआ। मालूम हो कि पांच वर्षों में जोन की परीक्षा में सफल होकर टाटानगर के दो मुख्य वाणिज्य निरीक्षक एसीएम बने हैं।

रांची में बेकाबू कार ने पांच लोगों को कुचला, जल संसाधन अधिकारी की मौत

रांची, एजेंसी। रांची के मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों को रौंद दिया। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी मधु रानी समेत चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स समेत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन अन्य घायलों में मोरहाबादी की सरिता देवी, संतोष कुमार और एक व्यक्ति शामिल हैं। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। लालपुर पुलिस ने कार जब्त करते हुए चालक के दोस्त को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, जल संसाधन के अधिकारी अरुण कुमार सिंह पत्नी के साथ मोरहाबादी में इवनिंग वॉक कर रहे थे। ऑक्सीजन पार्क के पास नशे में धुत कार चालक ने अचानक पति-पत्नी को धक्का मार दिया, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद कार चालक ने पैदल चल रहे दो अन्य राहगीर और स्कूटी सवार को धक्का मार दिया। वे तीनों भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इधर, अनियंत्रित कार पार्क के पास चौराहे पर लगे बिजली खंभे से टकरा गई। हादसे के बाद लोग दौड़े और घायलों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने प्रशाखा अधिकारी अरुण सिंह को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर लालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी ली। पूछताछ के दौरान लोगों ने बताया कि कार चालक मोरहाबादी के एक होटल में शराब पीने के बाद गाड़ी लेकर निकला था।

रांची में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की जा सकती है

रांची, एजेंसी। झारखंड की राजधानी रांची में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने रांची की मुख्य सड़कों को अतिक्रमणों से मुक्त कराने के निर्देश रांची नगर निगम (आरएमसी) को जारी किए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द रांची की सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर गरजते नजर आएंगे। झारखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को रांची नगर निगम (आरएमसी) से यह सुनिश्चित करने को कहा कि शहर में निर्बाध यातायात के लिए शहर की मुख्य सड़कों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जाए।

जस्टिस न्यायमूर्ति दीपक रोशन और जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ ने कहा कि यातायात के दबाव को कम करने के लिए मेन रोड, लालपुर चौक, कचहरी चौक और अन्य व्यस्त चौराहों पर अभियान चलाया जाना चाहिए। ये सड़कें अतिक्रमण के कारण बंद सी हो गई हैं। अदालत सरकार द्वारा फेरीवालों और सड़क विक्रेताओं के पुनर्वास के लिए नेशनल हॉकर्स फेडरेशन की ओर से दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सुनवाई के दौरान अदालत को यह बताया गया कि लालपुर में मांस मछली विक्रेताओं को एक बाजार में भेज दिया गया है जबकि सब्जी विक्रेता अभी भी सड़क के किनारे दुकान लगाते हैं। इससे यातायात में बाधा आती है। वहीं रांची नगर निगम के वकील एलसीएन शाहदेव ने अपनी दलील में कहा कि लालपुर चौक पर सब्जी विक्रेताओं को स्थानांतरित करने का काम दो महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इन्हें नई जगह पर शिफ्ट

किया जाएगा। इससे रास्ता साफ हो जाएगा।

रांची नगर निगम के वकील एलसीएन शाहदेव ने अदालत को यह भी बताया कि लालपुर में 273 सब्जी विक्रेताओं की पहचान की गई है। इनमें से 110 को बसाने के लिए जगह भी मिल गई है। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश दिया कि निगम सभी सब्जी विक्रेताओं को आजीविका के लिए जगह मुहैया कराए। हाई कोर्ट ने मेन रोड पर रोजाना लग रही मार्केट और अलबर्ट एक्का चौक पर व्यस्त ट्रैफिक को लेकर टिप्पणी की। अदालत ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार की ओर से कचहरी रोड से वेंडर मार्केट हटाया जा चुका है फिर भी सड़क जाम ही रहती है।

अदालत ने कहा कि सरकार कह रही है कि सड़क के किनारे लग रहे वेंडरों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा चुका है फिर भी अल्बर्ट एक्का चौक पर सड़क विक्रेताओं से भरी रहती है। ये वेंडर सड़क पर अपने सामान बेचते हैं, जिससे टैफिक जाम हो जाता है। पीठ ने यह भी कहा कि डेली मार्केट में सड़क हमेशा संकरी रहती है। इससे भी ट्रैफिक जाम हो जाता है। अंततः अदालत ने निगम को अतिक्रमण के खिलाफ तुरंत अभियान शुरू करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराएं और ऐक्शन रिपोर्ट दाखिल करें।

टीबी के मरीजों को नहीं मिल रही दवा, इलाज बाधित

धनबाद, एजेंसी। टीबी मुक्त भारत अभियान-2025 के बीच पूरे देश में टीबी की दवा की किल्लत है। इसका व्यापक असर धनबाद में भी दिख रहा है। टीबी मरीजों को दवा नहीं मिल रही है, जिससे इलाज प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों की मानें तो राज्य के सभी जिलों में टीबी की दवा की किल्लत बनी हुई है। राज्य स्तर से दवा की आपूर्ति नहीं हो रही है। केंद्र से ही राज्य को दवा नहीं मिलने के कारण झारखंड में यह समस्या है।

बता दें कि धनबाद में टीबी के एक हजार एक्टिव मरीज हैं। नियमित रूप से टीबी की दवा चलती है। दवा नहीं मिलने के कारण इलाज नहीं हो रहा है। दवा की कमी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मधुरेंद्र कुमार सिंह ने डीसी को पत्र लिखकर दवा उपलब्ध कराने की मांग की। यह भी कहा कि दवा नहीं मिलने के कारण न सिर्फ मरीजों का इलाज रुक गया है। इससे संक्रमण फैलने का भी खतरा बना हुआ है। आग्रह किया कि जबतक राज्य से दवा की आपूर्ति नहीं हो जाती, डीएमएफ व बीसीसीएल से कहकर दवा की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि मरीजों का इलाज बाधित न हो। संक्रमण बढ़ने का खतरा- दवा की कमी से डॉक्टर और स्वास्थ्य अधिकारी भी परेशान हैं। अधिकारियों की मानें तो टीबी संक्रामक बीमारी है। यह एक से दूसरे में फैलता है। दवा नहीं होने के कारण संक्रमित मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। ऐसे में उनके घर और आस-पड़ोस के लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। यदि एक बार संक्रमण फैल गया, तो उसे रोकना काफी मुश्किल होगा।

तीन-चार महीने से किल्लत- टीबी की दवा की किल्लत वैसे तो तीन-चार महीने से बनी हुई है। बीच-बीच में कुछ दवाएं आ रही थीं, जो मरीजों को दी जा रही थी। एक महीने से जिले में टीबी की दवा पूरी तरह खत्म हो गई है। नतीजतन, मरीजों का इलाज पूरी तरह से बंद है।

टीबी उन्मूलन मुश्किल- अधिकारियों का यह भी कहना है कि दवा की किल्लत का असर टीबी उन्मूलन अभियान पर पड़ेगा। 2019 में केंद्र सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान की घोषणा की है। इसके लिए निक्षय पोषण योजना तक चलाई जा रही है। इसके तहत इलाज करा रहे मरीजों के लिए पोषाहार की व्यवस्था की जा रही है। दवा की किल्लत के कारण जब इलाज ही बाधित हो रहा है।

10 सैरात बाजार के 3 हजार दुकानदार नहीं दे रहे रेंट, कार्रवाई की तैयारी में जेएनएसी

जमशेदपुर, एजेंसी। शहर के 10 सैरात बाजारों के 7 हजार से अधिक दुकानों में लगभग 40-50 फीसदी दुकानदार रेंट जमा नहीं कर रहे हैं। इसमें गोदाम, दुकान व अन्य प्रकार की दुकानें शामिल हैं। जेएनएसी समय पर मासिक रेंट नहीं देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में है। जेएनएसी को हर साल करीब एक करोड़ रुपये दुकानदारों से वसूली करना है, लेकिन अभी 50 से 60 लाख ही वसूल पा रही है।

रेंट देने वालों में बड़े दुकानदार शामिल हैं, जो टाटा स्टील के आवंटी हैं। वहीं कई बाजारों में दुकानें व गोदाम बंद होने से रेंट की वसूली जेएनएसी नहीं कर पा रहा है। वहीं, छोटे दुकानदार किराया देने में पीछे हैं। सिदगोड़ा, बारीडीह, सोनारी, बर्मामाइंस, मनिफीट व गोलमुरी व अन्य सैरात बाजार के सैकड़ों दुकानदार हैं, जो रेंट नहीं जमा कर रहे हैं।

दूसरी ओर जेएनएसी शत प्रतिशत वसूली नहीं करने के पीछे मैन पावर की कमी और संसाधन की कमी होना बता रहा है। वर्तमान में दुकानों से 50 रुपए, 80 रुपए, 500 रुपए से 4000 रुपए प्रति माह किराया वसूला जा रहा है। जेएनएसी लोकसभा चुनाव के समाप्त होने के बाद सैरात बाजार के नए रेंट निर्धारण के लिए बाजार के दुकानदारों, सिंहभूम चैंबर समेत अन्य संगठनों के साथ बैठक बुलाएगी। मालूम हो कि तत्कालीन उपायुक्त विजया जाधव ने बाजार की सभी दुकानों से पुरानी दर पर किराया वसूलने का आदेश दिया था।

झारखंड में कारोबारी से 15 लाख के जेवर और कैश की लूट, कट्टा दिखाकर धमकी भी

हजारीबाग, एजेंसी। हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के डीपुगढ़ा में दुकान बंद कर घर जा रहे जेवर व्यवसायी जीतेंद्र सोनी से अपराधियों ने बीती रात नकद समेत 15 लाख रुपए छीन लिए। भुक्तभोगी के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी में व्यवसायी जीतेंद्र सोनी ने कहा है कि रविवार की रात 9.20 बजे उन्होंने अपनी जेवर दुकान बंद की और बेटे अंकित सोनी के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर जाने लगे। स्कूटी उनका बेटा चला रहा था। जैसे ही वे लोग सीआरपीएफ कैंप के आगे पोद्दार जी के घर के पास पहुंचे। पीछे से बाइक पर सवार तीन नकाबपोश युवक पहुंचे। उनके हाथ में कट्टा और चाकू आदि थे।

अपराधियों ने ओवरटेक करते हुए अचानक उन्हें रोक दिया। फिर धमकाते हुए स्कूटी पर लात-पैर चलाने लगे। अचानक इस हमले से वे पिता-पुत्र घबरा गए और स्कूटी से

गिर पड़े। इसके बाद अपराधी उनसे थैला छीनने लगे, जिसमें 50 हजार रुपए नकद समेत 15 लाख रुपए के जेवरात थे। मोबाइल भी छीनने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने कट्टा सटा दिया और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उनके हाथ से थैला छीनकर फरार हो गए।

व्यवसायी बोले- थाने गए तो दोषी जैसा सलूक हुआ : व्यवसायी जीतेंद्र सोनी ने बताया कि 18 दिसंबर 2018 को भी उनकी दुकान में अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अब तक उस कांड को नहीं सुलझा सकी है। बीती रात भी घटना के बाद जब वे लोग पुलिस के पास प्राथमिकी दर्ज कराने गए तो उलटा उनके साथ ही दोषी की तरह व्यवहार किया गया। इधर, घटना के बारे में पूछने पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मैं अभी बोकारो में हूं। कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने वारदात की जानकारी दी है। इस व्यक्ति के साथ पूर्व में भी घटना घटी थी। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

व्यापारियों से हो रही लूट की घटना से चैंबर चिंतित : हजारीबाग में दीपूगढ़ा में नगद समेत जेवरात की लूट की घटना के बाद एक बार फिर व्यापारियों ने नाराजगी जतायी है। हजारीबाग फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभुनाथ अग्रवाल ने कहा कि हजारीबाग में लगातार लूट छिनतई की घटनाएं घट रही हैं। उन्होंने शहर की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया है।

प्रेग्नेंट भाभी की हत्या कर कुएं में फेंका, दो और लोगों को मारा, आरोपी घर जाकर सो गया

रांची, एजेंसी। झारखंड के डबरी गांव में ट्रिपल मर्डर के बाद सन्नाटा छाया हुआ है। लोग इस घटना के बाद डरे व सहमे हुए है। परिजनों का कहना है कि रंजन के व्यवहार में पिछले 15 दिनों से बदलाव देखने को मिल रहा था। रंजन का बहनोई दूधेश्वर उरांव ने बताया कि दो महिलाओं और अपने पिता की हत्या करने के बाद हत्यारा रंजन अपने घर पहुंचा और अंदर से दरवाजा के कुंडी लगाकर आराम से खाट पर सो गया। यह गारू थाना क्षेत्र के सरयू टीओपी अंतर्गत चोरहा पंचायत की घटना है।

मर्डर के बाद ग्रामीणों ने कई स्थानों पर आरोपी रंजन की काफी खोजबीन की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाया। वही जब ग्रामीण रंजन के घर गए तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है, जिसके बाद ग्रामीण ने सीढ़ी के सहारे छप्पर पर चढ़कर खपड़ा को हटाकर देखा तो रंजन घर में सोया हुआ था। ग्रामीण ने तुरंत घर के दरवाजे पर बाहर से सिकड़ी लगा दी। इसके बाद दूसरे दिन इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई। सुबह जब पुलिस पहुंची तो दरवाजा खुलवाकर

रंजन को घर से बाहर निकाल कर पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया गया और थाने ले गई।

पांच माह की गर्भवती थी भाभी अनूपा : डबरी ट्रिपल हत्याकांड की जानकारी देते हुए गांव के ग्रामीण जितेंद्र सिंह ने बताया कि हत्यारे की भाभी अनूपा देवी पांच माह की गर्भवती थी। वह अपने घरेलू कामकाज का निपटारा कर घर के पास स्थित कुएं में स्नान व कपड़े धो रही थी। इतने में हत्यारा रंजन ने अपनी पत्नी से झगड़ा होने के बाद बीच बचाव में आई भाभी अनुपा देवी पर कुल्हाड़ी से मारकर सिर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद उसने भाभी का अधकटा सिर और धड़ को अपने हाथों से उठाकर कुआं में डाल दिया। इस मंजर को देख कुएं के पास कपड़ा धो रही पड़ोसी मंसूरिया देवी हक्का-बक्का रह गई। परंतु हत्यारा ने निर्मम तरीके से पड़ोसी मंसूरिया देवी के सिर पर भी कुल्हाड़ी से कई बार किया और उसका भी शव कुएं में फेंक दिया।

परिजनों में भी डर का माहौल : रंजन उरांव के परिजनों ने बताया कि इस तरह की घटना से हम लोगों में भय व्याप्त है। कहा कि इस तरह का खबर हम लोग टीवी और मोबाइल में ही देखते थे, परंतु अपने घर में इस तरह की घटना घटने के बाद सभी लोग काफी डरे हुए हैं। वही घर के बच्चों भी डर से काफी सहमे हुए हैं, जबकि परिजनों ने कहा कि रंजन बहुत ही नेक इंसान हैं, इस तरह उसने क्यों किया, यह समझ से परे हैं।

पूरे इलाके में छाया सन्नाटा : रंजन उरांव के द्वारा तीन लोगों के निर्मम हत्या की बात पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों इस घटना के बाद सदमे में है। ग्रामीणों ने कहा कि इससे पहले इस तरह की घटना हम सभी केवल सुनते थे, पर आज इस तरह की घटना हमारे क्षेत्र में हो जाने से समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर यह कैसे और क्यों हो गया। हम सभी डरे और सहमे हुए हैं।

बचाने गए बड़े भाई पर भी किया हमला : रंजन उरांव के भाई अमलेश उरांव ने बताया कि घर के बाहर ही तौलिया बिछाकर खाट पर सोए हुए थे। इतने में कुएं के आसपास हो-हल्ला आवाज सुनाई दी। कुएं के पास गया तो देखा कि छोटा भाई रंजन उरांव अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर रहा है। इतने में पत्नी और पड़ोसी को बीच बचाव करने का कुंए पास गया और अपने भाई को समझा रहा था। परंतु भाई ने एक न सुनी और कुल्हाड़ी से मुझ पर वार कर दिया। उसे छड़ी से मारकर वहां से भागने का प्रयास किया लेकिन उसने एक ही बार में मेरे छड़ी को कुल्हाड़ी से काट दिया। इस दौरान मेरे बाएं हाथ में कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। घायल होने के बाद अपनी जान की रक्षा करते हुए बड़ा भाई भी वहां से भाग खड़ा हुआ।

बैल बांधकर बैठा था पिता, अचानक कर दिया हमला : अपने ही परिवार के तीन लोगों के हत्या के आरोपी रंजन उरांव की मां सुरजी ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमर मझिला बेटा और पुतोह बाहर कमाए गईल हथिन। उकरे घर में हमर पति सुरजा उरांव जंगल से लाकर बैल के बांधकर हमनी बैठल हलिएई, तभी पुरनका घर के तरफ से हमर मझिला बेटा रंजन आईल और अपन पिता सुरजा उरांव पर हमला कर देलई। हम उकर से बार-बार बोलत हलईए की अपन बाउजी के मत मर बेटा, पर उ ना सुनलई और हमरो मारे ला दउड़ गईल, जेकर बाद हम वहां से भाग के झाड़ी में जाके छूप गईलिएई, नई तो वह हमरो मार देते हलई।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को किया जब्त डबरी ट्रिपल हत्याकांड में प्रयुक्त किए गए कुल्हाड़ी को पुलिस ने रंजन के घर से बरामद किया। और उसे जांच के लिए फोरेंसिक लेबोरेटरी में भेज दिया। इसके अलावा पुलिस ने कुंए और बड़े भाई के घर के बाहर खून के धब्बों का भी सैंपल इकट्ठा किया है।

पहले शाम छह बजे बंद हो जाती थी दुकानें, 10 सालों में हुआ बढ़ा बदलाव

रांची, एजेंसी। गुमला के शंख मोड़ का नाम अब कार्तिक उरांव चौक हो गया है। कार्तिक उरांव लोहरदगा से सांसद रहे। केंद्र में मंत्री भी रहे। सम्मान से उन्हें लोग बाबा कार्तिक कहते हैं। उनके नाम पर ही इस चौक का नामकरण कर दिया गया है। यहां से बस एक किलोमीटर की दूरी पर छत्तीसगढ़ है। यहां से एक रास्ता बाबा टांगीनाथ धाम की ओर जाता है तो दूसरा रायडीह की ओर। गुमला जिले का यह अंतिम छोर है।

रायडीह प्रखंड में मंझा टोली का यह मोड़ आता है। यहां काफी चहल-पहल रहती है। अमरेश कुमार झा यहां 1968 यहां मिथिला स्वीट्स चलाते हैं। सीतामढ़ी से यहां आने की उनकी एक लंबी कहानी है। वह इकलौते मैथिल यहां हैं। वह कहते हैं, यहां पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से लेकर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तक आ चुके हैं। यह खानपान की दुकान ही ऐसे मोड़ पर है। उनके यहां आने की लंबी कहानी है। फिलहाल, हम उनकी कहानी को यहीं छोड़ते हैं। बात चुनावी बयार पर आती है।

लोहरदगा के इस संसदीय क्षेत्र को लेकर वे बहुत साफ-साफ कहते हैं, यह पूरा क्षेत्र तो कमल से खिलता है। पंजे का निशान यहां दूर-दूर तक नहीं है। रायडीह की ईवीएम जब खुलती है तो खिलता हुआ कमल ही दिखाई देता है।

इस पूरे क्षेत्र में हिंदू और सरना भाजपा के साथ खड़े होते हैं और ईसाई और मुस्लिम जेएमएम के साथ। यहां का बूथ मंझाटोली में है और पिछली बार 65 प्रतिशत मतदान हुआ था और इस बार जिला प्रशासन ने 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है। ग्रामीणों के पास नेताओं के हार-जीत को लेकर भी जमकर चर्चा हो रही है। समीकरण और गुणा-गणित से प्रत्याशियों की हार-जीत का हिसाब लगाया जा रहा है। गुमला विधानसभा में पांच प्रखंड हैं। गुमला और रायडीह में भाजपा की जमीन मजबूत है तो चैनपुर, जारी, डुमरी में कांग्रेस। अमरेश कहते हैं, समीर उरांव वनवासी कल्याण केंद्र से भी जुड़े हैं। उनकी आदिवासियों में पकड़ भी है। कांग्रेस गठबंधन से चुनावी मैदान में खड़े सुखदेव भगत के पास परंपरागत कांग्रेस के वोट तो हैं, लेकिन यदि चमरा लिंडा मैदान में आ जाते हैं, जैसी कि इधर चर्चा है, वह मामला दिलचस्प हो सकता है।

झारखंड के कई जिलों पर चुनाव आयोग का फोकस, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनाए जा रहे तरीके

रांची, एजेंसी। चुनाव आयोग का फोकस उन जिलों पर है जहां पिछले चुनावों में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है। इनमें रांची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम सम्मिलित हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इन जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सोमवार को यहां के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल मोड में बैठक की। इस क्रम में उन्होंने उपायुक्तों को कई निर्देश दिए।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार कई स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसमें युवक-युवतियों से लेकर समाज के हर वर्ग को जोड़ा जा रहा है।

विभिन्न संस्थाओं, संगठनों और समूहों से भी अपील की जा रही है वह भी इस महाअभियान से जुड़ें और लोकतंत्र के महान पर्व में शतप्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। इंटरनेट मीडिया पर भी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें कई इनोवेटिव आइडिया के

तहत भी काम हो रहे हैं। युवा इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उनके रील्स, वीडियो और शार्ट फिल्मों से लोग प्रेरित भी हो रहे हैं और आनंद भी ले रहे हैं।

जागरूकता वैन भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न इलाकों में घूमने लगे हैं, वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं और आयोजनों के माध्यम से इस अभियान से लोगों को जोड़ा जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस उद्देश्य से सभी को काम करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगड़िया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत-प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें।

गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें

कार्यस्थल पर कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के समूह से मुलाकात के दौरान कहा। आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका को उन्होंने बहुत उपयोगी बताया।राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उन्हें आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे।कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते हुए देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संसाधन वितरण प्रणाली और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करने की बात भी उन्होंने की। 2022-2023 के बैच के आईईएस अधिकारियों में 60त्न महिलाओं के होने की बात की और इससे महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह भी किया। ऐसे दौर में जब आर्थिक विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं, राष्ट्रपति द्वारा अधिकारियों को यह सलाह देना देशवासियों के प्रति उनके मानवतावादी रवैये का द्योतक है। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बनाई गई सरकारी नीतियां जब तक प्रभावी नहीं होंगी, तब तक उनका लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचना मुश्किल है। देखने में आता है कि सरकारें योजनाएं बना कर उन्हें बिसरा देती हैं। उच्चाधिकारियों के हाथ में है कि वे इनका क्रियान्वयन सुबीते से करें। निःसंदेह इस तरह की नौकरियों में देश के हर वर्ग और हर प्रांत के अधिकारियों का चयन होता है, इसलिए उन्हें बुनियादी समस्याओं और संकटों का भान होता है। स्वयं राष्ट्रपति ऐसे समुदाय और वर्ग से निकल कर सबसे बड़े पद तक पहुंची हैं कि उन्हें देशवासियों की समस्याओं का न केवल अहसास है, बल्कि गरीबों और महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों को भी उन्होंने करीब से देखा है। किसी भी समाज की प्रगति तभी नजर आती है, जब उसका सर्वांगीण विकास हो रहा हो। कहना न होगा कि आर्थिक असंतुलन ने हमारे संकटों को बढ़ाया है। यह चुनौती है, जिससे निपटना बेहद जरूरी है।

नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?

पूर्णेन्दु पुष्पेश

छत्तीसगढ़ के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने

सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे। सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है। नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ 'राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना' शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए। केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिए और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख रुपये कर दिए हैं। नक्सली फिर भी बाज नहीं आ रहे।

साहित्य/लोक साहित्य

ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता

कन्हैया गोकुल छोड़ कर चले गए हैं। राधा बावरी भई अपने कान्हा को बन बन खोजते चल रहीं हैं। लता, पेड़, पौधों से पूछती चल रही हैं कि मेरे कान्हा कहाँ हैं? उन्हें कोयल की मीठी बोली अब नहीं सुहाती, भवँरों के गुंजन जैसे विष घोल रहे हैं, उन्हें तो व्याकुलता है कान्हा के मुरली की तान सुनने की पर अब कौन मुरली की तान सुनाए? राधा जी के विरह को व्यक्त करती हुई प्रस्तुत है मेरी ये रचनाः-----

बावरी बन बन नाचत डोले।
कृष्ण प्रेम में भई दिवानी,
तन की सुध बुध खो ले।
बावरी बन बन.....
पूछत चलत लता तरु पाँती,
कहँ मोरे श्याम सलोने।
आए नहीं साँवरे काहे,
कौन मधुर रस घोले।
बावरी बन बन.....
कोयल मधुरी तान न भाए,
गुँजत भवँर विष घोले।
कण कण तोहे पुकारत
छलिया,
कान्हा कान्हा बोले।
बावरी बन बन.....
जमुना धार कदम की डाली,
सबके धीरज डोले।
निष्ठुर भए मोर साँवरिया,
तनिक न पलकें खोले।
बावरी बन बन.....

प्रजातंत्र

प्रशान्त करण

प्रजातंत्र का मतलब अब शायद कुछ कुछ समझने लगा हूँ।कहते हैं कि

प्रजा के लिए,प्रजा के द्वारा और प्रजा के ऊपर काबिज तंत्र है यह। तंत्र के हिस्से में कहीं न कहीं प्रजा हो,वही प्रजातंत्र है।।मतलब साफ है। पर अब प्रश्न है कि प्रजा कौन है?भैया जी के साथ खड़ी दीदी बताती हैं कि प्रजा उसे कहते हैं, जो हमको वोट दे।जो मेरा वोट बैंक है, मेरा तंत्र तो उसके साथ होगा।तंत्र के साथ ही तो सत्ता का मंत्र है।अगर कुछ वर्ग मुझे वोट नहीं देता और मुझे वोट देने वाले को मैं उसके खिलाफ उकसाकर हंगामा कराने में सफल रहूं तो क्या मेरा प्रजातंत्र मजबूत नहीं होगा?प्रजातंत्र का एक हथियार पुलिस है।इसका उपयोग सभी करते हैं।हमने किया तो लोग दुरुपयोग कह बैठे।अगर इस हथियार का उपयोग कर हम अपनी प्रजा,जो मुझे वोट देती है, की मदद कर उनकी मंशा की मदद करते हैं, तो यह मेरे प्रजातंत्र के लिए हितकर है। प्रजातंत्र ऐसी अबला नारी है कि जब न तब खतरे में पड़ी बताई जाती है।सभी कहते हैं कि प्रजातंत्र खतरे में है।इसे बचाना है।मैं या मेरी पार्टी ही उसे बचा सकती है।लोग विश्वास कर लेते हैं।जब वह या उसकी पार्टी सत्तासीन हो जाती है तो विपक्षी और उनकी पार्टी/पार्टियां फिर शोर मचाती हैं कि प्रजातंत्र खतरे में है।प्रजातंत्र के खतरे का शोर चुनाव के समय चरम पर होता है।जो सत्ता में रहते हैं वे प्रजातंत्र को सुरक्षित रखने के लिए या तो उसे तिजोरी बनाकर पहरा बैठा देते हैं या फिर कमरे में बन्द कर देते हैं।लोग प्रजातंत्र को नहीं देख पाते तो हल्ला मचाते हैं कि उसकी हत्या हो गयी।ज्यादा हल्ला होने पर प्रजातंत्र को बाहर निकलकर धूप हवा दिखाया जाता है।लोग झलकभर देख लेते हैं कि प्रजातंत्र जिंदा है।फिर उसे नज़रों से ओझल कर दिया जाता है।सयाने बताते हैं कि यह एक बड़ा मनोरंजक खेल है।

रामलाल जी का कहना है कि प्रजातंत्र एक मशीन है जो बिजली या सौर्य ऊर्जा के बजाए तेल से चलती है।पुरानी मशीन है।इसे चलाने के लिए तेल की व्यवस्था अलग से नहीं की गई थी।इसलिए इसे चलाने के लिए तेल का इन्तज़ाम चंदे से किया जाता है।मशीन भारी भरकम है, पुरानी है।जैसे जैसे पुरानी होती चली गयी,ज्यादा तेल पीने लगी है।तेल डालने वाले शुरू से डालते कम और बचाते अधिक रहे हैं।बचे तेल से पार्टी चलती है।मशीन की मरम्मत जरूरी है।कुछ लोग इसे आधुनिक करना चाहते हैं तो कुछ पुरानी से ही काम निकालना चाहते हैं ताकि अधिक तेल बच सके।मशीन को यदाकदा विशेषज्ञ से दिखाना पड़ता है।कुछ अधिक सयाने विशेषज्ञ की विश्वसनीयता पर ही प्रश्न चिन्ह लगाकर मशीन पर कब्जा करना चाहते हैं। पर इतना तो शाश्वत है कि प्रजातंत्र को बचाने वाले अक्सर कहते हैं कि हम हैं तो प्रजातंत्र है।सिर्फ हमारे हाथ में ही यह सुरक्षित रहेगा। लिहाजा पंजे में सुरक्षित बताया गया।जब फिर खतरा बढ़ गया तो हथौड़े,हसिए से लोग बचाने के लिए साथ आ गए।लालटेन तक मंगाई गई ताकि रात में भी प्रजातंत्र सुरक्षित रहे।कालांतर में हल्ला हुआ कि हाथ के पंजे में इसका दम घुट रहा है।हल्ला आँधी में बदल गया ।कई लोग मुलायम कमल की पंखुड़ियों के बीच इसे रखकर पूजा करने लगे। लेकिन कमोबेस सभी पहरेदारों का साफ कहना है कि प्रजातंत्र है तो हम हैं।हम हैं तो प्रजातंत्र है।दोनों एक ही बात है।इसलिए प्रजातंत्र का सुख पर पहले हमारे और हमारे परिवार-कुनवे का अधिकार है। इस लिए पहले हम सुखी होंगे।फिर हमारा परिवार।अगर फिर भी कुछ सुख बच जाता है तब प्रदेश,क्योंकि मुझे अपने प्रजातंत्र से मतलब है।प्रजा , देश या राज्य हित कहाँ से बीच में आ गया?

मैं भी उधेड़बुन में हूँ।किसकी बात मानूँ?आप मदद करेंगे न?

हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका कर्ताओं पर जुर्माना सही?

सनत जैन

दिल्ली हाईकोर्ट मे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत दिए जाने की याचिका दायर की गई थी। शराब घोटाले के आरोप में वह तिहाड़ जेल में बंद है। अदालत ने जमानत याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 75000 का जुर्माना लगा दिया। पिछले कुछ वर्षों से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जो जनहित याचिकाएं दायर की जाती हैं उन याचिकाओं को खारिज कर भारी जुर्माना लगाए जाने की नई परम्परा शुरू हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दल के प्रतीक चिन्ह के आवंटन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका निरस्त की, और 25000 रूपये का जुर्माना लगा दिया। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण नीति बनाने की मांग को लेकर याचिका को निरस्त करते हुए उसे पर 25000 रूपये का जुर्माना लगाया। जाति व्यवस्था के वर्गीकरण की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 35000 रूपये का जुर्माना लगाते हुए याचिका निरस्त कर दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका को निरस्त कर 50000 रूपये का जुर्माना लगाया। जनहित से जुड़े एवं आय मामलों को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेना बंद कर दिया है। जनहित की याचिकाएं या जनहित से जुड़े हुए मामलों की कई महत्वपूर्ण याचिकाएं कई वर्षों तक सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में लंबित बनी रहती हैं। जिस पर लंबे समय तक सुनवाई नहीं होती है। सुनवाई हो भी जाती है, तो फैसला सुरक्षित रख लिए जाते हैं। ऐसी स्थिति कुछ ही वर्षों में न्यायपालिका में देखने को मिल रही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जो याचिकाएं दायर की जाती हैं। उसमें याचिकाकर्ता को वकील की नियुक्ति करनी पड़ती है। उसकी फीस भी देनी पड़ती है। हाईकोर्ट ओर सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय में प्रारंभिक जांच भी होती है। न्यायालय फीस के रूप में याचिकाकर्ता से शुल्क जमा कराया जाता है। उसके बाद ही याचिका सुनवाई के लिए लिस्ट होती है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को लगता है, याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, तो उन्हें निरस्त कर दिया जाता है। जिन वकीलों द्वारा याचिका दायर की जाती है। उन्हें भी हाईकोर्ट के नियमो और कानून की जानकारी होती है। जनहित याचिकाओं में या अन्य याचिकाओं को खारिज करने के बाद जुर्माना लगाए जाने से अब लोगों में भय का वातावरण बन गया है। हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट जाकर न्याय पाने की कल्पना अब आम नागरिकों के बस की बात नहीं रह गई है। वकीलों की हजारों रुपए की फीस, न्यायालयों की फीस जमा करने, शपथ पत्र इत्यादि एवं मुकदमे की तैयारी करने में याचिकाकर्ता को हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। यदि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाने पर लोगों में भय का वातावरण बन गया है।

मेष राशिः आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राज नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी निर्णय कार्य में बार-बार बदलाव की वजह से उसमें टाइम लग सकता है। आज लोगों का आपके ऊपर विश्वास बढ़ेगा, अपने कार्यों के लिए आपसे सलाह लेंगे। अपना वक्त बर्बाद न करें। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा।

वृष राशिः आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। आज आपको रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। लम्बे वक़्त से आ रही दिक़्क़तों को आज ही हल करने की जरूरत है, इसलिए सकारात्मक सोचें तो सफलता जरुर मिलेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों के द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवार के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपने से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे। किसी व्यक्ति के प्रति विश्वास बढ़ेगा। अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले व्यक्ति के स्वभाव को ठीक से जानना होगा।

सिंह राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर सोच विचार में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छायें जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। छात्रों को फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन बनेगा।

कन्या राशिः आज का दिन महत्तवपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर घूमने कस प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आप यात्रा पर जा सकते है। घर में परिवार के साथ टाइम स्पेंड करने से रिश्तों में मजबूती बनी रहेगी। आज का दिन उन लोगों के लिए अच्छी ख़बर लेकर आया है, जो अपना प्रोफेशन बदलने का विचार कर रहे हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं। आप की आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। इस राशि के बेरोजगार लोगों को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिलेगी।

मकर राशिः आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज पारिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बढिया रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। निवेश लाभदायक सिद्ध होगा। आज आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं। आप नए लोगों से संपर्क कर सकते हैं। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। ऑफिस में रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे।

शब्द सामर्थ्य -036

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 035 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

सूडोकु नवताल- 7045

मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7044 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**®; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह** – बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
®समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

संक्षिप्त समाचार

नतनी की शादी से लौट रहे नाना की मौत, बालू लदे ट्रक ने रौंदा, हादसे के बाद ट्रक चालक फरार

हाजीपुर। वैशाली में नतनी की शादी समारोह से घर लौट रहे नाना की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची महुआ थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। घटना महुआ थाना क्षेत्र के फुरार चौक हनुमान मंदिर के पास सोमवार देर रात की है। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पञ्चायत निवासी स्व. राम बरन सहनी के 65 वर्षीय पुत्र विजय सहनी के रूप में हुई है। जो अपने नतनी की शादी 21 अप्रैल को बेटी के घर करपूर्वा गए हुए थे। शादी समारोह समाप्त होने पर वे अपने घर लौट रहे थे। तभी बालू लदे ट्रक ने कुचल दिया। मृतक के दो बेटे और दो बेटियों हैं। सभी की शादी कर चुके हैं। फिलहाल वे कोलकाता में रहकर चाय-नाश्ता की दुकानें चलाते थे। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बालू लदे ट्रक को पकड़ लिया। हालांकि ट्रक चालक मौके से भागने में कामयाब हो गया। ट्रक को महुआ थाने की पुलिस ने जब्त कर लिया है और प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई में जुट गई है।

गंगा पाथवे पर सड़क हादसा, 4 घायल, रुपए से भरी कैश वैन डिवाइडर से टकराई

पटना। पटना के गंगा पाथवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कैश वैन कुम्हरारा से दीघा चेकपोस्ट में रुपए लेकर जा रहा था। इसी दौरान कैश वैन डिवाइडर से जा टकराई। वैन में सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार पहुंचे और हादसे का जायजा लिया। ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि आईसीआइसीआई बैंक का कैश वैन है। जो कुम्हरार से दीघा चेकपोस्ट में रुपए लेकर जा रहा था। इसी दौरान गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। इसमें ड्राइवर चितरंजन के सिर में गंभीर चोट लगी है। बाकी रामशंकर कुमार (गन मैन), कमलेश कुमार (गन मैन), लक्ष्मण यादव (लोडर) भी इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। सभी को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। बता दें कि गाड़ी का नंबर BRO1GL5429 है। गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ड्राइविंग सीट की ओर का हिस्सा ज्यादा क्षतिग्रस्त हुआ है। इस वजह से ड्राइवर को गंभीर चोट आई है।

दानापुर में एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी

पटना। पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात चोरों ने थाना क्षेत्र के बीबीगंज भट्ठा रोड स्थित एक बंद घर का ताला तोड़कर एक लाख से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर के तीन कमरों को आराम से खंगाला और फिर चोरी की। घर पर ताला बंद कर पूरा परिवार उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शादी समारोह में शरीक होने गया था। इस संबंध में गृहस्वामी ई रिक्शा चालक बमबम कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। बमबम ने बताया कि गोरखपुर मेरी पत्नी की मौसेरी बहन की बेटी की शादी थी। वो 20 अप्रैल को घर पर ताला लगाकर गए थे। मंगलवार की सुबह पूरे परिवार के साथ घर लौटा तो देखा घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कुंडी में लटकाया हुआ है। जब घर के अंदर दाखिल हुआ तो पाया की घर के अंदर के तीनों कमरे का ताला टूटा हुआ है। बमबम के अनुसार, जब कमरे के अंदर देखा तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। गोदरेज व आलमीरा का भी लॉक टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोरों ने आराम से सभी कमरे समेत गोदरेज व आलमीरा खंगाला। उन्होंने बताया कि चोरों ने एक सोने की अंगूठी, छह जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी का सिक्का, चार पीस नोजपीन के साथ ही तीस हजार नगद समेत अन्य कीमती सामान की चोरी हुई है। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने कहा कि चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

चोरों ने खिड़की तोड़ घर में चोरी की

मुजफ्फरपुर। मुजफफपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के सिपाहीपुर गांव के मिथलेश राय के घर में बेखौफ चोरों का आतंक देखा गया। जहां चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। सीसीटीवी में चोरों की तस्वीर कैद हुई। मिथलेश कुमार ने बताया कुछ लोग एक पूजा में शामिल होने गए थे। घर पर मेरे दो बेटा था। इस दौरान चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में घुस गया। इसके बाद चोरों ने घर में रखे नगद एक लाख रुपए और लगभग 7 लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए। वहीं, घर में मेरा बेटा दूसरे कमरे में सो रहा था। जिसे चोरी की घटना की कोई भनक नहीं लगी। सुबह जब देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की घटना की सूचना मिलने के बाद हमलोग घर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी को खंगाल, जिसमें चोरों को आते जाते देखा गया है। अहियापुर थानेदार रोहन कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में FIR दर्ज कर ली गई है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया। जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

आग में झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत, कई लोग घायल

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में इन दिनों अगलगी की घटना हर दिन घटी रही है। इस दौरान शॉर्ट-सर्किट से अचानक आग लगी। हवा की वजह से आग चार घर में लग गई। आग बुझाने गई महिला की मौत हो गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पूरी घटना जिले सरैया थाना क्षेत्र के बखरा ब्रह्मपुरा गांव की है। जहां लालू पासवान के घर में शाम में अचानक शॉर्ट-सर्किट से आग लग गया। वहीं, जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया था। इसके बाद आसपास के चार घरों में आग पकड़ लिया। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए पूरी कोशिश की। इसमें कई लोग बुरी तरह झुलस गया। इसके बाद सूचना पर अग्निशमन टीम मौके पर पहुंचकर घंटों भर मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में झुलसे लोगों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। मंगलवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृत महिला रामप्रवेश पासवान की पत्नी सीता देवी के रूप में हुई है। सरैया थाना के पुलिसकर्मी ने बताया कि अगलगी की घटना में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को शव दिया गया है। आगे हमलोग छानबीन कर रहे है।

चिराग ने कहा- एकतरफा एनडीए के पक्ष में माहौल

हनुमान लला के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे चिराग पासवान, बोले- अब जीत के मार्जिन पर लड़ाई

एजेंसी, पटना।

महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हनुमान लला के दर्शन करने सिद्ध पीठ नवज्योति मंदिर बोरिंग रोड पहुंचे। दर्शन कर के बाहर निकले तो उन्होंने कहा- चुनाव में एकतरफा एनडीए के पक्ष में माहौल है। हर सीट पर अब जीत के मार्जिन को लेकर लड़ाई है। बड़े मार्जिन से एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत होगी। 40 की 40 सीटें प्रधानमंत्री के मिशन 400 पार में देने जा रहे हैं।

महागठबंधन के वोटरों में उत्साह की कमीः चिराग पासवान ने महागठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि महागठबंधन का जो वोटर है, उसमें उत्साह नहीं है। आज जो भी उत्साह है, प्रधानमंत्री के नाम पर है। पहले चरण के प्रचार प्रसार के लिए कांग्रेस का कोई बड़ा नेता प्रचार के लिए नहीं आया। इसी तरह से वामदल का कोई बड़ा नेता नहीं आया है। ये अपने में दर्शाता है कि इनलोगों का आपस में कोई तालमेल नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस और वामदल का कैडर क्यों बाहर निकलेगा। महागठबंधन का कोई चेहरा अब तक सामने नहीं आया है, आखिर कोई किस चेहरे पर वोट करेगा।

विकास ही मुद्दा हैः चिराग ने कहा कि हमेशा से विकास ही मुद्दा रहा है। इस बार भी विकास ही मुद्दा है। महगठबंध के लोग जरूर जात पात में उलझाने की कोशिश करते हैं। लेकिन इसबार भी चुनाव में एनडीए का विकास ही एनडीए का मुद्दा है।

पिस्टल से फायरिंग करते बनाया रिल्स, पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी, हाजीपुर।

वैशाली पुलिस ने दोनों हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करते रिल्स बनाकर सोशल मीडिया पर डालने वाले युवक को चार घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया । वहीं उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। युवक ने विडियो बनाकर जैसे ही इंस्टाग्राम पर डाला जिसे पुलिस ने चार घंटे के अंदर गिरफ्तार लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान तिसिऔता थाना क्षेत्र के डभैच गांव निवासी मनोज गिरी का पूत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। जिसकी जानकारी वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया की तिसिऔता थानान्तर्गत डभैच गाँव के एक युवक ने अवैध हथियार के साथ समाज के लोगों को भयभीत करने, डर एवं दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फायरिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था।

फायरिंग करते वीडियो किया था पोस्टः इस संबंध में स्थानीय थाना को सत्यापन हेतु सूचित किया गया। जिसके बाद स्थानीय थाना के द्वारा उक्त फोटो/वीडियो के सत्यापन के लिए उक्त स्थल पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक (सोनू कुमार) की तलाशी ली गई तो उसके पास से 01Realme कंपनी को मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिसे चेक करने पर इनके मोबाइल में हथियार के साथ सूट किया गया, जिसमें फोटो वीडियो प्राप्त हुआ। इस संदर्भ में तिसिऔता थाना कांड सं0-43/24, दिनांक-23.04.2024, धारा-25 (9)/27 Arms Act &67 IT ACT दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

राजद एमएलसी का चिराग पर तंज, बताया बिना पूंछ वाला हनुमान

एजेंसी, हाजीपुर।

वैशाली में MLC उर्मिला ठाकुर ने चिराग पासवान पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान बिना पूंछ वाले हनुमान हैं। दरअसल, वैशाली के एक होटल में महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उर्मिला ठाकुर ने चिराग पासवान और उनकी मां को लेकर टिप्पणी की। अब उनके बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। चिराग पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उसने कभी गरीबी नहीं देखी, वह क्या किसी का दुख-दर्द समझेंगा। राजद एमएलसी ने कहा कि चिराग का जिस परिवार में पालन पोषण हुआ है, वहां उसने कुछ भी परेशानी नहीं देखी। चिराग अपने आप को किसी का हनुमान बताते हैं, लेकिन वह बिना पूंछ वाले हनुमान हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी मां दूसरे का घर उजाड़ने वाली महिला है। वह कभी दूसरे का दर्द नहीं समझ सकती है। उर्मिला ठाकुर ने कहा कि चिराग मौजूदा समय में एनडीए की गोद में जाकर बैठे गए हैं। उन्हें ईडी और सीबीआई से डर है। उनको नहीं पता कि जो डर गया, वह मर गया। बता दें कि महागठबंधन उम्मीदवार शिवचंद्र राम के लिए प्रचार करने आई थी। मौके पर कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

पटना साहिब से मीरा कुमार के बेटे अंशुल को टिकट

कांग्रेस की 9 सीटों में से 3 पर नेताओं के बेटों को मौका

एजेंसी, पटना।

कांग्रेस ने पटना साहिब की सीट पर मीरा कुमार के बेटे अंशुल अभिजीत को उतारा है। पार्टी ने आज नौंवी सीट के लिए कैंडिडेट की घोषणा कर दी। उनका मुकाबला बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद से है। इससे पहले तीन सीटों भागलपुर से अजीत शर्मा, कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मो. जावेद को टिकट दिया था। वहीं सोमवार को पांच सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी थी। अंशुल कुमार के नाम की चर्चा पहले से ही थी। गठबंधन में कांग्रेस को मिली 9 सीटों में से 3 पर सीनियर लीडर और मंत्री के बेटे को मौका मिला है। जिसमें अंशुल कुमार के अलावा नीतीश सरकार में मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सनी हजारी और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश सिंह शामिल हैं।

कांग्रेस को मिली नौ सीटः कटिहार-कटिहार से पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता तारिक अनवर मैदान में हैं। उन्होंने शरद पवार के साथ मिलकर अलग पार्टी एनसीपी भी बनाई थी लेकिन फिर एनसीपी छोड़ वापस कांग्रेस में आ गए थे। पिछली बार उन्हें कटिहार में जेडीयू के दुलाल चंद गोस्वामी ने हरा दिया था। इस बार जेडीयू ने फिर से दुलाल चंद गोस्वामी को टिकट दिया है। तारिक अनवर पांच बार सांसद रह चुके हैं। वे फिर से जीतते हैं तो राजनीति को क्रिकेट में उनका छक्का होगा। उनकी भिड़ंत जेडीयू के दुलालचंद गोस्वामी से है। किशनगंज-किशनगंज से जेडीयू के प्रत्याशी मुजाहिद आलम हैं। यहां एआइएमआइएम के प्रत्याशी अख्तरुल ईमान भी मैदान में हैं। कांग्रेस ने यहां फिर से मो. जावेद को टिकट दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में मो. जावेद ने ही महागठबंधन की प्रतिष्ठा बचाई थी। उन्होंने जेडीयू के सैयद महमूद अशरफ को हराया था। भागलपुर-भागलपुर में कांग्रेस के अजीत शर्मा के सामने जेडीयू से अजय मंडल मैदान में हैं। अजय मंडल ने पिछले लोकसभा चुनाव में आरजेडी के शैलेश कुमार को हराया था। कांग्रेस ओबीसी के इलाके में भूमिहार जाति के अजीत शर्मा को उतारकर सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा प्रयोग कर रही है। शर्मा भागलपुर से विधायक हैं। महाराजगंज- महाराजगंज में कांग्रेस आकाश प्रसाद सिंह के सामने बीजेपी के जर्नार्दन सिंह सिग्रीवाल हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह पहले को खुद को दूसरी बार राज्य सभा भेजने में सफल हुए और उसके बाद अपने पुत्र आकाश को महाराजगंज से टिकट दिलाने में सफल हुए। यहां से प्रभुनाथ सिंह के पुत्र रेस में थे लेकिन आकाश ने पिता की बदौलत टिकट की रेस जीत ली। पिछली बार यहां से सिग्रीवाल ने आरजेडी के रणधीर कुमार सिंह को हराया था। तब लालू प्रसाद के साला साधु यादव बीएसपी के टिकट पर मैदान में थे। 2014 में यहां सिग्रीवाल ने बाहबुली प्रभुनाथ सिंह को हराया था। 2019 में भी आकाश लोकसभा का चुनाव लड़े थे। उन्हें उपेन्द्र कुशवाहा ने पूर्वी चंपारण से आरएलएसपी का टिकट दिया था।

पूर्व सांसद अरुण कुमार बीएसपी में हुए शामिल

एजेंसी, पटना।

जहानाबाद के पूर्व सांसद अरुण कुमार बीएसपी में शामिल हो गए हैं। पटना में उन्होंने बीएसपी की सदस्यता ली है। इससे पहले वे चिराग की पार्टी एलजेपी(आर) से जुड़े थे। टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दिया था। अरुण कुमार को बीएसपी में शामिल कराने में पार्टी के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार शर्मा का अहम भूमिका है। अशोक कुमार ने बताया कि अरुण कुमार जहानाबाद से बीएसपी की ओर से उम्मीदवार बन सकते हैं।

खेसारी लाल यादव बोले- पवन सिंह को मेरी ओर से शुभकामनाएं, जल्द संसद भवन पहुंचेः भोजपुरी सुपर स्टार खेसारी लाल यादव ने पवन सिंह को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने पटना एयरपोर्ट पर मंगलवार को कहा है कि मेरी शुभकामनाएं पवन सिंह के साथ है। हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द संसद भवन पहुंचे। वहां सिनेमा के लिए, शिक्षा के लिए, हमारी भाषा के लिए, लोगों के रोजगार के लिए आवाज़ उठाएं। जहां तक मदद होगी, हम उनके साथ हैं। वहीं, उन्होंने बीजेपी के 400 पार होने के सवाल पर कहा कि यह राजनीति विषय है, नेताओं का विषय है। मेरा विषय है बिहार का विकास करना। अगर हम लोग सभी मिलकर बात नहीं करेंगे तो मुझे नहीं लगता है कि बिहार के विकास के लिए कोई बात करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के विकास के लिए काम करें। हार जीत मायने नहीं रखता है।

चिराग पासवान ने मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे पर साधा निशानाः सांसद चिराग पासवान ने मंत्री महेश्वर हजारी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि यह वही लोग हैं, जिन्होंने अनुसूचित जाति को तोड़ा है। यह वही लोग हैं जो रामविलास के खिलाफ लगे रहे हैं। हमारी कम्युनिटी को तोड़ने में इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। यह वही लोग हैं जिन लोगों ने हमारे समुदाय को तोड़ा है। निश्चित तौर पर यह चुनाव का समय है। जनता अवश्य फैसला करेगी। लेकिन हमें नहीं लगता है कि हमारे कम्युनिटी का कोई भी सदस्य उनके साथ जाएगा।

सम्राट चौधरी ने समझाया राजद का मतलबः डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने चिराग पासवान की मां को लेकर अपशब्द कहे जाने पर कहा कि देखिए यह आरजेडी की संस्कृति है। राजद दूसरे को गाली देने के लिए ही जाना जाता है। समाज के लिए कुछ काम नहीं करना है। लालटेन का मतलब ही है। लालू प्लस 10 इक्वल टू लालटेन।

टिकट नहीं मिलने पर चिराग का साथ छोड़ा था

विजय सिन्हा ने पीएम के सपोर्ट में क्या कहाः वहीं, पीएम मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान के बाद सियासत गर्म हो गया है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने प्रधानमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए कहा है कि कांग्रेस के द्वारा यह कहना कि देश के संसाधन पर सबसे पहला हक अल्पसंख्यक का है, किसी अपराध से कम नहीं है। इस देश के संसाधन पर सभी धर्म और समुदाय का हक हैं। प्रधानमंत्री ने गलत नहीं कहा है कि मंगलसूत्र पर हमला है। जनता इस चुनाव में ऐसे लोगो को सपाट जवाब देगी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और मुजफ्फरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी अजय निषाद की मुलाकात प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ एयरपोर्ट पर हुई। निषाद ने स्वागत के साथ-साथ पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इधर, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में सभी लोगों के इनकम के सर्वे करने की बात की है।

मोइन-उल-हक स्टेडियम बनेगा क्रिकेट कॉम्प्लेक्स

एजेंसी, पटना।

बिहार के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) ने पटना के मोइन-उल-हक स्टेडियम को मॉडर्न स्पोर्ट्स हब में बदलने का फैसला लिया है। इससे राज्य में खेल के नए युग की शुरुआत होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद क्रिकेट कॉम्प्लेक्स परिसर बनाने के लिए समझौते के कागजातों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इनमें मुख्य तौर पर दो स्टैंडर्ड साइज के मैदान शामिल होंगे। इनमें एक मुख्य क्रिकेट स्टेडियम होगा और दूसरा बोर्ड मैचों और अन्य मुकाबलों की सुविधा के लिए होगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्रिकेट कॉम्प्लेक्स परिसर में सबसे एडवांस तकनीक वाला क्लब हाउस, कॉर्पोरेट बॉक्स और हॉस्पिटैलिटी लाउंज होगा। मुख्य स्टेडियम में बीसीसीआई अध्यक्ष/सेक्रेटरी बॉक्स, मेम्बर्स गैलरी, जनरल गैलरी और 40 से 50 हजार दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड्स होंगे। इसके अलावा कैंटीन और पांच सितारा सुविधाओं वाले 50 से 60 कमरे भी होंगे। मोइन-उल-हक स्टेडियम में घरेलू और बाहरी दोनों टीमों के लिए ड्रेसिंग रूम, फिजियो मसाज रूम, मनोरंजन और रिफ्रेशमेंट के लिए भी जगह रहेगी। इसके अलावा इनडोर क्रिकेट प्रैक्टिस एरीना, स्विमिंग पूल, दिन और रात में आउटडोर प्रैक्टिस की सुविधा रहेगी। इसके अलावा ड्रेनेज सिस्टम और पानी स्टोरेज करने के सिस्टम भी होगा। इसमें पर्याप्त जल व्यवस्था, आसानी से प्रवेश और निकास के लिए गेट होंगे।

संजय बने भारतीय वॉलीबॉल सीनियर पुरुष टीम के कोच

एजेंसी, पटना।

44 वर्षीय संजय बिहार पुलिस में सब-इंस्पेक्टर रैंक पर हैं। वह पिछले 10 सालों से बिहार पुलिस के चीफ वॉलीबॉल कोच के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वह बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ मिलकर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बच्चों को वॉलीबॉल की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं।

छपरा के संजय ने पटियाला में ली ट्रेनिंगः संजय छपरा के रहने वाले हैं। उनकी सारी पढ़ाई-लिखाई छपरा से ही हुई है। जब वह इंटर कर रहे थे, तभी वह बिहार पुलिस के लिए बहाल हो गए थे। उन्होंने ग्रेजुएशन बैचलर्स इन आर्ट्स से किया है। फिर उन्हें बिहार पुलिस की तरफ से पटियाला ट्रेनिंग के लिए भेजा गया। पटियाला से उन्होंने 2007-2008 में वॉलीबॉल स्पोर्ट्स कोचिंग में डिप्लोमा भी किया है। बिहार पुलिस में नौकरी के बाद वह पटना आए और तब से यहीं पर कार्यरत हैं।

वॉलीबॉल के लिए ग्राउंड तो था पर अच्छी कंडीशन नहींः संजय ने बताया कि वह ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े हैं। उनके गांव में वॉलीबॉल का खेल होता था, जिसे देखकर ही उन्हें इस खेल में दिलचस्पी जागी। वह क्लास 8 से ही गांव में वॉलीबॉल खेलना शुरू कर चुके थे। वह अपने गांव मुकरेरा में प्रैक्टिस करते थे, जो छपरा से 4 किलोमीटर दूर था। उनके गांव में वॉलीबॉल के लिए ग्राउंड तो था पर अच्छी कंडीशन नहीं थी।

कूलर की हवा में सो रहा शेर, चिपांजी के लिए नारियल-पानी, पटना जू में जानवरों के लिए विशेष इंतजाम

एजेंसी, पटना।

बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इस गर्मी में इंसान के साथ-साथ जानवर भी बेहाल हैं। इसे देखते हुए पटना जू प्रशासन की ओर से जानवरों की देखभाल के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। भीषण गर्मी में बाघ और शेर की गुफाओं में ठंडी हवा के लिए कूलर लगाए गए हैं। वहीं, पक्षियों के बाड़े में तपिश कम करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर के इंतजाम किए गए हैं।

शेर के पिंजरे के फर्श को पानी से गिला किया जा रहाः तेंदुआ, भालू, चिंपांजी के लिए नाइट हाउस में फैन की व्यवस्था गई है। बाघ, तेंदुआ और शेर के पिंजरे में फर्श को पानी से लगातार समय-समय पर गिला किया जा रहा है। जानवरों को धूप से बचाने के लिए शेड की भी व्यवस्था की गई है। लू और गर्म हवा से बचने के लिए बाड़े को पुआल से ढंका गया है। जानवरों के पीने का पानी भी समय-समय पर बदला जा रहा है।

चिपांजी को दिया जा रहा नारियल पानीः जू में जानवरों को ना सिर्फ गर्मी से राहत दी जा रही बल्कि उनके खान-पान में भी बदलाव किया गया है। रेंज ऑफिसर आनंद कुमार ने बताया कि हरा चारा, मौसमी फल जैसे तरबूज, अंगूर, डाभ जानवरों को दिया जा रहा है। चिपांजी को हर रोज नारियल पानी पिलाया जा रहा है। हाथी को केले का थंब दिया जा रहा है।

- धूप से बचाने के लिए शेड की भी व्यवस्था

फर्श को पानी से समय-समय पर गिला किया जा रहाः उन्होंने आगे कहा कि जानवरों के व्यवहार पर भी नजर रखी जा रही है। पानी में ग्लूकोज और मल्टीविटामिन की गोली मिलाकर दी जा रही है। ताकि उनकी ऊर्जा कायम रहे और गर्मी का प्रभाव ना पड़े।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024

संक्षिप्त समाचार

चैत्र पूर्णिमा पर रामनगरी में सरयू स्नान के लिए उमड़े भक्त, हनुमान गढ़ी में लगी लंबी कतारें

अयोध्या , एजेंसी। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को रामनगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। बड़ी संख्या में भक्तों ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। रामलला, कनक भवन सहित हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लग रही है।

प्रशासन की ओर से सरयू तट से लेकर मठ-मंदिरों तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई इसके बाद सरयू जल लेकर नागेश्वरनाथ मंदिर की ओर निकल पड़े। नागेश्वरनाथ मंदिर में अभिषेक-पूजन के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। यहां से भक्तों का रेला हनुमानगढ़ी पहुंचा।

हनुमान जयंती होने के कारण हनुमान जी को श्रद्धा अर्पित करने को लेकर भक्तों में होड़ रही। बड़ी संख्या में भक्तों ने हनुमंत लला के दरबार में हाजिरी लगाकर पूजा-अर्चना की। कुछ इसी तरह का दृश्य रामलला के दरबार में भी है। बड़ी संख्या में भक्तों ने रामलला की पूजा-अर्चना की। शाम को पूर्णिमा पर्व पर सरयू आरती का भी आयोजन होगा।

सामाजिक न्याय को निरंतर धार दे रही कांग्रेस, स्थानीय नेताओं को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

लखनऊ , एजेंसी। कांग्रेस सामाजिक न्याय के मुद्दे को निरंतर धार देगी। इसके लिए दिल्ली स्थित वार रूम से निरंतर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को संदेश दिया जा रहा है, जिससे वे इन मुद्दों को जनता के बीच पहुंचा सकें। वहीं, इसे सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया जा रहा है।

कांग्रेस ने संविधान बचाने, जातीय जनगणना कराने व न्याय का गारंटी के तहत विभिन्न मुद्दों को उठा रही है। राहुल गांधी ने अपनी न्याय यात्रा के दौरान सामाजिक न्याय यात्रा पर विशेष फोकस किया था। यही वजह है कि अब पार्टी ने जातीय जनगणना के साथ ही सामाजिक न्याय को धार देना शुरू कर दिया है। इसके लिए दिल्ली के वार रूम से स्थानीय नेताओं को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्हें सामाजिक न्याय के मुद्दों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही उन्हें विमर्श के दौरान पेश किए जाने वाले तथ्यों से भी बताया गया।

पार्टी इसे सोशल मीडिया पर भी प्रसारित करेगी। इस बीच किसी भी स्थान पर सामाजिक दृष्टिकोण से जुड़ीं घटनाएं अथवा सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाली घटना होगी तो वहां पार्टी का प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। मौके पर सभी पक्षों की बात सुनकर सामाजिक सद्भाव का संदेश देगा।

दूल्हे को एक पैर से डगमगाते हुए चलता देख दुल्हन बोली- मुझे नहीं करनी शादी

कानपुर , एजेंसी। महोबा जिले में कस्बा कबरई के एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में फेरों के दौरान दुल्हन ने दिव्यांग दूल्हा देख शादी से इनकार कर दिया। कई दौर में पंचायत हुई लेकिन देर शाम तक कोई नतीजा नहीं निकल सका। थाने में हुए समझौते में तय हुआ कि कार्यक्रम में आए खर्च को वर पक्ष अदा करेगा। वहीं, वधू पक्ष चढ़ाव में दिए गए सोने-चांदी के आभूषण लौटाएगा। इसके बाद देर शाम दूल्हा बिन दुल्हन बरात लेकर लौट गया।

जाम की समस्या के समाधान का एक्शन प्लान: काशी में 20 चौराहों पर तैनात होंगे पुलिस के 2 दरोगा और 4 सिपाही

वाराणसी , एजेंसी। शहर में भीषण जाम की समस्या के समाधान के लिए पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने नया एक्शन प्लान तैयार किया है। पुलिस आयुक्त ने जाम वाले 20 प्वाइंट को चिह्नित कर वहां ट्रैफिक पुलिस के अलावा सिविल पुलिस के दो दरोगा और चार सिपाही को रोजाना दो शिफ्ट में तैनात करने का निर्देश दिया है। 1

पुलिस आयुक्त ने सोमवार को बताया कि चिह्नित 20 प्वाइंट पर अलग से तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मी सुगम यातायात में ट्रैफिक पुलिस की मदद करेंगे। संबंधित क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त और थानाध्यक्ष दिन में दो बार चिह्नित स्थान का भ्रमण कर वहां तैनात पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग करेंगे। चिह्नित स्थान से 200 मीटर तक नो व्हीकल जोन और नो पार्किंग के साथ ही यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि वहां अतिक्रमण न हो।

उन्होंने बताया कि चिह्नित स्थानों पर 20-20 स्थानीय दुकानदारों / निवासियों की ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी के सदस्य जाम लगने पर तत्काल संबंधित थानाध्यक्ष और यातायात हेल्प लाइन नंबर 7317202020 पर फोटो के साथ सूचना देंगे।

चिह्नित स्थलों के सीसी फुटेज की थानों पर लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। संबंधित जोन के पुलिस उपायुक्त / अपर पुलिस उपायुक्त समय-समय पर चिह्नित चौराहों का भ्रमण कर एक्शन प्लान का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे।

इन 20 स्थानों पर तैनात होंगे अतिरिक्त पुलिसकर्मी

ककरमत्ता पुल, भिखारीपुर तिराहा, सुंदरपुर चौराहा, बीएचयू गेट, नगवा चौराहा/बीएचयू ट्रॉमा सेंटर चौराहा, सामने घाट पुल, टेंगरा मोड़, रामनगर चौराहा, सूजाबाद/पड़ाव चौराहा, राजघाट से नमो घाट तक, रेलवे क्रॉसिंग आदमपुर, भदऊं चुंगी रेलवे डॉट पुल, गोदौलिया चौराहा, रामापुरा चौराहा, बेनियाबाग तिराहा, गुरुचाग तिराहा, रथयात्रा चौराहा, मैदागिन चौराहा, नीमामाई तिराहा, कचहरी चौराहा।

यातायात पुलिसकर्मियों को दिया जाएगा ओआरएस

गर्मी को देखते हुए डीसीपी ट्रैफिक हृदेश कुमार ने जिले के सभी पुलिसकर्मियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। साथ ही पुलिसकर्मियों को गर्मी में बचाने के लिए छाता, चश्मा और ओआरएस का घोल वितरित किया जाएगा। ताकि चौराहों पर उन्हें परेशानी न हो। यातायात निरीक्षक पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि शहर में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को 150 चश्मा, 150 छाता और ओआरएस घोल वितरित किए जाएंगे। अभी तक 125 चश्मे वितरित किए जा चुके हैं।

लू की चपेट में यूपी का अधिकांश हिस्सा, जारी हुआ येलो अलर्ट

लखनऊ , एजेंसी। मौसम में पूरी तरह से गर्मी आ चुकी है। अप्रैल के महीने में मई और जून जैसे हालात हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बीते दो दिन से पारे में मामूली सी गिरावट हो रही है, लेकिन ये अस्थायी है, क्योंकी सामान्य तापमान में लगातार बढ़ोतरी जारी है। मंगलवार को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू चल सकती है, जबकि बुधवार से पूरे प्रदेश में तापमान में कम से कम दो डिग्री की बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। बुधवार को कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, दिन के तापमान में दो डिग्री से अधिक की वृद्धि हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री तक अधिक दर्ज हुआ है। सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज, बाराबंकी, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, बस्ती, झांसी, उरई,हमीरपुर में पारा 40 या इससे अधिक रहा। वहीं रात का पारा 20 डिग्री से 29 डिग्री के बीच रहा। सर्वाधिक गरम रात बुलंदशहर में रही।

लू को लेकर येलो अलर्ट- प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, बलरामपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर और आसपास।

एक क्लिक पर दिखेंगी 5 लाख किताबें, वाराणसी में 24 हजार पुस्तकें हुई ऑनलाइन

वाराणसी, एजेंसी। अब पुस्तकालयों के रैक और अलमारी में किताबें ढूंढने में घंटों समय जाया करने की जरूरत नहीं। बस एक क्लिक पर आपकी मनपसंद किताब आपके सामने होगी। यह सब कुछ ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर किताबों का ब्योरा ऑनलाइन होने से संभव होगा। ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक पुस्तकों की पहुंच सुलभ कराने के मकसद से प्रदेशभर के पुस्तकालयों की किताबों को ऑनलाइन किया जा रहा है।

पुस्तकालयों को एनआईसी से विकसित ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर अपलोड करने के काम को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। पहले चरण में प्रदेशभर के सरकारी पुस्तकालयों की पांच लाख पुस्तकों को ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन कर एक साथ लॉन्च करने की तैयारी है। चुनाव संपन्न होने के बाद इसकी लॉन्चिंग की जाएगी। वाराणसी जिला पुस्तकालय की 24 हजार पुस्तकों को ऑनलाइन कर दिया गया है।

एक साथ ऑनलाइन करेगी सरकार- प्रदेशभर के सरकारी पुस्तकालयों की किताबों का विवरण सॉफ्टवेयर पर अपलोड होने के बाद सरकार उसे एक साथ लॉन्च करेगी।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि डेढ़ से दो महीने में प्रदेशभर के पुस्तकालयों की पुस्तकों के सॉफ्टवेयर पर अपलोड हो जाने की उम्मीद है। जून-जुलाई तक ई-सॉफ्टवेयर पर अपलोड किताबों को पाठकों के लिए ऑनलाइन कर दिया जाएगा।

सॉफ्टवेयर पर पुस्तकों का नाम, लेखक, अलमारी संख्या, रैक संख्या और क्रम का विवरण अपलोड किया जा रहा है। पाठक को सिर्फ किताब का नाम डालते ही लाइब्रेरी में उसकी अलमारी और रैक संख्या का पूरा विवरण स्क्रीन पर आ जाएगा। इससे किताब ढूंढने में समय जाया नहीं करना पड़ेगा। जिला पुस्तकालय की कुल 34 हजार पुस्तकों में से 10 हजार पुस्तकें ग्रामीण पुस्तकालयों को आवंटित कर दी गई हैं। यहां 2500 से अधिक छात्र-छात्राओं की सदस्यता है। इसी तरह अन्य जिलों के पुस्तकालयों में उपलब्ध किताबों का विवरण भी सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जा रहा है।

सीएम योगी बोले, दादी से लेकर पोते तक गरीबी हटाओ का नारा देकर जनता की आंख में धूल झोंक रहे कांग्रेसी

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1977 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन जनता को शौचालय और आवास तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाईं। दादी से लेकर पोते तक अब फिर से वही नारा देकर जनता की आंख में धूल झोंका जा रहा है। इस बार जनता को उनके बहकावे में नहीं आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक राज किया लेकिन देश के 50 करोड़ लोगों के पास बैंक अकाउंट तक नहीं थे। करोड़ों लोगों को इलाज के लिए सुविधाएं नहीं मिल पाती थीं। अगर करोड़ों गरीबों को मुश्किल जिंदगी गुजारनी पड़ी है तो इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश में पालिटिक्स आफ परफार्मेंस की शुरुआत हुई। गरीबों को बिना किसी

भेदभाव के राशन और सुविधाएं मिलनी शुरू हुईं। गरीब जनता को गैस सिलेंडर के कनेक्शन दिए गए। बिजली के कनेक्शन दिए गए और देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। ये सब डबल इंजन की सरकार में संभव हो पाया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में जब यूपी में भाजपा की सरकार बनी तो पाया गया कि प्रदेश में 30 लाख से ज्यादा फेक राशन कार्ड थे। इसकी जांच अभी भी चल रही है। सपा सरकार में गरीबों का राशन सपा नेता और इनके द्वारा पोषित माफिया खा जाते थे।

प्रधानमंत्री मोदी के शासन में जनता को अब राशन मिल रहा है। प्रदेश में 80 हजार से ज्यादा राशन की दुकानों पर ईपॉस मशीनें लगाई गई हैं। राशन की डोर स्टेप डिलीवरी हो रही है। ये पॉलिटिक्स आफ परफार्मेंस का असर है।

फिर एक बार मोदी सरकार... अबकी बार 400 पार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले चरण का मतदान हो चुका है अभी छह चरणों का मतदान और होना है। देश की जनता पीएम मोदी के काम पर मतदान करेगी। देश में फिर मोदी सरकार बनेगी और भाजपा 400 सीटें प्राप्त करेगी।

बागपत लोकसभा सीट: जातीय गुणा-भाग में जीत की चाबी पिछड़ों के पास, इस बात पर दिया जा रहा फोकस

बागपत , एजेंसी। लोकसभा सीट पर चुनाव पूरी तरह से जातीय समीकरणों में उलझ गया है। सभी दलों के प्रत्याशी अपने कोर वोटर के साथ ही अन्य बिरादरी को अपने पक्ष में करने पर ज्यादा जोर लगा रहे हैं, मगर अभी किसी को कामयाबी मिलती नहीं दिख रही है।

हालत यह है कि किसी भी प्रत्याशी जातीय गणित सिरे नहीं लग रहा है। यह जरूर है कि पिछड़ों का रुख काफी अहम है। पहले चरण से सबक लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है।

रालोद-भाजपा प्रत्याशी डा. राजकुमार सांगवान को जाटों में बिखराव नहीं होने की उम्मीद है, लेकिन मुस्लिम वोटर रालोद से इस बार छिटक गया है। मुस्लिमों का रुख सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ दिख रहा है। सपा का कोर वोटर कहे जाने वाले यादव में ज्यादा बिखराव नहीं है।

इस गठबंधन के प्रत्याशी अमरपाल शर्मा की ब्राह्मण बिरादरी में मतबूत पकड़ मानी जाती है। बसपा से गुर्जर प्रत्याशी प्रवीण बंसल भी जातीय समीकरण बिगाड़ते दिख रहे हैं। इस तरह चुनाव पूरी तरह पिछड़ों पर आकर टिकता नजर आ रहा है।

वोटरों का जातीय आंकड़ा- बागपत लोकसभा सीट पर कुल 16 लाख 56 हजार 648 मतादता हैं। इनमें मुस्लिम वोटर सबसे ज्यादा करीब चार लाख हैं। जाट वोटर करीब साढ़े तीन लाख हैं। ब्राह्मण करीब डेढ़ लाख और गुर्जर वोटर सवा लाख हैं। इसके अलावा दलित करीब एक लाख 80 हजार, कश्यप करीब एक लाख, राजपूत करीब एक लाख हैं।

बैठते ही शुरू हो रही चुनाव की चर्चा - बागपत के बाजार में सोनीपत बस स्टैंड के पास बैठे लोगों की चुनाव को लेकर बातचीत हो रही थी। वहां बैठे शफीक सलमानी बोले कि इस बार बागपत में बदलाव जरूर होगा और इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी ज्यादा बेहतर है। तभी अश्वनी तोमर उनको आगे बोलने से रोक देते हैं। तपाक से बोले कि रालोद-भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी को ज्यादा समर्थन मिल रहा है।

शफीक सलमानी ने तभी कहा कि पहले रालोद व भाजपा वाले एक-दूसरे को खूब कोसते थे तो अब भाजपा वाले वोट कैसे देंगे। इस बीच विनोद शर्मा ने इंडिया गठबंधन की पैरवी करनी शुरू कर दी तो व्यापारी विक्की चौधरी ने पूरा चुनावी गणित बताकर रालोद-भाजपा प्रत्याशी की पैरवी कर दी। इस तरह ही बागपत के पुराने कस्बे में कुपेश्वर मंदिर के पास दोनों वर्गों के लोगों में एक साथ बैठकर चुनाव पर बातचीत चल रही थी।

छपरौली व मोदीनगर पर भी टिकी सभी की नजर- मोदीनगर विधानसभा सीट पर ब्राह्मण वोटर काफी हैं। अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी ब्राह्मणों के वोट हैं। इसके मद्देनजर सपा ने ब्राह्मण कार्ड खेला है। छपरौली जाट बाहुल्य है। इसे रालोद का गढ़ भी माना जाता है। ऐसे में इन दोनों विधानसभाओं पर हर किसी की नजर टिकी हुई है।

नगीना लोकसभा: गुणा-भाग में उलझे प्रत्याशियों के समर्थक राजनीति के दिग्गज भी नहीं समझ पा रहे जनता का मूड

बिजनौर, एजेंसी। प्रदेश की चुनिंदा हॉट सीट में शामिल हुई नगीना सीट पर शुक्रवार को हुए मतदान में जनता ने किस प्रत्याशी के सिर पर जीत का सेहरा बांधा है, इसकी गुणा भाग करने में सभी प्रत्याशी व उनके समर्थक पूरी तरह उलझे हुए हैं।

नगीना का सांसद कौन बनेगा इसका पता तो चार जून को पता चलेगा। आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद के नगीना सीट पर खुद उतर जाने के बाद प्रदेश की चर्चित सीटों में शामिल हुई नगीना सीट पर मतगणना के बाद क्या रुझान आया, यह जानने के लिए दूर-दूर से लोग अपने नगीना में रहने वाले परिचितों को फोन कर जानकारी जुटा रहे हैं। मतदान के दिन नगीना की जनता ने किसी एक पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में सर्वाधिक मतदान किया या जनता का मूड बंटा-बंटा रहा, इस बारे में कोई राजनीतिक जानकार पक्का दावा नहीं कर पा रहा है। एक तरफ जहां भाजपा समर्थक मुस्लिम व दलित वोटों में बंटवारा होने का दावा करते हुए अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे हैं, वही आसपा के समर्थक अपनी जीत से कम कुछ भी मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं। उधर समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के समर्थकों का दावा है की शोर

चाहे किसी भी पार्टी का मचता रहे लेकिन जीत उन्हीं की होगी क्योंकि जनता ने उनके पक्ष में एकतरफा मतदान किया है।

मतदान हुए तीन दिन बीत गए हैं लेकिन नगीना के हर प्रमुख चौराहों, गली मोहल्ले व चाय की दुकान पर लोग जीत-हार की गुणा भाग करने में दिन भर लगे हुए नजर आ रहे हैं।

कोई मुस्लिम व दलित वोटों के अधिक मतदान होने के सहारे, तो कोई इन दोनों वर्गों के कम मतदान होने की बात का दावा करते हुए अपने-अपने जीत के सपने संजोए रहा है। सभी पार्टियों के समर्थकों के अपने-अपने दावे हैं, देखना होगा की मतगणना के दिन किसके दावे हकीकत में तब्दील होते हैं। नगीना सीट का परिणाम विभिन्न पार्टियों के कई दिग्गज नेताओं के राजनीतिक भविष्य को भी तय करेगा। एक तरफ चुनाव परिणाम पर जहां समाजवादी पार्टी के नगीना व नजीबाबाद सीट से तीन-तीन बार के विजेता विधायक मनोज पारस व तस्लीम अहमद की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है, वहीं भाजपा प्रत्याशी व नहटौर विधानसभा सीट से तीन बार के विधायक ओम कुमार का राजनीतिक भविष्य भी इस चुनाव परिणाम पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

आजाद समाज पार्टी के लिए तो इस सीट का परिणाम बहुत मायने रखता है। वजह साफ है, इस सीट पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद खुद प्रत्याशी बने हुए हैं तथा पार्टी ने पूरे देश में सिर्फ इस सीट पर ही चुनाव लड़ा है। ऐसे में इस सीट का चुनावी परिणाम पार्टी की दशा व दिशा दोनों को तय करेगा।

संक्षिप्त समाचार

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी देखने गई महिला पहाड़ी से गिरी, मौत, 75 मीटर ऊंचाई पर फोटो खींच रही थी

ठइंडोनेशिया के माउंट रुआंग में 17 अप्रैल से लगातार ज्वालामुखी विस्फोट हो रहे हैं। ज्वालामुखी को देखने के लिए दूर-दूर से टूरिस्ट आ रहे हैं। इस बीच सोमवार (22 अप्रैल) एक चीनी महिला की ज्वालामुखी को देखने के दौरान मौत हो गई। ब्रिटिश मीडिया द इंडिपेंडेंट के मुताबिक, चीनी महिला सूर्योदय में ज्वालामुखी देखने के लिए इजेन क्रेटर के किनारे पर चढ़ गई। इजेन क्रेटर एक पहाड़ है, जिससे ज्वालामुखी साफ दिखता है। यह पहाड़ दुनियाभर में 'ब्लू फायर' नाम से जाना जाता है। पुलिस के मुताबिक, 31 साल की महिला का नाम हुआंग लिहोंग था जो चीन से घूमने के लिए इंडोनेशिया आई थी। वो ज्वालामुखी की कुछ फोटो क्लिक कर रही थी, तभी उसका पैर उसी के कपड़ों में फंस गया। वह कपड़ों को ठीक कर रही थी, उसी समय संतुलन बिगड़ने से वो चट्टान से गिर गई। हुआंग लिहोंग अपने पति झांग योंग के साथ आई थी। शुरुआती जांच से पता चला है की हुआंग की मौत इजेन क्रेटर पहाड़ की 75 मीटर ऊंचाई से गिरने से हुई है। उनके साथ मौजूद टूर गाइड ने कहा कि उसने महिला को कई बार चेतावनी दी थी और पहाड़ के किनारे से दो से तीन मीटर की दूरी बनाए रखने को भी कहा था। लेकिन महिला ने उसकी बात नही मानी। वो एक पेड़ के पास जाकर फोटो लेने लगी। तभी उसका कपड़ों में पैर फंसा और वो गिर गई। अब तक ये बात सामने नही आई है की महिला ने स्कर्ट पहनी हुई थी या लॉन्ग ड्रेस।

भारतीय मूल के शख्स को 20 साल की सजा, सिंगापुर में गर्लफ्रेंड की हत्या की, उसके अफेयर्स से परेशान था

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के एक शख्स को उसकी गर्लफ्रेंड की हत्या के मामले में 20 साल की सजा हुई है। पुलिस के मुताबिक एम कृष्णन अपनी गर्लफ्रेंड मल्लिका बेगम के कई पुरुषों के साथ संबंध होने से परेशान था। कृष्णन ने अपनी गर्लफ्रेंड को बेरहमी से पीटा था, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक कृष्णन ने पिछले सप्ताह सिंगापुर की कोर्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे सजा सुनाई गई। कृष्णन शादीशुदा था, उस पर पत्नी को भी पीटने के आरोप हैं। जज वैलेरी थीन ने सजा सुनाते हुए कहा कि कृष्णन के महिलाओं के साथ बार-बार किए गए दुर्व्यवहार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उसे गुस्सा बहुत आता है, जिसके कारण वह हिंसक हो जाता है। 2018 में कृष्णन पर पुलिस से भी दुर्व्यवहार करने के आरोप लगे थे। तब कृष्णन ने वादा किया था कि वो अपने आप में सुधार लाएगा। लेकिन इसके बाद भी उसने पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार किया। सजा सुनाते वक्त जज वैलेरी थीन ने कहा कि शख्स को गुस्से की बीमारी है, जिसे शराब ने और बढ़ा दिया है। 2015 में एक दिन कृष्णन की पत्नी ने उसे और उसकी गर्लफ्रेंड को बेडरूम में शराब पीते हुए पकड़ लिया। पत्नी के नाराज होने पर कृष्णन को गुस्सा आया और उसने पत्नी से मारपीट की। उसने पत्नी को मारने के लिए व्हिस्की की बोतल भी उठा ली थी, जिससे डरकर पत्नी ने कृष्णन से माफी मांग ली। बाद में मामला पुलिस तक भी गया, जिसके बाद कृष्णन की पत्नी को पुलिस प्रोटेक्शन दी गई। समय के साथ-साथ कृष्णन का गुस्सा और बढ़ता चला गया। कोर्ट के मुताबिक 2017 में उसने अपनी गर्लफ्रेंड मल्लिका को किसी छोटी-सी बात पर मारा था। कुछ समय बाद जब कृष्णन को पता चला कि उसकी गर्लफ्रेंड मल्लिका ने कई पुरुषों के साथ संबंध हैं तो उसका दुर्व्यवहार लगातार बढ़ता चला गया। वो छोटी-छोटी बातों पर मल्लिका को मारने लगा।

ताइवान में 6.3 तीव्रता का भूकंप, 6 घंटे में 80 झटके महसूस किए गए, चीन-जापान और फिलिपींस में भी कांपी धरती

ताइपे/टोक्यो। ताइवान में इस महीने फिर से बड़ा भूकंप आया। देश के पूर्वी तट पर सोमवार शाम 5 बजे से रात 12 बजे के दौरान 80 से ज्यादा बार झटके महसूस किए गए। इनमें सबसे ज्यादा तीव्रता 6.3 और 6 दर्ज की गई। भारतीय समय के मुताबिक, ये दोनों झटके रात 12 बजे के आसपास कुछ मिनटों के अंतराल पर आए। ताइवान में तब रात के 2:26 और 2:32 बजे थे। मौसम विभाग ने बताया कि भूकंप का केंद्र पूर्वी काउंटी हुलिएन में धरती से 5.5 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के कारण हुलिएन में दो इमारतों को नुकसान पहुंचा है। इनमें एक बिल्डिंग ढह गई, तो दूसरी सड़क की तरफ झुक गई। जापान, चीन और फिलिपींस में भी हल्के झटके महसूस किए गए। फिलहाल किसी नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले ताइवान में 3 अप्रैल को 7.5 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें करीब 14 लोगों की मौत हो गई थी। उस समय भी भूकंप हुलिएन शहर में ही आया था। इसका केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। कई इमारतें जमींदोज हो गईं, लैंड स्लाइड भी हुई। तब से अब तक ताइवान में सैकड़ों झटके महसूस किए हैं। ताइवानी सेंट्रल वेदर ब्यूरो के मुताबिक, यह ताइवान में 25 साल में आने वाला सबसे तेज तीव्रता वाला भूकंप था। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि हुलिएन में 3 अप्रैल को आए भूंकप में क्षतिग्रस्त हुआ होटल ताजा झटकों के कारण थोड़ा और झुक गया है। ताइवान दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन पर बसा देश है, जो भूकंप के लिहाज से सेंसिटिव माना जाता है। 2016 में दक्षिणी ताइवान में आए भूकंप में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। इससे पहले 1999 में 7.3 तीव्रता के भूकंप में 2,000 से अधिक लोग मारे गए थे। हर साल दुनिया में कई भूकंप आते हैं, लेकिन इनकी तीव्रता कम होती है। नेशनल अर्थक्वेक इंफॉर्मेशन सेंटर हर साल करीब 20,000 भूकंप रिकॉर्ड करता है। इसमें से 100 भूकंप ऐसे होते हैं जिनसे नुकसान ज्यादा होता है। भूकंप कुछ सेकेंड या कुछ मिनट तक रहता है। अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा देर तक रहने वाला भूकंप 2004 में हिंद महासागर में आया था। यह भूकंप 10 मिनट तक रहा था।

सूरत में BJP से मिले हुए थे कांग्रेस प्रत्याशी

सूरत। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा की निर्विरोध जीत के लिए कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी ने ही भाजपा से हाथ मिला लिया था। भाजपा की ओर से कुंभाणी को ऑपरेशन निर्विरोध की स्क्रिप्ट मिली। इसके अनुसार ही नीलेश कुंभाणी ने कांग्रेस की प्रदेश इकाई को अंधेरे में रखते हुए पैंतरे चले। कुंभाणी ने अपने नामांकन पत्र के प्रस्तावकों में कांग्रेस कार्यकर्ता-कैडर मेंबर की बजाय रिश्तेदार और करीबियों को रखा। कुंभाणी ने अपने पर्चे में प्रस्तावक बहनोई जगदीया सावलिया और बिजनेस पार्टनर ध्रुविन धामेलिया और रमेश पोलरा को बनाया। नीलेश कुंभाणी ने कांग्रेस पार्टी के डमी प्रत्याशी सुरेश पडसाला का प्रस्तावक भी अपने भांजे भौतिक कोलडीया को बनवाया। पर्चा दाखिल करते वक्त भी कुंभाणी किसी भी प्रस्तावक को चुनाव अधिकारी के सामने नहीं ले गए। चारों प्रस्तावकों ने हस्ताक्षर फर्जी होने का शपथपत्र दे दिया और खुद अंडर ग्राउंड हो गए। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया अपनाई गई। कोई भी सामने नहीं आया। इसके बाद कुंभाणी और डमी प्रत्याशी सुरेश पडसाला का पर्चा खारिज हो गया। सूरत में भाजपा के इस ऑपरेशन निर्विरोध का एपिसेंटर बना सूरत का फाइव स्टार होटल ली-मैरेडियन। यहां से 24 घंटे तक ऑपरेशन निर्विरोध की कार्रवाई का संचालन हुआ। ये कवायद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की सीधी निगरानी में हुई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर प्यारेलाल भारती सहित छोटे दलों के 4 प्रत्याशी सूरत से मैदान में थे। वह सूरत से वडोदरा पहुंच कर एक फॉर्म हाउस में जा बैठे। प्यारेलाल की खोजबीन शुरू हुई।

ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 35 रॉकेट

दावा- आर्मी हेडक्वार्टर को निशाना बनाया, इजराइल ने लेबनान में जवाबी हमले किए

एजेंसी, तेल अवीव।

हमास के खिलाफ जंग के बीच ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने सोमवार रात इजराइल पर 35 रॉकेट से हमला किया। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि इस दौरान उन्होंने इजराइल के आर्मी हेडक्वार्टर को निशाना बनाया। इजराइल ने भी इन हमलों की पुष्टि की है। इजराइली डिफेंस फोर्स (IDF) ने बताया कि लेबनान से दागे गए कत्यूशा रॉकेट इजराइल के साफेद शहर में गिरे। हालांकि, इस दौरान किसी नुकसान की खबर नहीं है। इसके बाद इजराइल ने लेबनान में पर जवाबी हमले किए। लेबनान की स्टेट न्यूज एजेंसी (NNA) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला लेबनान के गांवों पर इजराइली हमलों के जवाब में था। दरअसल, इजराइल ने हाल ही में लेबनान के श्रीफा, ओडासेह और रब लातिन गांवों में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया था।

6 महीने में हिजबुल्लाह के 376 लड़ाकों की मौत: टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, हमास के खिलाफ जंग शुरू होने के बाद हिजबुल्लाह लगातार इजराइल पर हमले करता रहा है। इस दौरान इजराइल की जवाबी कार्रवाई में अब तक हिजबुल्लाह के करीब 376 लड़ाकों की मौत हुई है। इस दौरान इजराइल के भी 10 सैनिकों और 8 आम नागरिकों ने जान गंवाई है। ईरान और इजराइल में टकराव के बाद से ईरान समर्थित संगठनों ने इजराइल पर हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को एक और संगठन कातिब हिजबुल्लाह ने सीरिया में अमेरिकी फौज के ठिकानों पर हमला किया था। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यह हमला इराक से हुआ था। इससे पहले 17 अप्रैल को भी हिजबुल्लाह ने इजराइल पर रॉकेट और ड्रोन्स से हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली आर्मी के बेस पर हुए अटैक में 14 लोग जख्मी हो गए थे। यह हमला इजराइल के अल-अरामशे गांव पर हुआ था।

क्या है हिजबुल्लाह संगठन: हिजबुल्लाह शब्द का अर्थ पार्टी ऑफ गॉड है। यह संगठन खुद को शिया इस्लामिक पॉलिटिकिल, मिलिट्री और सोशल आर्गनाइजेशन बताता है। हिजबुल्लाह लेबनान का ताकतवर ग्रुप है। अमेरिका और कई देशों ने इसे आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है। 1980 की शुरुआत में लेबनान पर इजराइल के कब्जे के दौरान इसे ईरान की मदद से बनाया गया था। 1960-70 के दशक में लेबनान में इस्लाम की वापसी के दौरान इसने धीमे-धीमे जड़ें जमानी शुरू कर दी थीं। ऐसे तो हमास सुन्नी फिलिस्तीनी संगठन है, जबकि ईरान के सपोर्ट वाला हिजबुल्लाह शिया लेबनानी पार्टी है। लेकिन इजराइल के मुद्दे पर दोनों संगठन एकजुट रहते हैं। 2020 और 2023 के बीच, दोनों गुटों ने इजराइल के साथ UAE और बहरीन के बीच समझौते का विरोध किया था।

मलेशिया के 2 नेवी हेलिकॉप्टर टकराए, 10 क्रू मेंबर्स की मौत

एजेंसी, कुआलालंपुर।

मलेशियाई नेवी के 2 हेलिकॉप्टर मंगलवार को हवा में टकरा गए। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। मलेशियाई नेवी ने बताया कि रॉयल मलेशियन नेवी परेड की रिहर्सल के दौरान यह हादसा हुआ। मारे गए सभी लोग नेवी के क्रू मेंबर्स थे। हादसा मंगलवार सुबह 9.30 बजे पेराक में लुमुत नेवल बेस पर हुआ। सभी शवों को लुमुत एयरबेस के अस्पताल भेजा गया है, जहां इनकी पहचान की जाएगी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, मरने वाले सभी लोगों की उम्र 40 साल से कम है। हेलिकॉप्टर्स की टक्कर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मलेशियन फ्री प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, नेवी की 90वीं सालगिरह पर परेड के लिए रिहर्सल चल रही थी। तभी HOM (M503-3) हेलिकॉप्टर फेनेक हेलिकॉप्टर के रोटर से टकरा गया। इसके बाद फेनेक हेलिकॉप्टर पास ही में मौजूद एक स्विमिंग पूल में जा गिरा। वहीं HOM हेलिकॉप्टर लुमुत बेस के स्टेडियम के पास क्रैश हो गया। यह टक्कर क्यों और कैसे हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। मलेशियाई नेवी ने बताया कि उनकी एक टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। मलेशिया के रक्षा मंत्री दातुक सेरी मोहम्मद घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने जनता से हादसे का वीडियो शेयर नहीं करने की अपील की है। हादसे के बाद मलेशिया के राजा सुल्तान इब्राहिम ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए उन्होंने घटना की जांच पर नजर रखने की बात कही। वहीं मलेशिया के न्यू स्ट्रेट टाइम्स के मुताबिक, हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद रॉयल मलेशियाई नेवी की 90वीं सालगिरह का सेलिब्रेशन टल सकता है।

परेड रिहर्सल में हादसा एक हेलिकॉप्टर स्विमिंग पूल, दूसरा स्टेडियम में गिरा

पतंजलि ने कहा- 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया

कोर्ट ने पूछा- साइज विज्ञापन जैसा है क्या, कटिंग भेजिए, माइक्रोस्कोप से तो नहीं पढ़ना पड़ेगा

एजेंसी, नई दिल्ली।

पतंजलि विज्ञापन केस में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में पतंजलि की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा- हमने माफीनामा फाइल कर दिया है। इसे 67 अखबारों में पब्लिश किया गया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा- आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस ऐड का भी साइज वही था? कृपया इन विज्ञापनों की कटिंग ले लें और हमें भेज दें। इन्हें बड़ा करने की जरूरत नहीं है। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं। ये हमारा निर्देश है। जस्टिस कोहली ने कहा कि जब आप कोई विज्ञापन प्रकाशित करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम उसे माइक्रोस्कोप से देखेंगे। सिर्फ पन्ने पर न हो, पढ़ा भी जाना चाहिए। कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को निर्देश दिया कि अगले दो दिन में वे ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उन्होंने गलती की। मामले की अगली सुनवाई अब 30 अप्रैल को होगी।

पतंजलि ने कहा- भविष्य में कभी ऐसी गलती नहीं दोहराएंगे: पतंजलि आयुर्वेद ने सोमवार (22 अप्रैल) को कुछ न्यूज पेपर्स में माफीनामा प्रकाशित किया है। इसमें कहा कि पतंजलि आयुर्वेद सुप्रीम कोर्ट का पूरा सम्मान करता है। सुप्रीम कोर्ट में हमारे वकीलों ने हलफनामा पेश किया, उसके बाद हमने विज्ञापन प्रकाशित किया और प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हम इसके लिए माफी मांगते हैं। भविष्य में कभी ऐसी गलती नहीं दोहराएंगे।

केजरीवाल की कस्टडी 7 मई तक बढ़ी, जेल में पहली बार इंसुलिन दी गई

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार 23 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। इसके पहले केजरीवाल की कस्टडी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, फिर उसके बाद 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। कोर्ट के इस आदेश के बाद केजरीवाल अब लोकसभा चुनाव के दूसरे (26 अप्रैल) और तीसरे (7 मई) फेज की वोटिंग के दौरान भी जेल में रहेंगे। केजरीवाल के अलावा BRS नेता के. कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सुनवाई के दौरान कहा कि के. कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी। ED ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक ED की रिमांड पर भेजा गया। 1 अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं। इस बीच, तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि केजरीवाल को सोमवार शाम इंसुलिन दी गई। अधिकारियों ने कहा कि कम खुराक वाली इंसुलिन की 2 यूनिट दी गईं, क्योंकि सोमवार शाम 7 बजे उनका शुगर लेवल 217 हो गया था। एम्स की टीम ने कहा था कि स्तर 200 पार होने पर उन्हें कम खुराक वाली इंसुलिन दी जा सकती है।

तिहाड़ प्रशासन बोला- शुगर लेवल 217 था, इसलिए कम खुराक दी

ईरान ने कश्मीर पर नहीं दिया पाकिस्तान का साथ

PM शहबाज ने गाजा से की कश्मीर की तुलना

एजेंसी, इस्लामाबाद।

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने पाकिस्तान का कश्मीर मुद्दे पर साथ नहीं दिया। दरअसल, रईसी 3 दिन के दौरे पर पाकिस्तान में हैं। सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बैठक के दौरान रईसी के सामने कश्मीर का मुद्दा उठाया। गाजा में मौजूदा हालातों की तुलना कश्मीर से करते हुए शरीफ ने कहा, "कश्मीर के हित में आवाज उठाने के लिए मैं आपका और ईरान के लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं।" हालांकि, शहबाज के बयान का ईरान के राष्ट्रपति ने कोई जवाब नहीं दिया। अपने संबोधन के दौरान रईसी ने सिर्फ फिलिस्तीन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ईरान फिलिस्तीनियों के हित के लिए लड़ता रहेगा। रईसी ने कश्मीर का कोई जिक्र नहीं किया। कश्मीर पर ईरानी राष्ट्रपति की चुप्पी को पाकिस्तान में शहबाज के लिए अपमानजनक बताया जा रहा है। ईरान के राष्ट्रपति के पाकिस्तान दौरे के बीच तेहरान में भारतीय दूतावास ने भी मंगलवार को भारत-ईरान के रिश्तों को लेकर बयान जारी किया। एम्बेसी ने कहा, "भारत और ईरान के रिश्तों का लंबा इतिहास रहा है। दोनों देश कॉमर्शियल कनेक्टिविटी और कई दूसरे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर लगातार काम कर रहे हैं।"

पाकिस्तान से रिश्ते सुधारना चाहता है ईरान: मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरानी राष्ट्रपति के पाकिस्तान दौरे का मुख्य एजेंडा दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारना है। दरअसल, जनवरी 2024 में ईरान और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। इससे दोनों के संबंधों में खट्टास आई थी। इसके बाद ही ईरान के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का दौरा करने का फैसला किया था। अब ईरानी राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी, उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल और एक बिजनेस डेलिगेशन भी पाकिस्तान की यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान कई नेताओं से ईरानी राष्ट्रपति व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बातचीत करेंगे।

'आतंक के खिलाफ मिलकर काम करेंगे ईरान-पाकिस्तान': सोमवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने पर सहमति जताई। दरअसल, दोनों देश आतंक के मुद्दे पर एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे हैं। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की सीमा ईरान के बॉर्डर के साथ लगती है। यहां बलोच लिबरेशन आर्मी एक्टिव है, जो पाकिस्तान में हमले करती है। पाकिस्तान का आरोप है कि ईरान अपने मुल्क में इन आतंकियों को पनाह देता है। वहीं, बलूचिस्तान में सुन्नी आतंकी संगठन 'जैश अल अदल' ईरान की सीमा में घुसकर सेना पर हमला करता है। ईरान इस संगठन को खत्म करना चाहता है। ऐसे में कई बार ईरान और पाकिस्तान के बीच विवाद पैदा होता है। इसके अलावा रईसी के दौरे में ईरान-पाकिस्तान ने अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने से जुड़े 8 MOU साइन किए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रईसी ने कहा कि ईरान और पाकिस्तान के बीच ट्रेड को 10 अरब डॉलर तक पहुंचाया जाएगा। हम दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान रईसी पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और आर्मी चीफ आसिम मुनीर से भी मुलाकात करेंगे। ईरान इससे पहले कई बार कश्मीर और भारत को लेकर कई बार विवादित बयान दे चुका है।

MP-UP में आज हीटवेव का अलर्ट, तापमान 42 डिग्री पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने देश के कई राज्यों में अगले 5 दिनों तक तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक में आज हीटवेव चलेगी। वहीं, पश्चिम बंगाल में सीवियर हीटवेव की चेतावनी जताई गई है। इन चारों राज्यों में तापमान भी 42 डिग्री तक पहुंच चुका है। उधर, बिहार, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, असम, मेघालय, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश में आज उमस भरी गर्मी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में आने वाले 4-5 दिनों में तापमान 42 डिग्री से भी पार पहुंच जाएगा। हालांकि, मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश का भी अनुमान है, लेकिन इससे गर्मी का असर कम नहीं होगा। गर्मी को देखते हुए ओडिशा में 25 अप्रैल से बच्चों की स्कूल की छुट्टियां घोषित की गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूल भी 15 जून तक बंद रहेंगे। देश में गर्मी के असर के बावजूद 21 राज्यों में हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है। इनमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अलावा असम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं।

संजय सिंह बोले-केजरीवाल पर नजर रख रहा PMO

एजेंसी, नई दिल्ली।

आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि PMO और दिल्ली LG CCTV लिंक के जरिए जेल में केजरीवाल पर नजर रख रहे हैं। संजय ने यह भी कहा कि केजरीवाल के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है, जिसमें सीधे तौर पर देश के प्रधानमंत्री शामिल हैं। इसके पहले तिहाड़ जेल के DG ने आम आदमी पार्टी के उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिनमें ये कहा गया था कि जेल में कैदियों से खराब व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा- अगर लोग इसका राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं तो मैं इन सबमें नहीं पड़ता। संजय ने कहा कि उन पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। इतनी निगरानी क्यों है। क्या देखना चाह रहे हैं मोदी जी। ये देखना चाहते हैं कि केजरीवाल को दवा-खाना मिला या नहीं। वे क्या पढ़ रहे, कितना सो रहे। मोदी जी ने इस काम में दिल्ली LG को भी लगा दिया है। आखिर वे क्या जानना चाह रहे हैं। अरविंद केजरीवाल से क्या दुश्मनी है। PM के इस अन्यायपूर्ण व्यवहार को देखकर केजरीवाल के माता-पिता दुखी हैं। उनकी पत्नी सेहत को लेकर परेशान हैं।

दिल्ली की जनता परेशान है कि उन्हें दवा-इंसुलिन क्यों नहीं दी जा रही है। इसलिए अगर PM को केजरीवाल से कॉम्पिटिशन करना है तो काम की राजनीति से करें। स्कूल बनाएं, महंगाई कम करें। लेकिन, आपकी चिंता ये है कि केजरीवाल प्रताड़ित कैसे होगा। ये हिटलरशाही, तानाशाही क्यों। बड़े-बड़े तानाशाह दुनिया से चले गए, आपकी सत्ता को भी जाना होगा।

कश्मीर में PAK आतंकियों के पास अमेरिकी हथियार

राजौरी टारगेट किलिंग में घटनास्थल से मिली अमेरिका में बनी M4 राइफल की बुलेट्स

एजेंसी, नई दिल्ली।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुई टारगेट किलिंग में अमेरिकी राइफल का इस्तेमाल किया गया है। दरअसल, सोमवार को आतंकियों ने राजौरी में मोहम्मद रज्जाक नाम के एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। छानबीन के बाद पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे पाकिस्तानी आतंकियों का हाथ था। उन्होंने अमेरिका में बनी M4 राइफल और पिस्टल का इस्तेमाल किया। घटनास्थल से पुलिस ने इस राइफल की कई बुलेट बरामद की हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए सेना और पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर दी है। इससे पहले साल 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारतीय सेना को कश्मीर के कई हिस्सों में आतंकियों के पास से M4 राइफल्स मिलीं थीं। दिसंबर 2020 में भी एक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 6 आतंकियों को मार गिराया था। इन सबके पास से अमेरिकी हथियार बरामद हुए थे।

क्या है M4 राइफल: M4 राइफल को सटीक निशाने और रात में निशाना साधने के लिए जाना जाता है। इसमें मामूली बदलाव कर इसे ग्रेनेड लॉन्चर भी बनाया जा सकता है। इसकी तुलना कई बार AK-47 से की जाती है। यह राइफल करीब 600 मीटर की दूरी तक लक्ष्य भेदने में सक्षम है। साथ ही ये लगातार 950 गोलियां भी दाग सकती है। इस राइफल का इस्तेमाल दुनियाभर में 60 देशों की सेनाएं करती हैं। इनमें पाकिस्तान भी शामिल है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से लौटने के बाद नाटो की सेना ने साढ़े 3 लाख से ज्यादा राइफल वहीं छोड़ दी थीं। इनमें भारी मात्रा में M4 राइफल्स भी शामिल थीं।

रज्जाक के भाई सेना में जवान, पिता की भी आतंकियों ने हत्या की थी: वहीं राजौरी में टारगेट किलिंग के बाद थाना मंडी तेहसील के शाहदरा शरीफ इलाके और कुंदा गांव में छानबीन की जा रही है। पूरे जिले में सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। टारगेट किलिंग में मारे गए 40 साल के रज्जाक सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट में काम करते थे। उनके भाई सेना में जवान हैं। आतंकियों ने मोहम्मद रज्जाक के घर पर फायरिंग की थी। इस दौरान रज्जाक को गोली लग गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 साल पहले रज्जाक के पिता की भी आतंकियों ने इसी इलाके में हत्या कर दी थी।

संक्षिप्त समाचार

हार्दिक पंड्या पर एक बार फिर इरफान ने साधा निशाना

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आठ मैचों में मुंबई इंडियंस की टीम महज तीन ही मैच जीत पाई और इन सबके बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या लगातार आलोचकों के निशाने पर हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए। इस मैच के बाद इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल

की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही हार्दिक पांड्या पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है। इरफान पठान ने साथ ही कहा कि वह जिस तरह की फॉर्म में हैं, वह टीम इंडिया के लिए अच्छी बात नहीं है। इरफान पठान ने यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि जब वह शुरुआती मैचों में ज्यादा रन नहीं भी बना रहे थे, तब भी 140 का स्ट्राइक रेट पर रन बना रहे थे। इसलिए ही उनकी इतनी तारीफ होती है। इरफान ने कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल में फॉर्म में वापसी के लिए आसान तरीके ढूंढ रहे हैं और ऐसे में आपको अपने साथी खिलाड़ियों से रिस्पेक्ट नहीं मिलता है।

यशस्वी के नाबाद शतक की बदौलत राजस्थान ने मुंबई को 9 विकेट से रौंदा

जयपुर, एजेंसी। सोमवार को राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की आईपीएल में शानदार फॉर्म देखने को मिली। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सवाई मानसिंह स्टेडियम में शानदार नाबाद शतक उड़ाया। जयसवाल शतक के दम पर राजस्थान रायल्स ने अपनी शानदार फार्म की बदौलत मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंद दिया।

180 रनों के लख्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की बल्लेबाजी ने शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जयस्वाल ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के रूप में केवल एक विकेट गंवाया। जोस बटलर मात्र 25 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने शानदार पारी खेली। कप्तान संजू सैमसन ने जायसवाल के साथ मिलकर मैच फिनिश किया। संजू सैमसन ने 28 गेंद पर 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

यशस्वी जासवाल ने इस आईपीएल सीजन में पहला शतक बनाया। उन्होंने 60 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी खेली। जायसवाल ने अपनी पारी में 9 चौके और 7 छक्के लगाए। मैच के अंत में जायसवाल ने विजयी चौका लगाया। इससे पहले आईपीएल के 17वें सीजन में सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। हार्दिक पांड्या ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में कुछ बदलाव किए। जबकि राजस्थान ने कुलदीप सेन की जगह संदीप शर्मा को प्लेइंग-11 में शामिल किया।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) 7 में से 6 मैच जीतकर 12 पॉइंट्स के साथ अंक तालिक में टॉप पर थी। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस (एमआई) 7 में से 3 मैच जीतकर 6 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर थी। हार्दिक पांड्या की टीम के पास इस मुकाबले को जीतकर अंक तालिका में लंबी छलांग लगाने का मौका था। इस सीजन आरआर का उनके होमग्राउंड पर रिकॉर्ड दमदार रहा है। ऐसे में मुंबई के लिए यह राह इतनी आसान नहीं रही। इस सीजन में दूसरी बार दोनों टीमें एक-दूसरे से भिड़ी। इससे पहले मुबंई में दोनों टीमों का सामना हुआ था, जहां जीत राजस्थान की हुई थी। हेड टू हेड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच आईपीएल में कुल 29 मैच खेले गए हैं। 15 में मुंबई और 13 में राजस्थान को जीत मिली है, एक मैच बेनतीजा रहा।

युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास

आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं- डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।

मिनर्वा एकेडमी ने पंजाब एफसी को हराया और ग्रुप चैंपियन बनकर उभरी

चंडीगढ़, एजेंसी। अंडर-15 आई-लीग के एक अहम मुकाबले में मिनर्वा एकेडमी ने जीत दर्ज की और पंजाब एफसी को 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस रोमांचक जीत के साथ ही टीम ने नॉक आउट चरण में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। मैच की शुरुआती हूटर के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अपना दृढ़ संकल्प और कौशल दिखाते हुए 12वें मिनट में बाइटे के गोल की बदौलत बढ़त बना ली। पंजाब एफसी ने खतरनाक दिख रही मिनर्वा टीम के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए तीन त्वरित गोल करके उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया और 3-1 से आगे हो गई। मिनर्वा एकेडमी ने पीछे हटने से इनकार कर दिया, रोकश 29वें मिनट में ने नेट पर गोल करके हाफ टाइम तक स्कोर 2-3 कर दिया। मिनर्वा एकेडमी ने

लगातार आक्रमण किया और अंततः गिबाश के गोल की मदद से हाफ़ की शुरुआत में ही बराबरी कर ली। ये गोल 47वें मिनट में आया। इसके बाद दोनों टीमें गोल की कोशिश करती रही, लेकिन 90 मिनट तक दोनों को कामयाबी नहीं मिली। 90+4 मिनट में तुबोई ने गोल किया और 4-3 की जीत के साथ अंडर-15 आई-लीग के इतिहास में सबसे बड़ी वापसी में से एक को पूरा किया।इस जीत के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अभी तक खेले गए सभी छह मैचों में अजेय रहते हुए ग्रुप चरण को शीर्ष पर समाप्त किया। पांच जीत, 20 गोल करने और केवल चार गोल खाने का उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड उनकी ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। सिटी टीम 16 अंकों के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गई। इस शानदार जीत में मिनर्वा एकेडमी ने कभी न हार मानने वाला रवैया दिखाते हुए लड़ने की भावना को प्रदर्शित किया। इससे प्रशंसक अपनी सीटों से खड़े हो गए। टीम ने टूर्नामेंट के बाकी हिस्सों के दौरान एक अविस्मरणीय यात्रा का वादा करने के लिए मंच तैयार किया।

भारत के सबसे सफल खिलाड़ी सौरव ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है,

लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी।

व्यापार

रामदेवबाबा सॉल्वेंट की बाजार में धमाकेदार एंट्री, 85 रुपये का शेयर पहले ही दिन 115 रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी। रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। कंपनी के शेयर 31 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 112 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 85 रुपये में निवेशकों को मिले थे। यानी, लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को हर शेयर पर 27 रुपये का फायदा हो गया है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 अप्रैल को खुला था और यह 18 अप्रैल 2024 तक ओपन रहा। लिस्टिंग के ठीक बाद रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 117.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। कंपनी रिफाइंड राइस ब्रैन ऑयल का प्रॉडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट फिलहाल मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड, मैरिको लिमिटेड और एम्पायर स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड जैसी कंपनियों को राइस ब्रैन ऑयल सेल करती है। इसके अलावा, कंपनी अपने खुद के ब्रांड तुलसी और सेहत के तहत राइस ब्रैन ऑयल की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ पर टोटल 126.21 गुना दांव लगा था।

देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांचेगा खाद्य नियामक, सवाल उठे तो हरकत में सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताये जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ''मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है।

अरसे बाद टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल के शेयर ने भरी उड़ान

5 साल में दे चुका है 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की सब्सिडियरी कंपनी टीटीएमएल के शेयर लंबे अरसे बाद आज उफान पर हैं। आज दोपहर 12 बजे के करीब इसके शेयर 14 फीसद की उछाल के साथ 89.75 रुपये पर पहुंच गए। यह वही स्टॉक है, जो 27 मार्च 2020 को 1.85 रुपये का था और 11 जनवरी 2022 को यह अपने ऑल टाइम हाई 291 रुपये पर पहुंच गया था। पिछले एक साल में रतन टाटा द्वारा स्थापित इस कंपनी के शेयर ने 37 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने में यह स्टॉक 12 फीसद से अधिक उछला है। इसका 52 हफ्ते का

लो 59.80 रुपये है। 15 सितंबर 2023 को 103 रपुये पर पहुंचने के बाद आज फिर से इसमें तेजी दिख रही है। पांच साल पहले यह शेयर 2.86 रुपये का था। इस स्टॉक में धैर्य रखने वाले निवेशक मालामाल हो गए। इस अवधि में टीटीएमएल ने 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। शुरुआत से अबतक यह 1079 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है। छह जुलाई 2001 को यह स्टॉक 7.34 रुपये का था। टीटीएमएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग 25 अप्रैल को होनी है। इस बैठक में कंपनी के तिमाही नतीजे का ऐलान किया जएगा। टीटीएमल के शेयर होल्डिंग की बात करें तो मार्च 2024 तक प्रमोटर्स के साथ 74.36 फीसद हिस्सेदारी है।

पावर कंपनी का कम हो गया कर्ज, शेयर खरीदने की लूट

नई दिल्ली, एजेंसी। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को एक बार फिर स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 679.40 के 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी दिन है जब शेयर में तूफानी तेजी आई है। वहीं, सितंबर 2019 के बाद पहली बार शेयर ने इस स्तर को टच किया है। बता दें कि यह शेयर 753.45 के अपने ऑल टाइम हाई से केवल 9 प्रतिशत दूर है। इस महीने में अब तक शेयर में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, साल-दर-साल इस शेयर में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शानदार तिमाही नतीजे की वजह से कंपनी के शेयर रॉकेट की तरह बढ़ रहे हैं। मार्च तिमाही के दौरान

कंपनी घाटे से मुनाफे में आई और 1.40 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ। इससे पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 421.11 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय पिछले वर्ष के 86.36 करोड़ से बढ़कर 1211 करोड़ हो गई। एबिटा के मोर्चे पर कंपनी ने एफवाय24 में 54 करोड़ का पॉजिटिव ग्रोथ देखा।

इसके अलावा एफवाय24 में कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट को मजबूत किया है। कंपनी का एफवाय23 में कुल कर्ज 1966 करोड़ था जो घटकर 116 करोड़ हो गया है। कंपनी ने ये भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक कोई एडवांड कर्ज भुगतान नहीं है। मार्च 2024 तक कंपनी के पास ऑर्डर 8084 करोड़ था, जबकि मार्च 2023 तक यह 4913 करोड़ था। बता दें कि स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी एंड-टू-एंड सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) समाधानों का एक लीडिंग सर्विस प्रोवाइडर है।

एनर्जी कंपनी को मिला बड़ा ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी। एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी केपी एनर्जी लिमिटेड को विंड एनर्जी का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के बाद केपी एनर्जी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को केपी एनर्जी शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। इस शेयर की पिछली क्लोजिंग 390.35 रुपये थी जो मंगलवार को 409.85 पर पहुंच गया।

बता दें कि 26 फरवरी 2024 को शेयर की कीमत 465 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मई 2023 में शेयर की कीमत 58.61 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। एक साल की अवधि में इस शेयर ने निवेशकों को 550 प्रतिशत से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। केपी एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसे विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए भथवारी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से एक नया ऑर्डर मिला है। यह परियोजना विंड-सोलर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट का एक घटक है जो गुजरात में स्थित है। यह परियोजना राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) नेटवर्क का हिस्सा है और कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट के तहत है। इस परियोजना के वित्तीय वर्ष 2024-2025 में समाप्त होने की उम्मीद है और इसमें टर्नकी परियोजना विकास के लिए सप्लाई और सर्विस, दोनों शामिल हैं। मार्च तिमाही के दौरान केपी एनर्जी लिमिटेड के नेट प्रॉफिट में लगभग 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह एक साल पहले की अवधि में 15.48 करोड़ था जो 24.89 करोड़ रुपये है। इसका राजस्व 148.44 करोड़ रुपये के मुकाबले 39.6 प्रतिशत बढ़कर 207.26 करोड़ रुपये हो गया। केपी एनर्जी की मुख्य कारोबारी गतिविधियों में विंड फार्मों का निर्माण, विंड एनर्जी प्रोजेक्ट और संबंधित सर्विसेज का निर्माण, विंड एनर्जी उत्पादक संपत्तियों का उपयोग करके बिजली का उत्पादन और विंड एनर्जी परियोजनाओं का ऑपरेशन या मेंटेनेंस शामिल हैं।

विनिर्माण क्षेत्र में 40 फीसदी तक पहुंच सकती है महिला प्रशिक्षुओं की भागीदारी, 70 प्रतिशत ग्रामीण

नई दिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की मांग में तेज वृद्धि हुई है। कारखाने अब लैंगिक समानता को अपना रहे हैं। इस साल के अंत तक उम्मीद है कि विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की संख्या 40 फीसदी तक पहुंच सकती है। टीमलीज के अनुसार, 8 से 10 महीने में 10 वीं व 12वीं कक्षा पास करने वाली महिला प्रशिक्षु को नियुक्त करने की मांग में पांच गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रशिक्षुओं की मांग में वृद्धि वाहन, ई-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तथा फोन विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी के कारण आई है। इससे महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व में अच्छी खासी वृद्धि का अनुमान है। विनिर्माण क्षेत्र में प्रशिक्षु के रूप में करीब 70 प्रतिशत महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। यह कौशल विकास तथा

व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिये इन क्षेत्रों में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर का संकेत देता है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले हर महीने 1,000-2,000 महिला प्रशिक्षुओं की मांग थी।यह बढ़कर अब 10,000 से 12,000 प्रति महीने पहुंच गईहै।वहीं, इनकी भर्तियां भी 10-15 फीसदी से बढ़कर 40-45 फीसदी पहुंच गईहै।

इंजीनियरिंग में बेस्ट आप्शंस

स्टूडेंट्स के बीच इंजीनियरिंग हमेशा से हॉट सब्जेक्ट रहा है, क्योंकि बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग के बाद करियर के कई ऑप्शंस खुल जाते हैं। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस, पीएसयू, प्राइवेट सेक्टर में शानदार जॉब हासिल कर सकते हैं। अगर आप इंजीनियरिंग में एडमिशन लेने जा रहे हैं, तो जानें यहां आपके लिए क्या बेस्ट ऑप्शंस हैं..

एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग

एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए 12वीं में साइंस सब्जेक्ट यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स/ बायोलॉजी जैसे सब्जेक्ट होने चाहिए। अधिकतर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटी एग्रीकल्चर इंजीनियर के बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन करती है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष की होती है। इसमें डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है। कुछ संस्थानों में एडमिशन बारहवीं के अंक के आधार पर भी होता है। आज इस फील्ड में अवसर भी कम नहीं है। स्किल्ड प्रोफेशनल्स प्रोडक्शन, सेल्स, मैनेजमेंट, रिसर्च आदि फील्ड में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग

12वीं साइंस (मैथ्स) के स्टूडेंट्स बीई/बीटेक एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं या एयरोनॉटिक्स में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। विभिन्न कॉलेजों और आईआईटीज में एयरोनॉटिक्स में डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स उपलब्ध है। कई पॉलिटेक्निक्स द्वारा एविएशन में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। देश में कुछ संस्थान एविएशन में पोस्ट ग्रेजुएट (एमटेक) और डॉक्टोरल प्रोग्राम (पीएचडी) भी कराते हैं। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का बीई/ बीटेक कोर्स चार साल का होता है, जबकि डिप्लोमा कोर्स की अवधि दो-तीन साल होती है। एयरोनॉटिकल इंजीनियर गवर्नमेंट और प्राइवेट एयरलाइंस में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अलावा, नेशनल एयरोनॉटिकल लैब, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, इसरो आदि में भी जॉब पा सकते हैं।

ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग

इन दिनों ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स की डिमांड काफी बढ़ गई है। आप आईआईटी (गुवाहाटी) से बीटेक इन डिजाइनिंग (चार वर्षीय) का कोर्स कर सकते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) अहमदाबाद, इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में चार वर्षीय प्रोग्राम ऑफर करती है। इन सभी कोर्स में 12वीं (पीसीएम) के बाद जेईई मेन्स और एडवांस क्वालिफाई करके एडमिशन लिया जा सकता है। आईआईटी, दिल्ली से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) हासिल कर सकते हैं। आईआईटी, कानपुर भी इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में दो वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स कराती है। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी-मुंबई से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) प्राप्त कर सकते हैं।

जेनेटिक इंजीनियरिंग

इस कोर्स में एंट्री के लिए 12वीं बायोलॉजी, केमिस्ट्री और मैथ्स से पास होना जरूरी है। इस समय अधिकतर यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट में जेनेटिक इंजीनियरिंग के लिए अलग से कोर्स ऑफर नहीं किया जाता है, लेकिन इसकी पढ़ाई बायोटेक्नोजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री में सहायक विषय के रूप में होती है। बायोटेक्नोलॉजी के अंडर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट में जेनेटिक इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। गेजुएट कोर्स, बीई/बीटेक में एंट्री प्रवेश परीक्षा के आधार पर होती है। जेनेटिक इंजीनियर के लिए भारत के साथ-साथ विदेश में भी जॉब के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। मेडिकल और फार्मास्युटिकल कंपनी, एग्रीकल्चर सेक्टर, प्राइवेट और गवर्नमेंट रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर में जॉब हासिल कर सकते हैं। टीचिंग को भी करियर ऑप्शन के रूप में आजमाया जा सकता है।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग

इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनने के लिए स्टूडेंट को जेईई या फिर स्टेट लेवल पर आयोजित होने वाले इंजीनियरिंग एग्जाम को क्वालिफाई करना जरूरी है। 12वीं साइंस के स्टूडेंट्स इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। इसके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ होना चाहिए। मौजूदा समय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग, टेलीविजन, कंप्यूटर, माइक्रोवेब्स से संबंधित इंडस्ट्रीज में इसकी खूब मांग है। इसके अलावा, एटमी प्लांट्स, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट्स, थर्मल पावर आदि के डिजाइन और डेवलपमेंट इलेक्ट्रिक इंजीनियर की अहम भूमिका होती है।

फायर इंजीनियरिंग

फायर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए साइंस सब्जेक्ट्स से बारहवीं पास होना जरूरी है। इसके अलावा, इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए कई संस्थान नेशनल लेवर पर एंट्रेंस एग्जाम और साक्षात्कार आदि भी आयोजित करते हैं। फायर इंजीनियरिंग से रिलेटेड सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। कोर्स के दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाती है। इन कोर्सेज में फिजिकल फिटनेस के मार्क्स भी जोड़े जाते हैं। दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर ऐंड सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेड एस लाकड़ा के मुताबिक, फायर इंजीनियरिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स के लिए गवर्नमेंट और पब्लिक सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। इस फील्ड में जुड़े प्रोफेशनल्स रेलवे, एयरफोर्ट ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया, डिफेंस फोर्स, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, ओएनजीसी, माइंस, रिफाइनरिज, पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स आदि में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

कंप्यूटर साइंस

कंप्यूटर साइंस में करियर बनाने के लिए मैथ्स और साइंस (फिजिक्स, केमेस्ट्री) में अच्छी पकड़ होनी चाहिए। इस ब्रांच में बीई या बीटेक करने के बाद पोस्टग्रेजुएशन यानी एमई/एमटेक किया जा सकता है। कंप्यूटर इंजीनियर्स के लिए देश-विदेश दोनों जगहों पर अच्छी संभावनाएं हैं। ये सॉफ्टवेयर्स को डिजाइन, डेवलप और मेंटेन करते हैं। इस फील्ड से जुड़े लोगों को सॉफ्टवेयर कंपनीज और आईटी कंपनियों में जॉब मिलती है। कंप्यूटर इंजीनियर अपनी टीम के साथ मिलकर मैथ और साइंस का प्रयोग करके कंप्यूटर को डिजाइन और डेवलप करते हैं। आमतौर पर कंप्यूटर के पुजरें के साथ काम करने वाले प्रोफेशनल्स को हार्डवेयर इंजीनियर कहा जाता है और जो कंप्यूटर के प्रोग्राम्स के साथ काम करते हैं, उन्हें सॉफ्टवेयर इंजीनियर कहा जाता है।

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

इन दिनों पेट्रोलियम इंजीनियर्स की काफी डिमांड है। अन्य इंजीनियरिंग ब्रांच की ही तरह पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स का 12वीं साइंस (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स) से पास होना जरूरी है। इस कोर्स में एडमिशन के लिए जेईई पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन ऑयल, ऑयल इंडिया लिमिटेड, एचपीसीएल, ओएनजीसी, बीपी आदि में जॉब की तलाश की जा सकती है।

माइनिंग इंजीनियरिंग

माइनिंग इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए मैथ, फिजिक्स और केमिस्ट्री से 12वीं पास होना जरूरी है। माइनिंग इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए जेईई जैसे एंट्रेंस एग्जाम को पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, आईपीसीएल, नेवली लिग्नाइट कॉरपोरेशन, यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आदि में जॉब की संभावनाएं तलाश सकते हैं। इसके अलावा, रिसर्च और टीचिंग में भी काफी स्कोप है।

हॉबी भी बन सकती है कमाई का साधन

यदि आपकी भी कोई हॉबी है, तो वह आपको अच्छा रिटर्न भी दे सकती है। जरूरत है कि आप अपनी हॉबी को अपना पैशन बना लें, तभी तो वह आपको लाभ देगी। पैशन को निवेश में बदलने की शुरूआत करने पर उससे संबंधित कुछ बातों को जानना जरूरी है, तभी तो आप उसकी सही कीमत पा सकती हैं और अपनी कड़ी मेहनत से जुटाई संग्रहणीय वस्तुओं को भी सुरक्षित रख सकती हैं।

कलैक्शन के लिए जुनून

कलैक्शन की ललक किसी में बचपन या बुढ़ापे से ले कर कभी भी पैदा हो सकती है। कला, पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप, सिक्के और नोट सरीखी वस्तुओं का कलैक्शन लंबे समय में आपको अच्छी रिटर्न दे सकता है।

शुरूआत के लिए

यदि आप कुछ संग्रह करना शुरू करने वाली हैं, तो बेहतर है कि आप आम कलैक्शन के साथ शुरूआत करें। उदाहरण के लिए यदि आप स्टांप इकट्ठी करने वाली हैं, तो जितनी ज्यादा संभव हो, उतनी स्टांप इकट्ठी करें और जब कुछ समय के बाद आपके पास स्टांप का अच्छा-खासा कलैक्शन हो जाए, तो आप किसी खास देश की खास स्टांप पर भी फोकस कर सकती हैं। इससे मिलने वाली खुशी एक संकलनकर्ता का प्रोत्साहन होती है, न कि उसके संकलन की मार्कीट वैल्यू उसके लिए मायने रखती है।

अभिभावकों की भूमिका

अगर किसी बच्चे में कलैक्शन की हॉबी है तो अभिभावक और शिक्षकों को उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। अभिभावकों में अपने बच्चे के टैलेंट को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चे की कलैक्शन की आदत को पैशन बनाने में उसे प्रोत्साहन दें। वे अपने बच्चे का परिचय ऐसी विभिन्न सोसायटियों से करा सकते हैं, जहां पर पुराने और बड़े संकलनकर्ता दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए मीटिंग और सैमीनार आयोजित करते हैं। ये सोसायटियां किसी संकलनकर्ता के संकलन की जानकारी को लोगों से सांझा करने और उनके संकलन को विस्तृत बनाने के लिए जानकारियां देने में मददगार होती हैं।

विशिष्ट कलैक्टरों की जमात में शामिल होने के लिए संकलनकर्ता को अपने संकलन के विषय की गहन जानकारी होनी चाहिए। उसके लिए अपने विषय के अन्य संकलनकर्ताओं और उनके संकलन के स्तर के बारे में जानना भी बेहद जरूरी है, सो इसके लिए आप प्रदर्शनियों में जाएं तथा नैट पर सर्च करती रहें।

उपलब्धता भी रखती है मायने

आप जिस चीज का संकलन करने जा रहे हैं, उसकी उपलब्धता का स्तर जानना बेहद महत्वपूर्ण है। यह भी समझें कि विशिष्ट संकलनकर्ताओं के पास संजोई गई चीजें आसानी से नहीं मिलतीं।

डीलर की पहचान जरूरी

स्टांप, स्कल्पचर और सिक्के बेचने वाले डीलरों से कोई चीज खरीदने से पहले आप अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें कि वास्तव में वह वस्तु अपने दाम के अनुरूप है या नहीं। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय प्रत्येक आइटम का गहनता से परीक्षण करना होगा। इसकी भी जांच कर लें कि वह चीज अच्छी स्थिति में हो और किसी अधिकृत संस्था द्वारा प्रमाणित हो। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आप धोखाधड़ी का शिकार तो नहीं हो रहे हैं, क्योंकि बहुत सी नई चीजों को पुराना रूप देकर एंटीक बता दिया जाता है।

संग्रहणीय वस्तुओं की सुरक्षा

एक संकलनकर्ता को अपनी संग्रहणीय वस्तुओं की गुणवत्ता के साथ किसी हाल में समझौता नहीं करना चाहिए। उन्हें अपने संग्रहण की स्थिति की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। ऐसी चीजों को इकट्ठा करने से बचना चाहिए, जो सही स्थिति में न हों, हालांकि पुराने इस्तेमाल हो चुके स्टांप इसके अपवाद हो सकते हैं। संकलनकर्ता आम तौर पर अपनी कलैक्शन को लेकर बेहद पोजैसिव होता है। अपनी कलैक्शन को लोगों के हाथ में देकर दिखाने की अपेक्षा दूर से दिखाना बेहतर तरीका है। सिक्कों के संग्रहणकर्ताओं को अपने सिक्के साफ पानी से धोने चाहिएं। ऐसे रसायनों से बचना चाहिए जिनसे सिक्कों की वास्तविक चमक कम हो जाती हो।

संकलनकर्ताओं को अपने संकलनको दुर्लभ, अति दुर्लभ जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत कर उनका कैटालॉग बनवा कर उनके विषय में लोगों को जानकारी देनी चाहिए।

संकलन का बाजार

संकलनकर्ताओं को देखना चाहिए कि उनके संकलन के लिए आसान खरीद और बिक्री का बाजार हो। संकलित वस्तुओं को किसी मान्यता प्राप्त अथॉरिटी से प्रमाणपत्र मिला होना चाहिए। संग्राहक के पास अपने संकलन को बेहतर स्थिति में सुरक्षित रखने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी होना चाहिए।

पैशन को दें दिशा

अपने पैशन को यूं ही मत जाने दें। आपका यह पैशन आपको किसी बड़े निवेश की ओर ले जा सकता है। अगर आपको सिक्के इकट्ठे करने का शौक है तो आप सिक्कों का एक बड़ा कलैक्शन कर इन्हें बेच कर अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं अर्थात आपकी हॉबी भी पूरी होगी और पैसा कमाने की चाहत भी। पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप तथा दुनिया के तमाम देशों की करंसी इकट्ठा करने की आपकी हॉबी आपको धनवान बना सकती है।

आफिस और आपका व्यवहार

ऑफिस में कभी काम को कल पर टाल कर, तो कभी काम ज्यादा होने पर छुट्टी ले लेना जैसी आदतें पुरुषों में ही नहीं, बल्कि महिला कर्मचारियों में भी पाई जाती हैं। उन्हें तो शायद यह महसूस भी नहीं होता कि उनकी यह आदत धीरे-धीरे उनकी ही परफार्मैंस पर भारी पड़ते हुए उन्हें बॉस की नजरों में गैर-जिम्मेदार ठहराती जा रही है।

महिलाएं अक्सर दूसरों के सामने यह राग अलापती हैं कि वे तो मजे की नौकरी कर रही हैं। ऐसी बातें जब बॉस के कानों में पहुंचती हैं, तो वह निल-परफार्मैंस के साथ सहज ही आपकी तुलना कर लेता है। यही कारण है कि जब प्रमोशन की बात आती है तो कई बार आपके जूनियर बाजी मार जाते हैं। ऐसी कई गलतियां हैं, जिनकी आदी हो चुकीं महिला कर्मचारी इन्हें अपनी आदत बना लेती हैं। यदि आप में भी कोई ऐसा अवगुण है तो उसे समय रहते ही सुधार लेना आवश्यक है।

अपनी गलती दूसरों के सिर न मढ़ें

अपनी गलती को छिपाने वाले तथा बॉस की नजरों में अच्छी इमेज साबित करने वाले लोग हर जगह होते हैं। ऐसे लोग अपनी गलती दूसरे के सिर मढ़ कर बच निकलना चाहते हैं, परंतु अपनी इस आदत के कारण दूसरों की परेशानी की वजह बन जाते हैं। यदि आप में भी यह आदत है तो इसे सुधार लेना ही बेहतर है। हो सकता है कि आरंभ में अपनी गलती मानते हुए आपको शर्मिंदगी महसूस हो, लेकिन यकीन मानें कि उसे छिपाने में आपको कहीं ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। अपने किसी कुलीग के सिर गलती मढने की कोशिश हर बार कामयाब नहीं हो सकती और गलती साबित हो जाने पर वह स्थिति अधिक कष्टदायक हो सकती है।

रोज की बहानेबाजी तौबा-तौबा

कई बार आप सुबह उठती हैं और काम पर जाने का मन नहीं हो रहा या बच्चों ने घूमने की फरमाइश कर दी तो तुरंत फोन कर बॉस से पेट दर्द, सिरदर्द या किसी और बीमारी का बहाना बना कर आप लीव ले लेती हैं। छुट्टी लेना तो आपका अधिकार है और उस समय आप अभिनय में कलाकारों को भी मात दे देती हैं। कुछ दिन की छुट्टी चाहिए तो मैडीकल सर्टीफिकेट देकर लंबी छुट्टी ले ली परंतु ऐसी बहानेबाजी आपके दूसरे कुलीग्स का वर्क प्रैशर बढ़ा देती है। कभी यह सोचा है कि आपकी इस आदत के चलते आप अपने सहयोगियों का ही नहीं, बल्कि अपने बॉस का भी विश्वास खोने लगती हैं, क्योंकि वह आपको जिम्मेदारी का काम या ओहदा देने से कतराने लगते हैं।

व्यवहार हो संतुलित

किसी ने आपके काम पर उंगली उठाई या फिर आपको क्रिटीसाइज किया तो आप अपने गुस्से पर काबू नहीं रख पातीं और गुस्से में लाल-पीली होकर सामने वाले पर बरस उठती हैं या फिर आप सामने वाले की कही गलत बातों को भी चुपचाप सुन स्वयं में ही सिमटे हुए वहां से उठ कर चल देती हैं। प्रोफैशनल नजरिए से देखा जाए तो दोनों तरह के व्यवहार सही नहीं हैं, क्योंकि तुरंत रिएक्ट करने से आप सबकी नजरों में एग्रैसिव साबित होते हैं तो चुपचाप हर किसी की नाराजगी झेलने से आप सॉफ्ट टार्गैट बन जाते हैं। इसलिए बेहतर है कि व्यवहार को संतुलित रखें क्योंकि दोनों ही स्थितियों में आप अपना सही पक्ष नहीं रख सकतीं। इसलिए बेहतर है कि भीतर का आक्रोश थम जाने पर ही सामने वाले से बात करें। इससे आप जहां सही ढंग से अपना पक्ष रख सकेंगी, वहीं आपकी एनर्जी बेकार की बातों में वेस्ट नहीं होगी और काम पर भी उसका नैगेटिव असर नहीं पड़ेगा।

पर्सनल काम करें अवॉयड

ऑफिस के फोन से पर्सनल कॉल करना, ई-मेल पर चैट करना, प्रिंट पर पर्सनल डॉक्यूमैंट्स के प्रिंट लेना या फिर घरेलू कामों को निपटाना जैसे काम एक दिन बॉस के नोटिस में आ ही जाते हैं। ये सब आपकी कार्यक्षमता पर सवालिया निशान भी लगाते हैं। इसलिए बेहतर है कि इस प्रकार के पर्सनल कामों को अवॉयड किया जाए।

शालीन पहनावा

जब बात ऑफिस में प्रोफैशनल बिहेवियर की चल रही हो तो सही ड्रैसिंग भी उसी में आती है। यदि ऑफिस में कोई ड्रैस कोड नहीं है तो आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए ऑफिस में हमेशा ग्रेसफुल पोशाक ही पहनें, क्योंकि इसी से आपके सहयोगी आपके बारे में अपनी राय कायम करते हैं।

सलमान नहीं होंगे ओटीटी बिग बॉस 3 के होस्ट

सलमान खान इन दिनों हर न्यूज की हैडलाइन बने हुए हैं, जिसकी वजह है उनके घर के बाहर हुई फायरिंग और इससे जुड़ी अपडेट को लेकर वह लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। तो वहीं दूसरी ओर बिग बॉस ओटीटी 3 को लेकर भी सल्लू मियां सुर्खियों में बने हुए हैं। दबंग खान के फैंस को इस बार निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि हो सकता है कि इस बार बिग बॉस ओटीटी 3 को सलमान खान होस्ट नहीं कर पाए। टीवी का सबसे कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस के अब तक के सभी सीजन सुपर हिट रहे हैं। टेलीविजन के साथ ही ओटीटी की दुनिया में भी इस शो ने अपना जलवा बरकरार रखा है। बिग बॉस ओटीटी 2 की सफलता के बाद मेकर्स बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए कंटेस्टेंट्स की तलाश में हैं। इसी बीच इस शो के होस्ट को लेकर एक अपडेट सामने आई है।

कौन संभालेगा सलमान की गद्दी

मीडिया रिपोट्स की माने तो इस बार यह शो सलमान खान होस्ट नहीं कर पाएंगे। इसलिए उनकी जगह कुछ नए नाम सामने आए हैं, जो बिग बॉस ओटीटी 3 सीजन को होस्ट कर सकते हैं। बिग बॉस ओटीटी 2 कई वजहों से लाइमलाइट में रहा। एल्विश यादव की वाइल्ड कार्ड एंट्री ने शो की टीआरपी बढ़ाई, तो अभिषेक और मनीषा की दोस्ती ने लोगों को खूब एंटरटेन किया। अब मेकर्स बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए कंटेस्टेंट्स के साथ इसके नए होस्ट की भी तलाश कर रहे हैं।

बिग बॉस ओटीटी 3 के दावेदार

बिग बॉस ओटीटी 3 के लिए कुछ नाम सामने आए हैं। लेकिन इस पर मेकर्स की तरफ से अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं आई है। कंटेस्टेंट्स के नाम के बीच अब बिग बॉस ओटीटी 2 के तीन फेमस कंटेस्टेंट्स का नाम सामने आया है, जो सलमान खान की गद्दी को संभाल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एल्विश यादव, मनीषा रानी और अभिषेक मल्हान बन सकते हैं बिग बॉस ओटीटी 3 में नए मेंटर। लेकिन फैंस इस बात से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं कि सलमान खान की जगह कोई दूसरा होस्ट आए।

नाएला ने वेब सीरीज मामला लीगल है में काम करने के अपने अनुभव को साझा किया

अभिनेत्री नाएला ग्रेवाल ने अपनी वेब सीरीज मामला लीगल है से खूब सुर्खियां बटोरी हैं। इस सीरीज को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज ने लोगों को जमकर हंसाया था। सभी को यह इतनी पसंद आई कि इसके दूसरे सीजन को लेकर लोग इंतजार नहीं कर पा रहे हैं। इस वेब सीरीज में नाएला ने रवि किशन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया है। हाल ही में, नाएला ने उन बड़े कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। नाएला ग्रेवाल ने बताया कि मामला लीगल है में काम करने से उनके भीतर कई बदलाव आए। उनके लिए रवि किशन जैसे कलाकारों के साथ काम करना, किसी अभिनय संस्थान में जाने जैसा था। नाएला ने कहा कि उन्हें सीरीज के सभी कलाकारों से काफी कुछ सीखने को मिला। अभिनय के प्रति उनके दृष्टिकोण पर भी मामला लीगल है के कलाकारों के मार्गदर्शन का गहरा असर पड़ा है।

वकील की भूमिका मे नजर आई थीं नैला

नाएला ने कहा कि प्रतिभा से भरे कलाकारों के साथ काम करके वह खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं। इस वेब सीरीज में वकील की भूमिका निभाकर उन्हें अपनी कला के बारे में नए पहलुओं को जानने का मौका मिला। बता दें कि नाएला ने इस सीरीज में एक ऐसी वकील का किरदार निभाया है, जो हार्वर्ड से पढ़कर आई हैं और काफी आदर्शवादी हैं। वह हमेशा परेशान और वंचित लोगों की मदद करने को आतुर रहती हैं, लेकिन कोर्ट की खराब व्यवस्था के चलते खुद ही तंग हो जाती हैं।

जल्द आएगा दूसरा सीजन

मामला लीगल है का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर 1 मार्च, 2024 को रिलीज हुआ था। इसमें नाएला के अलावा रवि किशन, यशपाल शर्मा, बृजेंद्र काला, विवेक मुशरान और तन्वी आजमी ने अहम किरदार निभाया था। इसके दूसरे सीजन का भी एलान हो चुका है। दर्शक एक बार फिर से तगड़े मनोरंजन की उम्मीद लगाकर बैठे हैं।



पहाड़ों में बसना चाहती हैं श्रद्धा कपूर!

श्रद्धा कपूर इन दिनों वादियों में घूमने का आनंद ले रही हैं। श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने अपनी नई तस्वीरें साझा की हैं। इस तस्वीरों में श्रद्धा का पहाड़ों के लिए प्यार दिखाई दे रहा है। अभिनेत्री ने तस्वीरें साझा कर लिखा, किसकी मजाल है मुझे पहाड़ों से वापिस ले जाए? हालांकि एक्ट्रेस ने ये नहीं बताया है कि वे कहां घूम रही हैं।

थलाइवर 171 में रजनीकांत के साथ अभिनय का दम दिखाएंगे नागार्जुन

साउथ के सफल निर्देशक और निर्माता लोकेश कनगराज इन दिनों सुपरस्टार रजनीकांत के साथ अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई शीर्षक थलाइवर 171 है। इस फिल्म की घोषणा पिछले साल की गई थी। फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने अति रहती हैं, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनी रहती है। इसे पहले फिल्म की शूटिंग पर अपडेट दिया गया था। वहीं, अब फिल्म के कलाकार को लेकर नई जानकारी सामने आई है। थलाइवर 171 निस्संदेह सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है, जिसे प्रशंसक बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि फिल्म के निर्माताओं ने कोई बड़ा अपडेट नहीं दिया है, लेकिन फिल्म के कलाकारों को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं। अब चर्चा है कि तेलुगु सुपरस्टार नागार्जुन को रजनीकांत अभिनीत फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। हालांकि, इस अफवाह के समर्थन में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन कुछ तेलुगु रिपोर्ट्स का दावा है कि अभिनेता वास्तव में आगामी लोकेश कनगराज परियोजना का हिस्सा हैं और जल्द ही एक आधिकारिक अपडेट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, थलाइवर 171 की टीम इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए नागार्जुन के साथ बातचीत कर रही है। चर्चा में यह भी कहा गया है कि लोकेश कनगराज पहले ही परियोजना के संबंध में नागार्जुन के साथ चर्चा कर चुके हैं। हालांकि, अब इस पर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

फिल्म के लिए मानुषी बनीं नॉन वेजिटेरियन

बॉलीवुड स्टार्स फिल्मों में अपने किरदारों के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ-साथ अपनी आदतों को भी बदलने से परहेज नहीं करते। इस लिस्ट में मानुषी छिल्लर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के लिए मानुषी वेजिटेरियन से नॉन-वेजिटेरियन बन गईं। मानुषी को ऐसा क्यों करना पड़ा, इसका कारण उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है। इंटरव्यू में मानुषी ने कहा, मैं ताउम्र अपनी लाइफ में वेजिटेरियन रही। मैंने हमेशा से ये सोचा था कि मैं कभी नॉन वेज नहीं खाऊंगी लेकिन तभी मैंने बड़े मियां छोटे मियां साइन की। फिर मुझे कोविड को गया। मैं बहुत डर गई क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वेट कम हो क्योंकि मुझे बड़े मियां छोटे मियां के लिए मसल्स बिल्ड करने थे। मानुषी ने आगे कहा, तब मेरे पिता जो कि एक डॉक्टर हैं, उन्होंने मुझे मीट खाने की सलाह दी। पापा इस दौरान मेरी डाइट का बहुत ध्यान रखते थे। मैं उनसे हमेशा कहती थी कि प्लीज कुछ ऐसा बना दीजिए जो चिकन जैसा न लगे। वो डाइनिंग टेबल के पास बैठ जाते थे और मुझसे जबरदस्ती मेरा खाना फिनिश करवाते थे। मानुषी बोलीं, बड़े मियां छोटे मियां की ज्यादातर शूटिंग जॉर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन में हुई है और स्कॉटलैंड में ज्यादा वेज ऑप्शन नहीं मिलते थे और मीट ही मेरे लिए प्रोटीन का सबसे आसान सोर्स हुआ करता था।

कैमरे के सामने लौटने की इमरान की कोशिशों को झटका, बंद हुई अब्बास टायरवाला की सीरीज

आमिर खान के भांजे इमरान खान की कैमरे के सामने वापसी की कोशिशों को करारा झटका लगा है। बीते एक साल से इमरान खान अपनी इस वेब सीरीज को लेकर मीडिया में हाइप बनाते रहे हैं लेकिन, ऐन मौके पर इस सीरीज को रद्द कर दिया गया है। अब इमरान खान के पास फिलहाल कोई प्रोजेक्ट नहीं है और वह खुद मानते हैं कि उनकी वापसी में अब काफी वक्त लग सकता है।

निर्देशक अब्बास टायरवाला ने बीते साल इमरान खान को लेकर एक जासूसी सीरीज की योजना बनाई थी। एक नामचीन ओटीटी ने इसके लिए ग्रीन सिगनल भी दे दिया लेकिन इस साल की शुरुआत से ही इस सीरीज को लेकर नए सिरे से बातें शुरू हुईं। ओटीटी को लगा कि जिस तरह की भारतीय जासूसी सीरीज वे बनाना चाह रहे हैं, वैसा असर इमरान खान की सीरीज में दिख नहीं रहा। सीरीज का बजट भी इस योजना में अड़ंगा बना और आखिरकार ओटीटी ने इस सीरीज को रद्द करने का फैसला ले लिया है। इमरान खान इस सीरीज के रद्द होने से मायूस तो हैं लेकिन उनका मानना यही है कि जो होता है अच्छे के लिए ही होता है। सीरीज को लेकर उनके सुर भी अब बदल गए हैं। इमरान कहते हैं, 'हिंसक कहानियां मुझे वैसे भी पसंद नहीं रही हैं। हर विवाद का हल बंदूक नहीं हो सकती। बहुत ज्यादा हिंसा वाली कहानियां समाज के लिए भी अच्छी नहीं है। अगर हिंसक कृत्यों की परिणीति स्वाभाविक व प्राकृतिक न्याय के साथ नहीं होती है, तो ऐसी कहानियां कहना ठीक नहीं है।' अब, इमरान खान के पास फिलहाल कोई फिल्म या सीरीज नहीं है। अब सीरीज के बंद हो जाने के बाद इमरान खान की कैमरे के सामने वापसी फिर अधर में लटक गई है।

एक्टर आयुष शर्मा ने सलमान खान को लेकर दिया बयान

कहा - बनाएंगे अपनी अलग पहचान

आयुष शर्मा की शादी सलमान खान की बहन अर्पिता से हुई है। सलमान ने अपने बहनोई आयुष को साल 2018 में फिल्म लवयात्री से लॉन्च किया था। इसके बाद फिल्म अंतिम में भी सलमान खान एक्टर आयुष का साथ देते नजर आए थे। ऐसे में लगातार यह कहा जाता रहा है कि उन्हें सलमान का संरक्षण प्राप्त है, इस वजह से उन्हें आसानी से काम मिल जाता है। अब हाल ही में आयुष ने सलमान से जुड़े टैग पर खुलकर बात की है।

बॉलीवुड मे दबंग खान के नाम से मशहूर अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा अपनी अगली फिल्म के प्रमोशन मे व्यस्त हैं। वह लगातार खुद को इंडस्ट्री मे बतौर अभिनेता स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। आयुष इस वक्त अपनी आगामी फिल्म रुसलान को प्रमोट कर रहे हैं। यह पहला मौका है, जब अभिनेता ने अपनी फैमिली के प्रोडक्शन से बाहर की फिल्म की हैं। इससे पहले उनकी दोनों फिल्में फैमिली के प्रोडक्शन में ही बनी थीं। आयुष रुसलान से खुद को एक अभिनेता के तौर पर स्थापित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इंडस्ट्री में पांव जमाने को लेकर इस फिल्म की सफलता उनके लिए काफी जरूरी है। अब तक रिलीज हुई दोनों फिल्मों में उन्हें सलमान का साथ मिला था। सलमान की बहन अर्पिता से शादी के बंधन में बंधने के बाद साल 2018 में फिल्म लवयात्री से दबंग खान ने उन्हें लॉन्च किया था। इसके बाद फिल्म अंतिम में भी सलमान ने आयुष का साथ दिया था। ऐसे में लगातार यह कहा जाता रहा है कि उन्हें सलमान का संरक्षण प्राप्त है। उनके ऊपर दबंग खान का हाथ होने से उन्हें इंडस्ट्री मे काम आसानी से मिल गया। इस मसले पर आयुष ने प्रतिक्रिया दी है।

सलमान का टैग जुड़े होने पर बोले आयुष

अभिनेता आयुष शर्मा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रुसलानके प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान उनसे बतौर अभिनेता सलमान का टैग लगे होने को लेकर सवाल पूछा गया। इसके जवाब में उन्होनें कहा ,मैं किसी के विचारों से नहीं लड़ रहा, मेरे काम से ही लोगों की राय बदली जा सकती है। इसके अलावा मेरे बारे में कही जा रही किसी भी बात से मैं इनकार नही करता। सलमान ने मुझे लॉन्च किया, संरक्षण दिया उसके लिए मैं उनका आभारी हूं, लेकिन अब मैं इससे बाहर आ रहा हूं और मैं अपनी एक अलग पहचान बनाऊंगा।

अंतिम से मिली पहचान

आयुष ने आगे कहा, मेरा काम मेरे लिए बोलेगा, मैं पीछे मुड़कर ये नहीं कहूंगा कि लोगों ने मेरे बारे में ऐसी राय बनाई, अब मैं इसे स्वीकार करता हूं। मेरा काम है मेहनत करना और खुद को साबित करना। अपने बारे में लोगों की राय को बदलने का एकमात्र तरीका यही है कि मैं बेहतर काम करके दिखाऊं। अंतिम फिल्म से पहले लोगों की मुझमे कोई दिलचस्पी नही थी, लेकिन अंतिम के बाद मुझे थोड़ी पहचान मिली। मैं समझता हूं आपका काम ही आपके लिए बोलता है। बात करें फिल्म रुसलान की तो इसमें आयुष एक अलग अवतार मे नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनका हार्ड कोर एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। आयुष शर्मा के साथ इस फिल्म में दक्षिण सिनेमा के मशहूर अभिनेता जगपति बाबू, सुश्री मिश्रा, विद्या मालवडे भी अहम भूमिकाओं में नजर आंएगे।